दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, बुधवार, 19 मार्च 2025 शुक्ल पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-14 अंक- 37 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए

रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

नई दिल्ली में एक पर एक फ्री योजना की शानदार सफलता के बाद अब यह फॉर्मूला पंजाब में भी लागू होने जा रहा है। शराब की बोतल एक पर एक फ्री नहीं मिलेगी रे बाबा, एक मुख्यमंत्री पर एक और मुख्यमंत्री फ्री में मिलने जा रहा है। भगवंत सिंह मान सीएम रहेंगे ही अरविंद केजरीवाल सुपर सीएम होंगे। नई दिल्ली के लोगों ने घुंघरू सेठ की कद्र नहीं की और उन्हें बेआबरू कर कूचे से निकाल दिया, लेकिन पंजाब के लोग दरियादिल हैं वे घुंघरू सेठ को सिर माथे पर बिठाएंगे और भांगडा करते हुए गाएंगे - बोलो ता रा..रा..रा!

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री से मिले राहुल

नयी दिल्ली (वार्ता)। लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज यहां भारत यात्रा पर आये न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्स से मुलाकात की। कांग्रेस सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दोनों नेताओं

के बीच मंगलवार की सुबह यहां मुलाकात हुई जिसे दोनों देशों के बीच संबंधों को बढ़ाने को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी ने कहा गांधी और लक्सन की यह मुलाकात बहुत महत्वपूर्ण है। मुलाकात को दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों नेताओं ने इस दौरान आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों पर चर्चा की। यह मुलाकात भारत और न्यूजीलैंड के बीच सहयोग को बढ़ाने की दिशा में एक कदम हो सकता है।

बुधवार सुबह 11 बजे तक लोकसभा की कार्यवाही स्थगित: विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही एक बार स्थगन के बाद बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। उससे पहले लोकसभा ने 2025-26 के लिए रेल मंत्रालय से संबंधित अनुदान मांगों को पारित किया।

1981 के हैवानों को 44 साल बाद फांसी

मैनपुरी (ए.)। मुखबिरी करने का आरोप लगा डाकुओं के गैंग ने थाना जसराना के दिहुली में जमकर लूटपाट करने के साथ ही सामूहिक नरसंहार की वारदात को अंजाम दिया था। 44 वर्ष पूर्व हुए नरसंहार में 24 लोगों की मौत होने के साथ नौ लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। मामले में अदालत ने तीन लोगों को हत्या एवं अन्य गंभीर धाराओं में दोषी माना है। आज अदालत ने तीन दोषियों को फांसी की सजा सुनाई। इसके साथ ही दो दोषियों पर दो-दो लाख और एक दोषी पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। सजा सुनते ही तीनों के चेहरों पर मायूसी छा गई। यह रोने लगे। कोर्ट के बाहर इनके परिजन भी मौजूद थे, वह भी रोने लगे। इसके बाद पुलिस ने इन्हें जेल ले जाकर दाखिल कर दिया।

पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड : एसआईटी ने कोर्ट में पेश की 1200 पन्नों की चार्जशीट

बीजापुर/नवप्रदेश। पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड में विशेष जांच दल ने 75 दिनों की जांच के बाद लगभग 1200 से अधिक पन्नों की चार्जशीट बीजापुर व्यवहार न्यायालय में पेश की है। चार्जशीट में 762 पन्नों का चालान और 479 पन्नों की कैश डायरी शामिल है। मामले में एसआईटी ने साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर आरोपित सुरेश चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर, रितेश चंद्राकर और महेंद्र रामटेके के खिलाफ यह विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार की है।

हत्याकांड की क्राइम सीन : गौरतलब है कि 1 जनवरी 2025 की रात ठेकेदार सुरेश चंद्राकर समेत चार आरोपियों ने मिलकर पत्रकार मुकेश चंद्राकर की बेरहमी से हत्या कर दी थी।

पुलिस भर्ती गड़बड़ी

सीबीआई जांच पर अड़ा विपक्ष

गृह मंत्री शर्मा बोले-गड़बड़ी करने वाले 16 जेल में हैं और भी लोग जाएंगे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में मंगलवार को पुलिस भर्ती और भर्ती में शिकायतों का मामला गूंजा। कांग्रेस विधायक द्वारकाधीश यादव ने मुद्दा उठाते हुए केवल आरक्षक पर हुई कार्रवाई पर सवाल उठाते मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। इस पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अच्छा है अब विपक्ष को अब केंद्रीय एजेंसियों पर भरोसा हो गया है।

लोकतंत्र के मंदिर में ये प्रमुख मुद्दे गूंजे

- पीएचई में भर्ती प्रक्रिया में योग्यता और अयोग्यता का मामला
- पुलिस भर्ती में हुई गड़बड़ी की जांच
- महतारी सदन के निर्माण में भेदभाव का आरोप
- नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यय का मामला
- पीएमजीएसवाय के अधूरे कार्यों पर उठे सवाल

ऐसे चले सवालों के तीर

सवाल- कांग्रेस विधायक द्वारकाधीश यादव ने पुलिस भर्ती का मुद्दा उठाते हुए जिलेवार भर्ती की जानकारी मांगी। फरवरी 2025 तक रिक्त पदों की संख्या कितनी है? कब तक पर्याप्त भर्ती होगी? इसके साथ भर्ती में त्रुटि और कार्यवाही की जानकारी भी मांगी।

जवाब-डीएप्टी सीएम विजय शर्मा ने जवाब देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में वर्तमान में पुलिस भर्ती प्रक्रिया ने शिकायतों की संख्या 1 जनवरी 2024 से 15 फरवरी 2025 तक बिलासपुर जिले में 2 शिकायत प्राप्त हुई है, और राजनांदगांव में एक उपनिरीक्षक से शिकायत प्राप्त हुई है। इस मामले कार्रवाई की गई है. उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया विचाराधीन है।

सवाल-विधायक द्वारकाधीश यादव ने इस पर कहा कि आपने आरक्षक पर कार्रवाई की, लेकिन क्या आरक्षक गड़बड़ी कर सकता है? सक्षम अधिकारी पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

जवाब-इस पर विजय शर्मा ने कहा कि शिकायत पर परीक्षा को ही निरस्त कर दिया गया। बिलासपुर में 129 प्रकरण पाए गए. इस मामले में 95 हजार वीडियो देखे गए हैं फिर कार्रवाई की गई। मामला न्यायलय में इसलिए बहुत कुछ नहीं कह सकता हूं।

सवाल-विधायक द्वारकाधीश यादव ने कहा कार्रवाई जो हुई सिर्फ आरक्षक पर हुई। अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस मामले में सीबीआई जांच होनी चाहिए।

जवाब-विजय शर्मा ने कहा कि अच्छा है अब सदन के विपक्ष सदस्यों को अब केंद्रीय एजेंसियों पर भरोसा हो गया है। यह वही भर्ती है, जो आपकी सरकार में नहीं हो सकी। हमने कोई भी कार्रवाई छुपाई नहीं, बल्कि हाई कोर्ट में जाकर 129 प्रकरण हमने पुटअप किए हैं। हमने जिसको दोषी पाया कार्रवाई की।

कांग्रेस विधायक चातुरीनंद ने भी उठाया सवाल : ने कहा कि मेरे क्षेत्र में एक आरक्षक ने आत्महत्या की उस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई।

जवाब- विजय शर्मा ने कहा कि इस मामले में आईजी खुद जांच कर रहे हैं। 16 लोग जेल में हैं। कार्रवाई आगे बड़ी है। निश्चित ही कार्रवाई होगी।

मूणत के साथ महंत ने उठाया पीएचई में उप अभियंताओं की भर्ती का मामला

विधानसभा में मंगलवार को ध्यानाकर्षण काल में पीएचई विभाग में उप अभियंताओं की भर्ती का मामला उठा। भाजपा विधायक राजेश मूणत के साथ नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने ध्यानाकर्षण लाते हुए कहा कि सिविल इंजीनियरिंग करने वाले डिप्लोमाधारी योग्य, लेकिन डिग्रीधारी योग्य नहीं हैं।

डिप्लोमाधारी योग्य, लेकिन डिग्रीधारी अयोग्य पर घिरे साव

भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कहा कि ज्यादा पढ़ने वाले अयोग्य, और कम पढ़ने वाले कैसे योग्य हो जाते हैं। पीडब्ल्यूडी की भर्ती में ये योग्य हो जाते हैं, लेकिन पीएचई की भर्ती में अयोग्य हो जाएंगे। इसमें नियमों का परीक्षण किया या नहीं। 2017 में आपके विभाग ने ही डिग्रीधारी को सब इंजीनियर बनाया था, आज क्यों नहीं? इस पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि प्रदेश में 30 से अधिक पॉलिटेक्निक कॉलेज हैं, जिनसे हर साल 8 हजार युवा पढ़कर निकलते हैं। सबके लिए अलग-अलग भर्ती नियम और व्यवस्था है। 1977 से यही भर्ती नियम चला आ रहा है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला, निर्देश मानेंगे या नहीं मानेंगे। इस पर उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि इस प्रकरण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

डिप्टी सीएम को डॉ. रमन सिंह की नसीहत, कहा-कम से कम चलने लायक सड़क तो बनवा दीजिए

विधानसभा में मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान विधायक विक्रम उसेंडी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पखांजूर से मायापुर तक सड़क निर्माण का मामला उठाया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के 15 जून तक कार्य पूरा करने में असमर्थता जताए जाने पर अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि बरसात से पहले कम से कम माइनर रिपेयर का काम हो जाए, और सड़क चलने लायक हो जाए। विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि बरसात के पहले यह कार्य ध्यानाकर्षण में पूरा करने की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक कार्य क्यों नहीं किया गया? इस पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि 26 जुलाई 2024 के ध्यानाकर्षण में मैने स्ट्रेंथनिंग की घोषणा की थी, और कार्य की पूरा करने की कोशिश भी की गई थी। चूंकि महाराष्ट्र का बॉडर जुड़ गया है तो काफी हैवी ट्रैफिक थी, जिसकी वजह से थोड़ी परेशानी आई, लेकिन इसे जल्द ही कर लिया जाएगा।

कांग्रेस विधायक ने पीएमजीएसवाय के अधूरे कार्य पर उठाया सवाल

इस पर विधायक ने कहा कि कम से कम बरसात के बाद आपने काम शुरू करने की बात की थी, उस लिहाज से अब तक तो पैच रिपेयर का काम शुरू करना चाहिए था। क्या 15 जून के पहले तक सड़क बन पाएगी? इस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे बजट में लाकर बनाने वाली स्थिति थी, इसलिए यह कार्य शीघ्र कर लिया जाएगा। विधायक ने कहा कि अपने पास समय भी था कि अनुपूरक में इसका लगभग कार्य किया जा सकता था, क्या इसे बरसात के पहले पूरा कर लिया जाएगा? इस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 जून से पहले सड़क का कार्य नहीं हो पाएगा, लेकिन जो रिपेयरिंग का कार्य कहा जा रहा है, इसे मैं दिखवा लेता हूं। इस पर अध्यक्ष ने कहा कि कम से कम माइनर रिपेयर का काम हो जाए और सड़क चलने लायक हो जाए।

■ विधानसभा की खबरें पेज 3 पर भी देखें।

सुनीता और बैरी बुधवार तड़के 3.27 बजे धरती पर वापस आएंगे

नई दिल्ली (ए.)। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में फंसी नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर को लेकर स्पेसएक्स का ड्रैगन कैप्सूल धरती के लिए रवाना हो चुका है। सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के 3.27 बजे धरती पर वापस आएंगे। सुनीत विलियम्स समेत तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री मंगलवार सुबह आईएसएस से अनडॉक हो गए। अंतरिक्ष यात्रियों का यह सफर 17 घंटे का है। अंतरिक्ष यात्री फ्लोरिडा के तट पर उतरेंगे। लेकिन क्या आप जानते

हैं कि एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के जिस ड्रैगन कैप्सूल यानी अंतरिक्ष यान की सीट पर बैठकर सुनीता विलियम्स वापस आएंगी, उसका किराया कितना है। सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर सिर्फ आठ दिन के मिशन पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर गए थे, लेकिन बोइंग स्टारलाइनर में खराबी के कारण उन्हें नौ महीने तक अंतरिक्ष में रहना पड़ा। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आधार कार्ड से लिंक होगा मतदाता पहचान पत्र

नई दिल्ली (ए.)। अब मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक किया जाएगा। मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त और केंद्रीय गृह सचिव की बैठक में यह फैसला लिया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने निर्वाचन सदन नई दिल्ली में केंद्रीय गृह सचिव, विधायी विभाग के सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव और यूआईडीएआई के सीईओ तथा चुनाव आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों के साथ बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया कि मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने का काम संविधान के अनुच्छेद 326 के प्रावधानों के अनुसार ही किया जाएगा। कहा गया कि इस संबंध में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण और चुनाव आयोग के तकनीकी विशेषज्ञ जल्द ही आगे की चर्चा करेंगे।

पीएम मोदी के समक्ष साय ने बस्तर के विकास का मास्टर प्लान किया प्रस्तुत

■ साय ने मोदी से की मुलाकात, प्रस्तावित छत्तीसगढ़ दौरे की रूपरेखा साझा की

नयी दिल्ली (वार्ता)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उनके 30 मार्च को राज्य के प्रस्तावित दौरे की रूपरेखा साझा की।

प्रधानमंत्री के साथ बैठक में साय ने बस्तर विकास के मास्टर प्लान का खाका प्रस्तुत किया, जिसमें नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को

महाकुंभ से अनेक अमृत निकले हैं एकता इसका पवित्र प्रसाद : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि प्रयागराज में गंगा यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के त्रिवेणी संगम पर आयोजित महाकुंभ ने आज के बिखराव भरे विश्व में भारत की एकता एवं राष्ट्रीय चेतना का विराट प्रदर्शन किया है और हमारा दायित्व है कि अनेकता में एकता को हम बढ़ाते रहें एवं राष्ट्रीय चेतना को जागृत रखें।

गरमा-गरम

अश्लील सीडी कांड

सीबीआई का दावा-नए दस्तावेजी साक्ष्य और गवाहों के आधार पर महत्वपूर्ण जानकारियां आई हैं सामने

पूर्व सीएम भूपेश के खिलाफ सीबीआई की रिवीजन याचिका, 4 अप्रैल को होगी सुनवाई

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मुश्किलें फिर से बढ़ सकती हैं, क्योंकि सीबीआई ने उनके खिलाफ अश्लील सीडी कांड में रिवीजन याचिका दायर की है। इस याचिका पर सुनवाई 4 अप्रैल को सीबीआई की विशेष अदालत में होगी। मामले में सभी पक्षों को समन जारी करने की प्रक्रिया जारी है।

सीबीआई ने जिला न्यायालय के फैसले को दी चुनौती

सीबीआई ने 11 मार्च को रायपुर जिला न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए रिवीजन याचिका दाखिल की। सीबीआई ने याचिका में भूपेश बघेल को आरोपित बनाने की मांग की है और दावा किया है कि नए दस्तावेजी साक्ष्य और गवाहों के आधार पर महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई हैं, जिससे केस की दोबारा सुनवाई जरूरी हो गई है।

4 अप्रैल को अहम सुनवाई, बढ़ सकती हैं भूपेश बघेल की मुश्किलें

सीबीआई की इस कार्रवाई के बाद भूपेश बघेल की कानूनी चुनौतियां बढ़ सकती हैं। यदि विशेष अदालत सीबीआई की याचिका स्वीकार



करती है, तो भूपेश बघेल को कोर्ट में पेश होना पड़ सकता है और मामले की नई सुनवाई शुरू हो सकती है।

क्या है पूरा मामला ?

छत्तीसगढ़ में सेक्स सीडी कांड का मामला अक्टूबर 2017 में आया था। इसमें दावा किया गया कि इस सेक्स सीडी कांड में तत्कालीन मंत्री राजेश मूणत हैं। इसके बाद रायपुर के सिविल लाइन थाने में केस दर्ज किया गया। इस मामले में पुलिस ने दिल्ली से पत्रकार विनोद वर्मा को गिरफ्तार किया था। कांग्रेस ने इसे साजिश बताया था, जिसके बाद इस मामले में सितंबर 2018 में भूपेश बघेल की गिरफ्तारी हुई थी। भूपेश बघेल उस समय छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष थे। इस पूरे मामले में भूपेश बघेल पर साजिश रचने का आरोप लगा था, जिसके बाद भूपेश बघेल कोर्ट में जमानत लेने से इनकार कर दिया था। बघेल के समर्थन में छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने जगह-जगह प्रदर्शन किए थे। भूपेश बघेल की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह सभाएं की थी। 2018 में विधानसभा चुनाव हुए थे। इस विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को जीत मिली थी, जिसके बाद भूपेश बघेल राज्य के मुख्यमंत्री बने थे।

कौन-कौन हैं आरोपी

सेक्स सीडी कांड मामले में मुख्य आरोपी कैलाश मुरारका, पूर्व सीएम के मीडिया सलाहकार रहे विनोद वर्मा, भूपेश बघेल, विजय पांड्या, विजय भाटिया को आरोपी बनाया गया है। जबकि इस मामले के आरोपी रिंकू खनूजा की मौत हो चुकी है।

जॉर्ज सोरोस से जुड़ी संस्थाओं पर ईडी का एक्शन, बेंगलुरु में मारे ताबड़तोड़ छापे

बेंगलुरु। भारत में सरकार के खिलाफ जनमत तैयार करने के लिए फंडिंग के आरोपों से घिरे कारोबारी जॉर्ज सोरोस से जुड़ी संस्था पर ईडी ने छापेमारी की है। मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने ओपन सोसायटी फाउंडेशन से जुड़े लोगों पर छापेमारी की। इसके अलावा इस्स्न से जुड़ी कुछ अन्य कंपनियों पर भी रेड मारी गई है। आरोप है कि इन कंपनियों ने जॉर्ज सोरोस की संस्था के माध्यम से फॉरेन एक्सचेंज की गड़बड़ी की है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार एमनेस्टी इंटरनेशनल के पूर्व कर्मचारियों के ठिकानों पर यह रेड मारी गई है।

मनेस्टी इंटरनेशनल पर भारत में कामकाज करने पर दिसंबर 2020 में रोक लगा दी गई थी। इसके अलावा उसके बैंक खातों को भी सरकार ने सीज करने का आदेश दिया था क्योंकि अवैध रूप से विदेशी फंडिंग हासिल करने का आरोप था।

आरोप है कि ह्यूमन राइट्स वॉच और एमनेस्टी इंटरनेशनल को जॉर्ज सोरोस के ओपन सोसायटी फाउंडेशन से फंडिंग मिलती रही है। एमनेस्टी इंटरनेशनल के खिलाफ सीबीआई और ईडी जांच कर चुकी हैं और चार्जशीट भी दाखिल की गई थी।

हंगरी मूल के अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस पर भाजपा आरोप लगाती रही है कि वह भारत विरोधी नैरेटिव के लिए फंडिंग करते रहे हैं। जॉर्ज सोरोस की एक संस्था के कार्यक्रम से सोनिया गांधी का लिंक बताते हुए कांग्रेस पर भी भाजपा ने तीखा हमला बोला था।

अब तक नहीं आया जॉर्ज सोरोस का कोई जवाब

ईडी की कार्रवाई पर ओएसएफ की तरफ से फिलहाल कोई रिएक्शन नहीं आया है। हंगरी-अमेरिकी राजनीतिक कार्यकर्ता सोरोस और उसके संगठन ओएसएफ पर सत्तारूढ़ भाजपा ने भारत के हितों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया है। अडानी-हिंडनबर्ग विवाद के दौरान उनके बयानों की भी पार्टी ने आलोचना की थी। ओएसएफ ने 1999 में भारत में संचालन शुरू किया था। भारत के अलावा चीन, रूस जैसे देशों में भी सरकारों को अस्थिर करने के मकसद से जॉर्ज सोरोस फंडिंग देने के लिए कुख्यात रहे हैं।

एक ही साल में हो गई 4 लाख डॉलर से ज्यादा की फंडिंग

जानकारी के अनुसार ओपन सोसायटी फाउंडेशन की ओर से ह्यूमन राउट्स, न्याय और जवाबदेह सरकार जैसे एजेंडों के नाम पर फंडिंग की जाती रही है। जॉर्ज सोरोस की संस्थाओं ने भारत में अकेले 2021 में ही 4 लाख डॉलर से ज्यादा की रकम खर्च की थी। सूत्रों ने बताया कि विदेशी मुद्रा विनिमय के तहत ओएसएफ और कुछ अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों के परिसरों की तलाशी ली जा रही है। उन्होंने कहा कि यह मामला ओएसएफ द्वारा कथित रूप से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्राप्त करने और कुछ लाभार्थियों द्वारा फेमा दिशा-निर्देशों का कथित उल्लंघन कर फंडस का उपयोग किए जाने से संबंधित है।

वैष्णो देवी मंदिर के भवन की सुरक्षा में सेंध

जम्मू। माता वैष्णो देवी मंदिर के भवन में एक महिला सुरक्षा जांच को तोड़ते हुए पिस्तौल लेकर पहुंच गई। घटना 14-15 मार्च 2025 की रात की है। महिला की पहचान ज्योति गुप्ता के रूप में हुई है, जो दिल्ली पुलिस में कार्यरत है। हथियार का लाइसेंस एक्सपायर हो चुका था। रियासी पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है और हथियार जब्त कर लिया है। कटरा में पुलिस स्टेशन भवन में एफआईआर दर्ज की गई है, आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पहले यह जानकारी आई थी कि पकड़ी गई महिला दिल्ली पुलिस में कार्यरत है, हालांकि बाद में यह रियासी एसएसपी परमिंदर सिंह ने कहा कि स्पष्ट किया कि गिरफ्तार महिला दिल्ली पुलिस में काम नहीं करती है।

सीएम यादव समेत कैबिनेट के सदस्यों ने देखी फिल्म 'छावा'

भोपाल(वार्ता)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव समेत मंत्रिपरिषद् के अन्य सदस्यों ने 17वीं सदी में शासक रहे छत्रपति संभाजीराव महाराज के जीवन और संघर्ष पर बनी फिल्म 'छावा' देखी। कल शाम स्थानीय अशोका लेक व्यू परिसर में ओपन थियेटर में हुए फिल्म के विशेष प्रदर्शन को मुख्यमंत्री डॉ यादव के अलावा विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री परिषद के सदस्यों और अनेक जन प्रतिनिधियों ने देखा और फिल्म की सराहना की। लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म को मध्यप्रदेश सरकार ने टैक्स फ्री भी किया है।

ईरान को हूती हमलों के लिए गंभीर परिणाम भुगतने होंगे

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि यमन स्थित हूतियों की ओर से किए गए आगे के हमलों के लिए ईरान को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, "अब से हूतियों की ओर से चलाई गई हर गोली को ईरान के हथियारों और नेतृत्व से चलाई गई गोली माना जाएगा। ईरान को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा और उसे इसके परिणाम भुगतने होंगे, जो बहुत भयानक होंगे!"

औषधीय पौधों की 'क्षेत्रीय क्रेता-विक्रेता बैठक' शुरू

चंडीगढ़(वार्ता)। चंडीगढ़ के तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को दो दिवसीय 'क्षेत्रीय क्रेता-विक्रेता बैठक' शुरू हुई। इस मीट का आयोजन आरसीएफसी एनआर-1, एनएमपीबी, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया, जिसमें औषधीय पौधों के क्षेत्र में उद्योग अंतर्दृष्टि, बाजार अवलोकन और अवसरों पर चर्चा की गयी।

महाराष्ट्र में कब्र या मजार को क्षति पहुंचाना ठीक नहीं

लखनऊ(वार्ता)। नागपुर में हुयी हिंसक झड़प पर चिंता व्यक्त करते हुये बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने कहा कि महाराष्ट्र में किसी भी कब्र अथवा मजार को क्षति पहुंचाना ठीक नहीं है और महाराष्ट्र सरकार को हिंसा के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की जरुरत है। सुश्री मायावती ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया महाराष्ट्र में किसी की भी कब्र व मज़ार आदि को क्षति पहुँचाना व तोड़ना ठीक नहीं, क्योंकि इससे वहां आपसी भाईचारा, शान्ति व सौहार्द आदि बिगड़ रहा है। सरकार ऐसे मामलों में खासकर नागपुर के अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करे वरना हालात काफी बिगड़ सकते हैं, जो ठीक नहीं।

रूस के अपार्टमेंट में आग लगने से छह की मौत

मास्को(वार्ता)। रूस के बश्कोर्तोस्तान गणराज्य के एक गांव में दो मंजिला अपार्टमेंट की इमारत में आग लगने से पांच बच्चों सहित 6 लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय आपातकालीन सेवाओं ने मंगलवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर यह जानकारी दी। आग मंगलवार सुबह इमारत की दूसरी मंजिल पर एक छत से लगी थी। जब तक आपातकालीन प्रतिक्रिया दल पहुंचे, तब तक आग बुझ चुकी थी और आग 2.5 वर्ग मीटर तक सीमित हो गई थी। बचाव दल को अपार्टमेंट के अंदर तीन लड़कियों, दो लड़कों और एक 33 वर्षीय व्यक्ति के शव पाए मिले।

शहर में निषेझ्ञा जारी, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

औरंगजेब विवाद के बीच नागपुर में तनाव दो गुटों में पथराव-आगजनी और तोड़फोड़

मुंबई। महाराष्ट्र में नागपुर के महल इलाके में सोमवार को पथराव और आगजनी की घटना हुई। इसके बाद नागपुर पुलिस ने शहर में निषेधाज्ञा जारी कर दी है। अब तक 20 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधिकारी अपराधियों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज और उनके पास मौजूद दूसरे वीडियो क्लिप्स को खंगाल रहे हैं। इस मामले में स्त्रढ्ढक्र दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस ने शहर में शांति बनाए रखने और नागपुर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील भी की है।

नागपुर पुलिस आयुक्त डॉ रविंदर सिंघल ने कहा, 'फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। एक तस्वीर जलाई गई थी जिसके बाद लोग जमा हुए और उनके निवेदन पर हमने कार्रवाई की। लोगों का प्रतिनिधिमंडल मुझसे मिलने मेरे ऑफिस भी आया था। हमने एफआईआर दर्ज की है। यह घटना देर शाम करीब 8:30 बजे की है। 2 वाहन जलाए गए हैं।' इस बीच, पुलिस ने महल में तलाशी अभियान चलाया। न्यूज एजेंसी एएनआई ने कई वीडियो फुटेज जारी किए हैं जिनमें पुलिस अधिकारियों को ऐक्शन लेते देखा जा सकता है।

38 दोपहिया वाहनों, 5 कारों को नुकसान

अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, नागपुर में सोमवार की रात हिंसा करते हुए उपद्रवियों ने 38 दोपहिया वाहनों को नुकसान हुआ है। 5 कारों को नुकसान पहुंचाया गया है। इसके अलावा 2 जेसीबी और 1 क्रेन को भी नुकसान पहुंचाया गया है। इसके अलावा एक सरकारी वाहन को नुकसान पहुंचाया गया है।

5 नागरिक, 33 पुलिसकर्मी जख्मी

जख्मियों की संख्या का जिक्र किया जाए तो इस हिंसा में 5 नागरिक जख्मी हुए हैं। इन्हें नागपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 5 में से 3 को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गयी है। दो का इलाज चल रहा है। इनमें से एक आईसीयू में है। 33 पुलिस कर्मचारी और अधिकारी घायल हुए हैं। इनमें 1 पुलिस उपायुक्त घायल हुए हैं, 1 सह पुलिस आयुक्त, पुलिस निरीक्षक/पुलिस उप निरीक्षक 14 और कर्मचारी 15 घायल हुए हैं।

सख्त कदम उठाने की जरूरत

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड्णवीस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा, 'नागपुर के महल इलाके में जिस तरह से स्थिति तनावपूर्ण हुई, वह बेहद निंदनीय है। कुछ लोगों ने पुलिस पर भी पत्थरबाजी की। यह गलत है। मैं स्थिति पर नजर रख रहा हूं। मैंने पुलिस कमिश्नर से कहा है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जो भी सख्त कदम उठाने की जरूरत है, उठाएं। अगर कोई दंगा करता है या पुलिस पर पत्थरबाजी करता है या समाज में तनाव पैदा करता है, तो ऐसे सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। मैं सभी से अपील करता हूं कि वे नागपुर की शांति को भंग न होने दें। अगर कोई तनाव पैदा करने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।'

5 एफआईआर दर्ज हुए

जानकारी के अनुसार 2 FIR गणेश पेठ थाने के तहत हुए हैं, तो वहीं, 3 FIR तहसील पुलिस थाने के अंतर्गत किए गए हैं। पुलिस ने अब तक 47 लोगों को डिटेन किया है। नागपुर के जोन 3, जोन 4, जोन 5 के अंतर्गत सभी पुलिस थाने के क्षेत्र में कर्फ्यू लगाया गया है।

नागपुर पुलिस ने हिंसा के मामले में अब तक 5 FIR दर्ज किए हैं। जिन घरों पर, जिन वाहनों का नुकसान हुआ है, उसका पंचनामा शुरू कर दिया गया है। अब तक मिली

नागपुर हिंसा पर भड़के आदित्य ठाकरे

भाजपा महाराष्ट्र को अगला मणिपुर बनाना चाहती है

मुंबई। शिवसेना (UBT) नेता आदित्य ठाकरे ने मंगलवार को नागपुर हिंसा को लेकर महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फड्णवीस के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार महाराष्ट्र को अगला मणिपुर बनाना चाहती है। हिंसा से निपटने के सरकार के तरीके पर भी उन्होंने सवाल उठाए। ठाकरे ने कहा कि नागपुर हिंसा को लेकर सीएमओ ने प्रतिक्रिया क्यों नहीं दी? ऐसी घटनाएं होने से पहले ही जानकारी सरकार और गृह विभाग को लग जाती है। क्या सरकार को इस बारे में जानकारी नहीं लगी थी? ठाकरे ने भारत की वियतनाम के साथ तुलना की। उन्होंने कहा कि भारत की तुलना में छोटा और कम आबादी वाला देश निरंतर तेजी से प्रगति कर रहा है, जिसने इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में दुनियाभर में नाम कमाया है।

मणिपुर में 2023 से हिंसा हो रही है, पूरा राज्य जल रहा है। क्या अब वहां निवेश होगा, टूरिज्म बढ़ेगा? कहीं न कहीं सरकार महाराष्ट्र को उसी दिशा में ले जा रही है। वियतनाम भारत की तुलना में इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में 3 गुना आगे है। हमारे देश को बीजेपी जिलों, धर्मों और जातियों में बांटने का काम कर रही है। इससे पहले नागपुर हिंसा को लेकर सीएम देवेंद्र फड्णवीस का बयान भी सामने आया था। फड्णवीस ने कहा था कि हिंसा को सुनियोजित ढंग से अंजाम दिया गया। पहले अफवाह फैलाई गई कि धार्मिक सामग्री जलाई गई है। इसको लेकर नागपुर में विश्व हिंदू परिषद (VHP) और बजरंग दल ने जोरदार प्रदर्शन भी किया था।

छावा फिल्म ने भड़काया गुस्सा

फड्णवीस ने कहा कि हिंसा वाली जगहों पर पत्थरों से भरी एक ट्रॉली मिली है। उपद्रवियों ने खास घरों और संस्थानों को ही निशाना बनाया है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वे कोई भी हों। छावा फिल्म ने औरंगजेब के खिलाफ लोगों के गुस्से को भड़का दिया है, लेकिन फिर भी सभी को महाराष्ट्र में शांति बनाए रखनी चाहिए। हम जाति या धर्म की परवाह किए बिना कार्रवाई करेंगे।

समुद्र में क्रैश हुआ प्लेन, हादसे में 7 की मौत

वाशिंगटन। सोमवार रात होंडुरास के कैरिबियन तट पर प्लेन क्रैश में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दस लोगों को मलबे से बचा लिया गया। अधिकारियों ने दुर्घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि होंडुरास के रोआतान द्वीप से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद एक विमान समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दस लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। यह हादसा सोमवार रात को हुआ। हादसे में जाने-माने संगीतकार ऑरेलियो मार्टिनेज सुवाजो की भी मौत हो गई। यह जेटस्ट्रीम विमान होंडुरास की एयरलाइन लांसा द्वारा संचालित किया जा रहा था। विमान में 14 यात्री और 3 क्रू मेंबर सवार थे। यह उड़ान रोआतान द्वीप से होंडुरास के ला सेइबा एयर पोर्ट के लिए जा रही थी। दुर्घटनाग्रस्त विमान का मलबा द्वीप के तट से लगभग एक किलोमीटर दूर मिला। परिवहन मंत्री रेने पिनेडा के अनुसार, मलबा द्वीप के तट से लगभग 1 किलोमीटर दूर पाया गया।

स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, यात्रियों में एक अमेरिकी नागरिक, एक फ्रांसीसी नागरिक और दो नाबालिग शामिल थे।

इंडोनेशिया में भूकंप में एक व्यक्ति की मौत,एक घायल

जकार्ता(वार्ता)। इंडोनेशिया के उत्तरी प्रांत सुमात्रा में 18 फरवरी मंगलवार को आये तीव्रता वाले भूकम्प में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। और सुमात्रा से पहले मालुकु और पूर्वी नुसा तेंगारा में भी दो भूकंप आए।

सक्षम और दिव्यांग से अलग यूपीएससी परीक्षा नहीं ले सकते

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व आईएएस प्रोबेशनर अधिकारी पूजा खेडकर से कहा कि वे सक्षम और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए अलग-अलग परीक्षा नहीं दे सकती। पूजा खेडकर पर फर्जी तरीके से सिविल सेवा परीक्षा में दिव्यांग और ओबीसी कोटे का फायदा लेने और धोखाधड़ी करने का आरोप है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पूजा खेडकर की याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 15 अप्रैल की तारीख तय की है।

पूजा खेडकर के वकील ने दिल्ली सरकार के हलफनामे का जवाब देने के लिए कुछ समय देने की मांग की थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल की तारीख तय की। साथ ही अदालत ने 15 अप्रैल तक ही पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से राहत दे दी। दिल्ली सरकार की तरफ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने पूजा खेडकर को राहत देने का विरोध किया और कहा कि उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ करने की जरूरत है ताकि उस मध्यस्थ के बारे में पता चल सके, जिसकी मदद से उन्होंने फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाया। एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि दिव्यांग प्रमाण पत्र की वजह से पूजा खेडकर को सिविल सेवा परीक्षा देने का अतिरिक्त मौका मिला। पूजा खेडकर की तरफ से वरिष्ठ वकील बीना माधवन अदालत में पेश हुईं। उन्होंने कहा कि हम जांच एजेंसी के साथ पूछताछ में सहयोग के लिए तैयार हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी से 15 अप्रैल तक दी राहत

लालू को ईडी का समन, नौकरी के बदले जमीन घोटाले में पूछताछ, राबड़ी-तेजप्रताप को भी बुलाया

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव को ईडी ने समन जारी किया है। एजेंसी ने यह समन नौकरी के बदले जमीन घोटाले के मामले में पूछताछ के लिए भेजा है। इस मामले की जांच शुरुआत में सीबीआई ने ही थी, लेकिन मनी लॉन्ड्रिंग का भी ऐंगल जुड़ा होने से ईडी की भी इस केस में एंट्री हुई। यह मामला 2004-09 के बीच का है, जब यूपीए सरकार में लालू यादव रेल मंत्री हुआ करते थे। अधिकारियों का कहना है कि लालू के अलावा उनके बेटे तेज प्रताप यादव और पत्नी राबड़ी देवी को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। मंगलवार को परिवार के तीनों लोगों को एजेंसी ने तलब किया है। आरोप है कि नौकरी के बदले जमीन घोटाले के तहत रेलवे की ग्रुप डी की नौकरियां देने के बदले जमीनें लिखवा ली गईं। इसके लिए भर्ती के नियमों का भी खुला उल्लंघन हुआ। आरोप है कि भर्ती में शामिल लोगों या फिर उनके परिवार जनों ने जमीनों को औने-पौने दामों पर बेच डाला। इन जमीनों को मार्केट रेट से एक चौथाई तक के भाव पर ही लालू यादव के करीबियों और उनके परिवार के लोगों ने अपने नाम करा लिया। इस मामले में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की थी और उसी के आधार पर ईडी ने भी इस मामले की जांच संभाली है। इस मामले में दोनों ही एजेंसियों की ओर से कई चाजर्शीट दाखिल हो चुकी हैं। लालू यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी भी एजेंसियों को मिल चुकी है। ईडी ने अगस्त 2024 में एक चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें उसका कहना था कि लालू यादव के करीबी अमित कात्याल ने एके इन्फोसिस्टम्स नाम की कंपनी बनाई थी। इस कंपनी के नाम पर ही पटना में कई जमीनें लिखवाई गई थीं। इन जमीनों को कंपनी के नाम पर लिखवाने के बाद अमित कात्याल ने कंपनी की 100 फीसदी शेयरहोल्डिंग लालू परिवार को सौंप दी। इसमें 85 फीसदी हिस्सेदारी राबड़ी देवी के नाम पर दिखाई गई, जबकि 15 पर्सेंट तेजस्वी यादव को मिली।

ईडी ने कहा था, 'एके इन्फोसिस्टम्स के पास जो संपत्ति मौजूद थी। उसका सरकारी भाव 1.89 करोड़ रुपये था। इसके बाद भी उसकी सारी शेयरहोल्डिंग महज 1 लाख रुपये में राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को ट्रांसफर कर दी गई। यदि मार्केट वैल्यू निकाली जाए तो एजेंसी के पास मौजूद संपत्ति की वास्तविक कीमत 63 करोड़ रुपये के करीब थी।'

हमास की चेतावनी | गाजा में अब तक का सबसे भीषण हवाई हमले का दावा

गाजा में युद्धविराम के बाद इस्राइल का सबसे बड़ा हवाई हमला, कम से कम 326 लोगों की मौत

गाजा। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इस्राइल द्वारा आज सुबह किए गए हवाई हमलों में कम से कम 326 लोग मारे गए हैं। युद्धविराम के बाद गाजा में किया गया यह अब तक का सबसे बड़ा हमला है। जिसमें इतने लोगों की मौत हुई है। वहीं हमास ने चेतावनी दी है कि गाजा में इस्राइल के नए हमले युद्ध विराम का उल्लंघन हैं और यह बंधकों के जीवन को खतरे में डाल सकता है। इसके साथ ही इस्राइल ने लोगों से गाजा पट्टी खाली करने के लिए कहा है। फ्लस्तीनी अधिकारियों ने हमले में कम से कम 326 लोगों की मौत की जानकारी दी है। मध्य गाजा स्थित अल-अक्सा मार्टर अस्पताल आधारित मंत्रालय के प्रवक्ता खलील देगरान ने मंगलवार सुबह अद्यतन आंकड़े उपलब्ध कराए। कहा जा रहा है जनवरी में युद्धविराम के प्रभावी होने के बाद से यह गाजा में अब तक का सबसे भीषणतम हमला है। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि युद्धविराम को बढ़ाने के लिए वार्ता में कोई खास प्रगति नहीं होने के कारण उन्होंने हमले का आदेश दिया। नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा, इजराइल अब सैन्य ताकत बढ़ाकर हमास के खिलाफ कार्रवाई करेगा। इस्राइल ने बुरेजी इलाके में शरणार्थी कैंपों पर हमले किए। विस्थापित फ्लस्तीनियों ने एक स्कूल में शरण ली हुई थी, उस स्कूल को भी निशाना बनाया गया। हमले से पहले इस्राइल ने गाजा में खाने, दवाई, ईंधन आदि की सप्लाई भी रोक दी है, जिससे गाजा में भुखमरी के हालात पैदा हो गए हैं। ये हमले ऐसे वक्त हुए हैं, जब इस्राइल और हमास के बीच दूसरे चरण के युद्धविराम समझौते पर बात हो रही हैं।

हमास ने युद्धविराम समझौते के उल्लंघन का लगाया आरोप

इस्राइल ने इस हवाई हमले की वजह हमास द्वारा लगातार बंधकों की रिहाई से इनकार को बताया। इस्राइल ने हमास आतंकियों पर हवाई हमलों को अंजाम देने की बात कही। वहीं इस्राइल के हमले के बाद गाजा पट्टी में स्कूल बंद कर दिए गए। हमास ने इस्राइल पर युद्धविराम समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाया है। हमास ने बयान जारी कर कहा कि नेतन्याहू और उनकी कट्टरपंथी सरकार ने युद्धविराम समझौते का उल्लंघन किया है, जिससे बंधकों के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडरा गए हैं।

सीरिया और लेबनान में भी किए हमले

इस्राइल ने गाजा के साथ ही लेबनान और सीरिया में भी हवाई हमले किए। इन हमलों में कम से कम 10 लोगों के मारे जाने की रिपोर्ट्स हैं। सीरिया में दारा इलाके में रिहायशी क्षेत्र में हवाई हमले किए गए। लेबनान में भी इस्राइल ने दो हिजबुल्ला आतंकियों को मारने का दावा किया है।

नक्सल प्रभावित जिलों में सुरक्षा व्यय राशि और खर्च का मुद्दा उठा

- **नक्सल प्रभावित जिलों के लिए केंद्र से मिले 557 करोड़, खर्च हुए 998 करोड़**
- **गृहमंत्री शर्मा को अजय चंद्राकर ने लिया सवालों के घेरे में**

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा में मंगलवार को प्रश्नकाल में नक्सल प्रभावित जिलों में साल 2019 से 2023 तक सुरक्षा संबंधी व्यय योजना के तहत कार्ययोजना राशि और खर्च का मामला उठा।

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर के सवाल पर डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि केंद्र से 557 करोड़ आया है, और 998 करोड़ से ज्यादा व्यय हुआ है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने नक्सल उन्मूलन के लिए राशि के प्रावधान और खर्चे को लेकर जानकारी मांगी। इस पर उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने जवाब में आवंटन और व्यय की में अंतर के संबंध में बताया कि इसकी वजह यह है कि पहले राज्य के बजट से ये राशि खर्च हो जाती है फिर इसे रिम्बर्स कराया जाता है, मतलब खर्चे के बाद राशि आती है।

अजय चंद्राकर ने कहा कि कार्ययोजना 13 बिंदुओं में भेजा गया है, और खर्च 25 बिंदुओं में हुआ है। कार्य योजना किसी और मद के लिए भेजी गई है, और खर्च किसी और मद में हुए हैं। विजय शर्मा ने कहा जिन बिंदुओं का जिक्र सदस्य कर रहे हैं, वो सभी राज्य सरकार मद के हैं. सभी नॉर्म्स के तहत हैं, सब आगे जाकर क्लेम किया जाता है, फिर केंद्र सरकार से राशि प्राप्त हुए हैं।

इस पर अजय चंद्राकर ने कहा कि ये कहीं नहीं लिखा है कि राज्य सरकार के हेड से यह हुआ है. मेरा प्रश्न सुरक्षा संबंधी व्यय को लेकर है। विजय शर्मा ने कहा कि हमने वर्ष वार प्रावधान और व्यय को बताया है। अजय चंद्राकर ने कहा कि इंश्योरेंस में पैसे केन्द्र से मांगे गए हैं, लेकिन इंश्योरेंस एक भी नहीं हुआ। किसका इंश्योरेंस किया गया है? इंश्योरेंस हुआ नहीं है और राशि व्यय हो चुकी है। इस पर विजय शर्मा ने कहा कि रिहैबिलिटेशन पॉलिसी में सभी राशि केंद्र से प्राप्त नहीं होती है। जितनी प्राप्त होती है, उसके अलावा की राशि राज्य बजट से खर्च होता है। बीमा पूर्ति मद से बीमा कंपनियों को प्रीमियम की राशि देने का निर्णय पहले हुआ था।

महतारी सदन निर्माण पर सदन में शोर-शराबा

- **नेता प्रतिपक्ष महंत के तीखे सवाल- सेटेलाइट के जरिए या फिर राजनीतिक दृष्टिकोण से हुआ चयन?**

विधानसभा में मंगलवार को प्रदेश की ग्राम पंचायतों में महतारी सदन निर्माण का मामला गूंजा। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने सवाल किया कि कैसे चयन हुआ? क्या सेटेलाइट के माध्यम से हुआ या राजनीतिक दृष्टिकोण से चयन हुआ है? 193 में से महज 5 सदन कांग्रेस विधायकों के क्षेत्र में हैं। 4 सदन गोंडवाना विधायक के क्षेत्र और शेष 185 सदन भाजपा विधायकों के क्षेत्र में हैं। इस पर सदन में खूब शोर-शराबा हुआ। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने पूछा कि वर्ष 2024-25 में कितने ग्राम पंचायतों में महतारी सदन निर्माण की स्वीकृति दी गई? कितनी राशि जारी की गई? एक महतारी सदन की लागत क्या है? इस पर पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि वर्ष 2024-25 में प्रदेश के 194 ग्राम पंचायतों में महतारी सदन निर्माण की स्वीकृति दी गई। 168 महतारी सदन निर्माण के लिए राशि जारी की गई. 147 का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। एक महतारी सदन की लागत 29.20 लाख है। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राशि कब जारी हुई. बजट में प्रावधान किया गया कि नहीं? टेंडर हुआ कि सीधे एजेंसी को दे दिया गया? इस पर विजय शर्मा ने कहा कि 24 लाख की राशि बजट की प्रावधान और 4 लाख पंचायत विभाग के माध्यम से 29 लाख की बजट में निर्माण कराया जा रहा है।

अभनपुर-राजिम नई रेललाइन पर जल्द दौड़ेगी ट्रेन

रेलवे सेफ्टी आयुक्त से मिली हरी झंडी

रायपुर/नवप्रदेश । अभनपुर से राजिम तक जल्द ट्रेन सुविधा मिलने वाली है. रायपुर मंडल के अंतर्गत राजिम अभनपुर स्टेशनों के मध्य लगभग 20 किलोमीटर (19.671किमी) नई रेल लाइन ब्राड गेज निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से पूरा हो गया है. एसई सर्कल के आयुक्त, रेलवे सेफ्टी बृजेश कुमार मिश्रा ने आज इस नई ब्राड गेज रेलवे लाइन का निरीक्षण किया। उन्होंने अभनपुर स्टेशन, स्टेशन केबिन पैनल रूम यार्ड का निरीक्षण कर अधिकारियों से चर्चा की।

आयुक्त मिश्रा ने निरीक्षण टीम के साथ इस नई लाइन का अभनपुर स्टेशन से राजिम स्टेशन तक मोटर ट्राली से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इंटरलाकिंग, क्रासिंग, पाइंट, ओएचई लाइन, ब्रिज, सिग्नलिंग उपकरण के साथ ही परिचालन एवं संरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं का गहन अध्ययन व निरीक्षण किया. अधिकारियों के साथ चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए. इसके पश्चात राजिम स्टेशन से अभनपुर स्टेशन तक आब्जर्वेशन कार से 110 किलोमीटर प्रति घंटे का स्पीड ट्रायल किया गया।

आयुक्त, रेलवे सेफ्टी से अनुमति मिलने के बाद इस नई लाइन पर निर्बाध रूप से सवारी एवं मालगाड़ियों का परिचालन प्रारम्भ होगा, जिससे परिचालन में गतिशीलता आएगी। इस दौरान उनके साथ मंडल रेल प्रबंधक रायपुर दयानंद सहित रायपुर मंडल एवं मुख्यालय के संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल थे।

सुकमा के ग्रामीणों ने पहली बार राजधानी का किया भ्रमण, विधानसभा की कार्यवाही देखकर उत्साहित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के दूरस्थ गांवों से आए युवाओं के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा। स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना के तहत नियद नेल्लानार योजना में शामिल सिलगेर, पूवर्ती, एलमागुंडा, लखापाल, शालातोंग, साकलेर, छोटेकेडवाल, बगडेगुड़ा और बेदरे जैसे गांवों के 119 युवा पहली बार अपने गांव से बाहर निकले और राजधानी रायपुर पहुंचे।इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान युवाओं ने रेलवे स्टेशन, छत्तीसगढ़ विधानसभा और वनवासी कल्याण आश्रम का दौरा किया। राजधानी आगमन के दौरान युवाओं ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण किया और दर्शक दीर्घा में बैठकर सदन की कार्यवाही देखी।

सुविचार

किसी को अगर औकात से ज्यादा कुछ मिल जाए तो सबसे पहले वह अपनी औकात भूल जाता है। - अज्ञात

मान न मान मैं तेरा मेहमान

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान इन दिनों बिन बुलाए मेहमान से परेशान हैं, जो मान न मान मैं तेरा मेहमान की तर्ज पर पंजाब में डेरा डालकर बैठ गये हैं। नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी सत्ता से बाहर हो चुकी है। यहां तक की खुद अरविंद केजरीवाल भी चुनाव हार चुके हैं उनके खास सिपहसालार मनीष सिसोदिया सहित कई मंत्री भी चुनाव हार गये हैं। नई दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली करारी शिकस्त के बाद अरविंद केजरीवाल कुछ दिनों तक तो कोप भवन में बैठे रहे उसके बाद वहां से निकले तो सीधे पंजाब जा पहुंचे, जहां उन्होंने दस दिनों तक विपश्यना शिविर में भाग लिया और वहां से वे सीधे अमृतसर जा पहुंचे जहां उन्होंने अपनी धर्म पत्नी सुनिता केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह के साथ गुरुद्वारे में मत्था टेका और उसके बाद वे एक लंबे अरसे के पश्चात मीडिया से मुखातिब हुए उन्होंने मीडिया के सामने अपनी पीठ थपथपाते हुए दावा किया कि अब पंजाब से भ्रष्टाचार और नशे का कारोबार पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा और पंजाब को रंगीला पंजाब बनाया जाएगा। अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर विपक्षी पार्टियों कांग्रेस, अकाली दल और भाजपा पर जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि पिछले 70 सालों में इन पार्टियों ने पंजाब का बेडा गर्क कर दिया था। इन पार्टियों के ही नेता नशे के कारोबार में शामिल थे लेकिन अब उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी आम आदमी पार्टी की सरकार कट्टर ईमानदार सरकार है और अब वह भ्रष्टाचार तथा नशे के व्यापार के खिलाफ युद्ध छेड़ चुकी है। केजरीवाल ने अपनी आदत के अनुरूप अपने मुंह मियां मिट्ठू बनते हुए कहा कि उनसे कही लोगों ने कहा है कि पिछले 20 दिनों में पंजाब में चमत्कार हो रहा है। यह तो अभी सिर्फ ट्रेलर है पूरी पिक्चर अभी बाकी है। जिस तरह केजरीवाल ड्रग माफिया के खिलाफ पंजाब सरकार की कार्यवाही का श्रेय लूट रहे हैं। उससे स्पष्ट है कि अब वे पंजाब के सुपर सीएम के रूप में वहीं डेरा डालकर रहेंगे। नई दिल्ली से तो उनका डेरा डंडा पहले ही उठ चुका है। ऐसे में वीआईपी ट्रीटमेन्ट के आदि हो चुके अरविंद केजरीवाल को पंजाब में ही वीआईपी सुविधाएं मिल सकती हैं। उन्होंने पहले ही अपने पीए रह चुके विभव कुमार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के साथ चिपका रखा है। अब वे नई दिल्ली के अपने अन्य समर्थकों को भी पंजाब में चिपकाते जा रहे हैं। बहरहाल अरविंद केजरीवाल ने पत्रकार वार्ता के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में यह स्पष्ट कर दिया है कि भगवंत सिंह मान अपना बचा हुआ दो साल का कार्यकाल पूरा करेंगे। दरअसल भगवंत सिंह मान ने अब अरविंद केजरीवाल के सामने हथियार डाल दिया है और यह कह दिया है कि आगे से वे अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर ही काम करेंगे। अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर पूछे गये एक सवाल के जवाब में कहा कि जल्द ही सबकुछ ठीक कर दिया जाएगा। कुल मिलाकर अरविंद केजरीवाल ने भगवंत सिंह मान की सरकार को नीचा दिखाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी और इस बात का दावा किया कि अब पंजाब में सबकुछ ठीक किया जाएगा। इसका मतलब यही हुआ कि अब अरविंद केजरीवाल पंजाब की सत्ता में दखल देंगे और वहां की सरकार को रिमोट कंट्रोल के जरिये चलाएंगे। वैसे पंजाब में सत्ता का संचालन आसान नहीं है मुफ्तखोरी वाली योजनाओं के कारण पंजाब पर 3 लाख करोड़ का कर्ज चढ़ गया है और विधानभा चुनाव के दौरान अरविंद केजरीवाल ने जो 10 गारंटी दी थी उनमें से कोई भी गारंटी पूरी नहीं हुई। ऐसे में बचे हुए 2 साल के दौरान केजरीवाल भी कोई कमाल नहीं कर पाएंगे।

भारत में वस्त्र क्षेत्र की क्रांति : उदीयमान उपभोक्ता पावर हाउस की गाथा

गिरिराज सिंह
केन्द्रीय वस्त्र मंत्री भारत सरकार

हाल ही में बजट में वस्त्र उद्योग को प्राथमिकता दिए जाने के साथ, 136 बिलियन डॉलर का घरेलू उद्योग 2030 से पहले ही 250 बिलियन डॉलर को पार कर जाएगा। इससे वैश्विक अग्रणी के रूप में भारत के स्थान की पुष्टि होती है। निजी खपत 2013 में 87 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 2024 में 183 लाख करोड़ रुपए हो गई है। 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद 635 लाख करोड़ रुपये को छूने का अनुमान है। निजी खपत सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा होगी। यह बदलाव भारत को वैश्विक खपत शक्ति बना देगा, जो अमेरिका, चीन और जर्मनी जैसे विकसित देशों से भी आगे निकल जाएगा। लेकिन भारत का उदय केवल इस बारे में नहीं है कि कितना उपभोग किया जा रहा है। यह इस बारे में है कि इसे क्या महत्व दिया जा रहा है। भारतीय कपड़ा उद्योग को कभी उत्पादन केंद्र के रूप में देखा जाता था।अब इसे वैश्विक फैशन ट्रेंड तय कर रहा है। दुनिया भारत को न केवल इसके शिल्प कौशल के लिए, बल्कि इसकी दूरदर्शिता, लालित्य और विरासत के आधुनिकता के साथ मिलन की क्षमता के लिए भी देखती है।

एक दशक पूर्वभारत की जनसंख्या लगभग 125 करोड़ थी।उपभोक्ताओं का खर्च मुख्य रूप से इच्छा के बजाय आवश ाओं का खर्च मुख्य रूप से इच्छा के बजाय आवश्वश खर्च मुख्य रूप से इच्छा के बजाय आवशवश लगभग 125 करोड़ थी।उपभोक्ताओं का खर्च मुख्य रूप से इच्छा के बजाय आवश्यकता से प्रेरित होता था। खरीदारी का पूर्वानुमानलगाना बहुत ही आसान था।त्योहारों के लिए नए कपड़े, ा फैशन अभिजात वर्ग तक ही सीमित था। आजदेश की जनसंख्यालगभग 142 करोड़ हो गई है। मध्यम वर्ग तेजी से बढ़त की ओर है। वही परिवार पूरे आत्मविश्वास से प्रीमियम स्टोर में कदम रखता है।वही परिवार आसानी से ऑनलाइन खरीदारी करता है। इतना ही नहीं,अपने जीवन में अनेक अवसरों को उत्सव के तौर पर देखता है। भारत अब न केवल आगे बढ़रहा है, बल्कि यह समृद्ध भी हो रहा है। बढ़ती क्रय शक्ति, विकसित हो रही उपभोक्ता मानसिकताऔर अंतिम-मील डिजिटल कनेक्टिविटीये तीनों इस बदलाव के मुख्य वाहक हैं। आर्थिक सुधारअभूतपूर्व रहा है। इसे बढ़ती आय, सरकार समर्थित विनिर्माण पहल और डिजिटल रूप से सशक्त भारत के माध्यम से पंख लगे हैं। 2020 में 'आत्मनिर्भर भारत' योजना शुरू की गई।इस विजन ने आत्मनिर्भरता की नींव रखी।इसे प्रोडकशन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्कों द्वारा और सशक्त किया गया। जैसे-जैसे विनिर्माण में उछाल आया, रोजगार सृजन हुआ और इसके साथ ही डिस्पोजेबल आय में वृद्धि हुई।इसके परिणामस्वरूप भारतीयों के खर्च करने के तरीके बदल गए। उपभोग अब भारत के विकास की गाथाके केंद्र में है, जो कपड़ा क्षेत्र को स्वर्ण युग में ले जाने के लिए तैयार है। कोविड के बाद उपभोक्ताओंकेव्यवहार में बदलाव एक गेम-चेंजर रहा है। डिजिटल पहुंच बढ़ी, ऑनलाइन रिटेल फला-फूला और यूपीआई लेनदेन आसमान छू गया। वित्त वर्ष 2013-14 में 220 करोड़ से इस डिजिटल परिवर्तन ने शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाट दिया है।इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि चाहे मेट्रो शहर में रहें या छोटे शहर में, भारतीयों के पास अब वैश्विक और स्थानीय फैशन तक निर्बाध पहुंच है।

एक सशक्त भारत - आत्मविश्वास से परिपूर्ण, साहसी और आकांक्षी

पिछले कई वर्षों में, आकांक्षाएंसचमुच वास्तविकता से आगे निकल गईं। लोगों ने कड़ी मेहनत की, बड़े सपने देखे, फिर भी अवसर पहुंच से बाहर लगे। फिरनीति-संचालित परिवर्तन के एक दशक ने महत्वाकांक्षा को उपलब्धि में बदल दिया। इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार हुआ, डिजिटल इंडिया ने आकार लिया और आर्थिक सुधार मूर्त विकास का इंजन बन गए।इसके प्रभाव से भारत एक गुणवत्ता, शैली और सुविधा को अपनाने के लिए तैयार आत्मविश्वासी उपभोक्ताओं वाले देश के रूप में विकसित हो गया। आय में उछाल आया है। प्रति व्यक्ति आय 2014-15 में 72,805 रुपए सेबढ़कर 2023-24 में 1.88 लाखरुपए हो गई हैऔर 2030 तक 3.5 लाख रुपए तक पहुंचने का अनुमान है।आज छह करोड़ भारतीय सालाना 8.3 लाखरुपए सेअधिककमातेहैं - 2015 कीसंख्यासेदोगुनेसेभीअधिक है।यहबढ़तीसमृद्धिफैशन, कपड़ा और जीवन शैली वाले उत्पादों की अभूतपूर्व मांग को बढ़ावा दे रही है। 2027 तक, भारत चौथा सबसे बड़ा उपभोक्ता टिकाऊ बाजार होगा, जो न केवल सामर्थ्य बल्कि आकांक्षाओं से प्रेरित होगा।

भारत की फैशन क्रांति - परंपरा का महत्वाकांक्षा से मिलन

कभी पश्चिमी अवधारणा, फास्ट फैशन अब युवा भारतीयों के लिए जीवन का एक तरीका है।जो कभी अनन्य था, वह अब पहुंच के भीतर है।इसका श्रेय ज्यूडियो, रिलायंस ट्रेंड्स और शीन जैसे ब्रांडों को जाता है।ये ब्रांड 10 बिलियन डॉलर के उद्योग को बढ़ावा दे रहे हैं।यह कारोबार 2030 तक 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचने के लिए तैयार है। लेकिन यह बदलाव केवल सामर्थ्य के बारे में नहीं है - लक्जरी और विरासत वाले वस्त्र फास्ट फैशन के साथ-साथ फल-फूल रहे हैं। जैसे-जैसे आकांक्षी परिवार 2027 तक 100 मिलियन का आंकड़ा पार कर रहे हैं, हस्तनिर्मित कपड़े, रेशम की साड़ियां और उच्च श्रेणी के डिजाइनर परिधान फिर से उभर रहे हैं।

यह क्रांति कोई संयोग भर नहीं है।यह सरकार द्वारा संचालित पहलों का प्रत्यक्ष परिणाम है। बिचौलियों को खत्म करकेकारीगरों के प्लेटफार्मों को डिजिटल बनाकर और सीधे ग्राहक-से-कारीगर कनेक्शन को सक्षम करके, डिजिटल इंडिया ने फैशन को खरीदने और बेचने के तरीके को बदल दिया है। महाराष्ट्र की पैठणी, कश्मीर की पश्मीना - अब एक बटन के क्लिक पर उपलब्ध है। फैशन का यह लोकतंत्रीकरण कारीगरों को सशक्त बना रहा है।इससे विरासत शिल्प को पुनर्जीवन मिलरहा है, और भारत की वस्त्र विरासत को वैश्विक मंच पर सबसे आगे आ रहा है।

विलासिता और विरासत - पहले की तुलना में अधिक सुलभ

भारतीय शादियां हमेशा भव्य रही हैं।किंतु, आजवे अरबों-खरबों डॉलर की आर्थिक शक्ति हैं। 45 बिलियन डॉलर का विवाह उद्योग पारंपरिक बुनाई क्लस्टरों में नई जान फूंक रहा है।इसमें परिवार बड़े पैमाने पर उत्पादन के बजाय कलात्मकता को चुन रहे हैं। विलासिता अब लेबल के बारे में नहीं है, यह विरासत के बारे में है। दुल्हन और दूल्हे विशिष्टता का विकल्प चुन रहे हैं।वे हाथ से बुने हुए बनारसी रेशम, जटिल कांजीवरम और भारत की समृद्ध वस्त्र विरासत का जश्न मनाने वाले डिजाइन का चयन कर रहे हैं। लेकिन परिवर्तन केवल परिधान तक ही सीमित नहीं है। जैसे-जैसे भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, वैसे-वैसे इसकी सुंदरता की चाहत भी बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2019-23 के बीच रियल एस्टेट की कीमतों में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, और बड़े, अधिक परिष्कृत घरों के साथ हस्तनिर्मित साज-सज्जा, डिजाइनर असबाब और विरासत सजावट की मांग बढ़ गई है। आधुनिक घर अब भारतीय शिल्प कौशल का प्रदर्शन बन गए हैं।इसके परिणाम स्वरूप हाथ से बने वस्त्रों की मांग फैशन से परे इंटीरियर और लक्जरी लिविंग में बढ़ रही है।

भारत के वैश्विक फैशन नेतृत्व की शुरुआत

भारत का कपड़ा उद्योग अब केवल उत्पादन के बारे में नहीं है। यह नवाचार, डिजाइन और वैश्विक प्रभाव के बारे में है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, 'मेक इन इंडिया' 'डिजाइन इन इंडिया' में विकसित हुआ है, जहां भारतीय रचनात्मकता अंतरराष्ट्रीय फैशन को आकार देती है। अनुसंधान और विकास पर सरकार का ध्यान और एक संपन्न स्टार्टअप इको-सिस्टम को बढ़ावा देने से बेजोड़ आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। तीन टी ट्टैक्सटाइल (वस्त्र), टूरिज्म(पर्यटन) और टैक्नोलॉजी (प्रौद्योगिकी) - पर काम करते हुए अपना देश अब एक विकसित भारत की नींव रख रहा है।

रंगों में रंग, ये रंग पंचमी का रंग

उमा मेहता त्रिवेदी

फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होलिका दहन के बाद, चैत्र कृष्ण प्रतिपदा को रंग पंचमी का त्योहार मनाया जाता है। यह त्योहार रंगों के उत्सव, होली के समापन का प्रतीक है। रंग पंचमी का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दोनों ही तरह से महत्व है, और यह विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग तरीकों से मनाई भी जाती है। रंग पंचमी को देवताओं को समर्पित माना जाता है। इस दिन, लोग देवी-देवताओं को रंग और गुलाल अर्पित करते हैं, और उनसे आशीर्वाद मांगते हैं। जो वसंत ऋतु के आगमन का भी प्रतीक है, और यह प्रकृति के रंगों का उत्सव है। यह त्योहार हमें बताता है कि हमें अपने जीवन में भी रंगों की तरह खुशियों को भरना चाहिए। वैसे देखा जाए तो रंग पंचमी का त्योहार सामाजिक सद्भाव और एकता का प्रतीक है। इस दिन, लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर और गले मिलकर अपनी खुशियाँ साझा करते हैं। यह त्योहार लोक संगीत और नृत्य का भी उत्सव है। इस दिन, लोग पारंपरिक गीत गाते हैं और नृत्य करते हैं जो हमारे लिए भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है रंग पंचमी के दिन, लोग एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाते हैं। लोग ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते हैं विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यंजन बनाए जाते हैं और एक-दूसरे के साथ मिलते जुलते हैं। कुछ क्षेत्रों में, लोग रंगीन पानी से भरी पिचकारियों से खेलते हैं। इस दिन विशेष रूप से राधा कृष्ण की पूजा की जाती है। रंग पंचमी का त्योहार हमें यह संदेश देता है कि हमें अपने जीवन को जिंदगी के हर रंगों से भरते रहना चाहिए। हमें अपने जीवन में खुशियाँ, उत्साह और उमंग को अपनाना चाहिए। यह त्योहार हमें यह भी सिखाता है कि हमें मिलजुल कर प्रेम और सद्भाव के साथ से रहना चाहिए।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1877 में 19 मार्च के दिन ही ऑस्ट्रेलिया ने पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 45 रनों से हराया था। 1895 में आज ही के दिन लूमियर्स ब्रदर्स ने अपने नए पैटेंट सिनेमेटोग्राफ से पहला फुटेज रिकॉर्ड किया था। 1920 में 19 मार्च के दिन ही अमेरिकी सीनेट ने लीग ऑफ नेशंस में शामिल होने पर मतदान किया था। 1944 में आज ही के दिन आजाद हिंद फौज ने पूर्वोत्तर भारत में राष्ट्रीय ध्वज फहराया था। 1953 में 19 मार्च के दिन ही पहली बार एकेडमी अवार्ड का प्रसारण टेलीविजन पर हुआ था। 1965 में आज ही के दिन इंडोनेशिया ने सभी विदेशी तेल कंपनियों का राष्ट्रीयकरण किया था। 1972 में 19 मार्च के दिन ही भारत और बांग्लादेश के बीच मित्रता समझौते पर साइन किए थे। 1977 में आज ही के दिन फ्रांस ने मुरूओरा द्वीप पर परमाणु परीक्षण किया था। 1990 में 19 मार्च के दिन ही कनाडा की राजधानी ओटावा में महिलाओं की पहली विश्व आइस हॉकी प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। 1994 में आज ही के दिन जापान के योकोहामा में 1.60 लाख अंडों से विश्व का सबसे बड़ा 1383 वर्गफुट आकार का आमलेट तैयार किया गया था।

पाठकों की बात

संबंधों में प्रेम-रंग

संबंधों में प्रेम-रंग को, मिला सको तो होली है।, प्रीत-गुलाल से सबके मन को,रंग सको तो होली है॥ रूठे हुए को पुनः गले से,लगा सको तो होली है।। कांटों में भी सुमन-सुरभिमय, खिला सको तो होली है॥ पतझड़ में भी वसंत-आभा,दिखा सको तो होली है॥ दुख को सहला, सुख को पाना,सिखा सको तो होली है।

- अनिल पांडेय

दिखाए थे

दिखाए थे रास्ते जिन्होंने धर्म पथ के, बदले उन्होंने मोड़ ताकपे शर्म रख के। हम नहीं हैं काबिल के फैसले सुनाए- उत्तर यहीं असत के और कर्म सत के।।

- गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

खास पाती | होली खेल रहे नन्दलाल ढ़ोलक

होली खेल रहे नन्दलाल ढ़ोलक बाजे उड़े गुलाल राधा का मुखड़ा गोरा मुख रंगता काला छोरा ड़ाले रंग गुलाबी लाल रंग भर पिचकारी मारी राधा के संग बनवारी नाचे दे ढ़ोलक पे ताल बरसाने की ये होली राधा संग हंसी ठिठोली करते कृष्णा,रंगते गाल राधा सखियों संग आयी होली की मस्ती छायी कान्हा के संग में है ग्वाल। - **शालिनी शर्मा**

दिल के रिश्तों की नदी बेखौफ़

दिल के रिश्तों की नदी बेखौफ़बहनी चाहिए, धोखेबाज़ी के पहाड़ों से उतरनी चाहिए। मेरे दिल में इश्क़ का तूफान उठता तो है पर,लैला के पंखों को भी परवाज़ मिलनी चाहिए। हम ग़रीबों की मदद कर सकते हैं इसके लिए ,बेबसों की दासतां दिन रात सुननी चाहिए। ये हवस का दौर है इस दौर से कैसे बचें, ज़ेहन में कुर्बानी की जंजीर रखनी चाहिये। हार कर चुपचाप दानी बैठ जाना है गलत,हौसलों की पुस्तकें बस रोज़ पढ़नी चाहिए। हिन्दू मुस्लिम कल गले मिल पाये,ना मिल पाये पर,देश के प्रति भावना हर दिल में रहनी चाहिए। आसमां की या उपर वाले की पूजा तो सही,इस ज़मीं की पूजा भी हम सबको करनी चाहिये। - **संजय दानी**

सरगम है या संगीत कोई आया है

सरगम है या संगीत कोई आया है क्या मनमीत कोई ये मृदुल कल्पना या अपना या टूटा सा कोई सपना यूं पास बहुत आजाएगा तो गीत कोई बन जाएगा। अहसास हो रहा है मन को फूलों की पायल छनक रहीं रातों की नीरव लहरी पर मद मस्त हवाएं बहक रहीं खुशबू की इस सौंधी लय को गीतों में कोई सजाएगा। सरगम है या तारों की रेशमी चमचम से हो गया नज़ारा है प्यारा फैला है सपनिल घाटी में नीला नीला सा उजियारा यह प्यारा प्यारा सा सपना उसको भी सपन दिखाएगा । सरगम है या - **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

आखिर जान लिया था तुमने...

आखिर जान लिया था तुमने...दिल का हाल... हमने तुमसे लाख छुपाया अपने दिल का हाल... आँखों में थी हया की लाली.. चूडी की हर बात निराली मुख पर उड़-उड़ लहराती काली जुल्फ घटाओ सी पायल का तो क्या कहना भेद कभी ना इससे छुपता कोई तुमसे है हर राज़ बताती। बस में अपने कब होती चाँद से छुप-छुप करती बातें रात सुहानी और हवाओं का आँचल बन सखी सहेली छुप करती बात पिया की तुमसे लजा-लजा तब जाती आती जब -जब रात मिलन की। - **डॉ.सविता वर्मा ग़ज़ल**

सतह दर सतह जम गयी हैं, परतें

सतह दर सतह जम गयी हैं, परतें सूखे पीपल के पत्तों की.. एक गिलहरी कब से दौड़ रही है यहाँ से वहाँ..वहाँ से यहाँ सूखे पत्तों की खडखडाहट, सुनती है..चौंक कर रूक जाती है चौकन्नी सी कोशिश करती है ,दुबारा..सुनने की आहट..निःस्तब्ध दुपहरी में फिर ..दौड़ती है..फिर सुनती है फिर ..ठिठक कर..ठहर जाती है खुद में आनन्दित.. एक खेल सा खेल रही है वो, एक खेल देख रही हूँ मैं, उसके आनन्द मे आनन्दित..। - **सरिता त्रिवेदी**

कविताएं समृद्ध है वेदना हो या

कविताएं समृद्ध है वेदना हो या संवेदना दोनो से.. माँ की तरह स्नेहिल पिता की तरह मजबूत साथ देती हरपल शब्दों का जानती है भावों को समेटना बखूबी.. तभी तो वे खूब अट्ठहास करती है, तो कभी रुदाली सा क्रंदन क़भी विरह को बांटती तो क़भी प्रेम से टकरा इश्क़ बिखेरती..सरहदों से गुज़र, हुंकार भरती क़भी लोरी सी प्यार बरसाती रागिनी सी, रात्रि पहर में मौसमों को जीती..हाँ तभी कवितायें समृद्ध है इतनी जो पी लेती है ज़िन्दगी के हर नवीन हर्फको और, बहती है निष्पक्ष हर भाव संग चंचल सी,अवरोधों से अवरुद्ध हुए बग़ैर बना लेती है अपने लिए रास्ते अपनी समृद्धता से.. - **सुरेखा अग्रवाल**

प्रेरक प्रसंग

किसी गाँव में कहीं से तीन साधक आ गए। तीनों ईश्वरविश्वासी थे। उनके विषय में यह प्रचलित हो गया कि यद्यपि वे प्रार्थनाएँ तो सरल शब्दों में करते हैं, परंतु उनके द्वारा की गई प्रार्थना कभी विफल नहीं होती। गाँव के पुजारियों को यह जानकर चिंता हुई।

सो वे उनसे मिलने पहुँचे। पुजारियों ने साधकों को कहा कि ईश्वर का नाम विधि-विधान से लिया जाता है, सरल शब्दों में नहीं। साधकों ने सहजता से उनका कहा मान लिया। उन्हें समझाकर पुजारियों ने नदी पार करने को नाव पकड़ी और आधे रास्ते पहुँचे तो देखा कि पीछे से तीनों साधक नदी पर दौड़ते आ रहे हैं। वे बोले - "पूजा का विधान भूल गए थे, पूछने के लिए दौड़कर आना पड़ा।" हतप्रभ पुजारियों को समझ आ गया कि ईश्वर का विश्वास, खोखली पूजा से बढ़ कर है।

QUIZ TIME

1) कौन-सी फिल्म अंतरिक्ष में शूट की जाने वाली पहली फीचर फिल्म है?

2) भूमि मापने के लिए दिल्ली सल्तनत काल में किस मापक को प्रयोग में लाया जाता था?

3) भारत का पहला कंप्यूटर कहाँ स्थापित किया गया था?

4) केण्डुली उत्सव किस राज्य में आयोजित किया जाता है?

5) भारत के पहले टेस्ट ट्यूब जन्में भैंस बछड़े का नाम क्या है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) द चैलेंज (2) मसाहत (3) भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कलकत्ता (4) पश्चिम बंगाल (5) बत्री

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:39, सूर्यास्त : 06:23, चन्द्रोदय : 15:44, चन्द्रास्तः :29:31, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतुः : वसंत, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः : 2081 (काल), मास : चैत्र ,पक्ष : कृष्ण, तिथि : पंचमी, नक्षत्र : विशाखा, योग : सुकर्मा, प्रथम करण : बालव (08:13 तक), द्वितीय करण : कौलव (20:39 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : सिंह (26:15 से), मंगल : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित , पश्चिम , मार्गी), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पूर्व, वक्री), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:03 से 12:51, अमृत काल : 24:33 से 26:15, सर्वार्थ सिद्धि योग : 06:32 से 26:15, रवियोग : 26:15 से 30:30, विजय मुहूर्त : 14:25 से 15:13, गोधूलि मुहूर्त : 18:20 से 18:44, सायाह्न सन्ध्या : 18:22 से 19:35, निशिता मुहूर्त : 24:02 से 24:51, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 09:29 से 10:58, दुर्मुहूर्त : 08:54 से 09:41, होमाहुति : शनि (26:15 से चन्द्र), दिशा शूल : उत्तर, अग्निवास : पृथ्वी (08:13 तक)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज के दिन भी आपको विविध कष्टो का सामना करना पड़ेगा दिनचर्या अस्त व्यस्त रहेगी। आप पूर्वाग्रह से ग्रसित रहेंगे। अपने जिद्दी स्वभाव के कारण आसपास का वातावरण अशान्त बनाएंगे।

वृष : आज का दिन धन के साथ-साथ सुख शान्ति दायक भी रहेगा। व्यापारी वर्ग को लाभदायक सौदे मिलेंगे।

मिथुनः आज आप अधिकांश समय आराम में बिताना पसंद करेंगे। स्वास्थ्य सम्बंधित शिकायत पेट सम्बंधित समस्या मुख्यतः रहेगी।

कर्कः आज के दिन प्रातः काल से ही मन मौज मस्ती की ओर आकर्षित रहेगा यात्रा प्रवास के योग भी बन रहे है ना चाहकर भी करनी पड़ सकती है।

सिंहः आज का दिन सावधानी से बिताने की सलाह है आज राह चलते लोग भी आपके व्यक्तित्व पर छींटाकशी करेंगे जिससे मानसिक स्थिति खराब रहेगी।

कन्याः आपको आज का दिन मिलाजुला फल देगा। आज का दिन लाभ दिला सकता है परन्तु क्रोध को वश में रखना जरूरी है वरना बना बनाया काम बिगड़ सकता है।

तुलाः आज के दिन भाग दौड़ अधिक रहेगी परन्तु परिणाम आशा के विपरीत रहने से मन मे नकारात्मक विचार बनेंगे।

वृश्चिकः आज आपमे आध्यात्मिक उन्नति होगी। धर्म के गूढ़ रहस्यों को जानने में रुचि लेंगे।

धनुः आज का दिन थोड़ा उठा पटक वाला रहेगा। सेहत प्रातः काल से नरम रहेगी मन अकारण ही अशांत रहेगा।

मकरः आज का दिन विविध क्षेत्रों में विजय दिलाने वाला रहेगा आज आप जिस भी कार्य को करेंगे।

कुंभः आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। सेहत में उतार-चढ़ाव आएंगे स्वास्थ्य नरम रहने पर भी कार्यो को प्रभावित नहीं होने देंगे।

मीनः आज के दिन आप अपना ध्यान आवश्यक कार्यो पर एकाग्र करने का प्रयास करें अन्यथा जहाँ लाभ होना है वहां हानि मिलेगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, हुकूमत 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 356 का हल

अ	भि	षे	क		प	स		
जा	त		ध	प	ध	पा	ना	
य	र	का	नी		भ्र		र	श्मि
ब	घा	र		क	ष्ट	प्र	द	
	त	ना	त	नी		र्व		ब
अ		मा		ज	मा	त		ल
स	जा					क	ज	रा
बा		ये	स	हा	रा		ग	म
ब	गु	ला		रा	ज	दू	त	

■ न्यूज गैलरी

राजपूत क्षत्रिय महासभा उपसमिति दुर्ग के अध्यक्ष बने नरेंद्र सिंह राजपूत

दुर्ग। राजपूत क्षत्रिय महासभा छग रहाटादाह पंजीयन क्रमांक 1282 उपसमिति दुर्ग का त्रिवार्षिक चुनाव हुआ जिसमें मर्रा उपसमिति के पर्यवेक्षक अंगद सिंह, पवन सिंह, शरद सिंह ने चुनाव संपन्न कराया। नामांकन प्रक्रिया के बाद सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। उप समिति में अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत (राजू), शंकर नगर दुर्ग, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष राजेश सिंह राजपूत, सचिव दीपक सिंह राजपूत, उपसचिव रोशन सिंह, केंद्रीय नि सदस्य राकेश सिंह, कायकारिणी सदस्य दिनेश सिंह, प्यारेलाल सिंह, चितरंजन सिंह, चम्पेश्वर सिंह, नवीन सिंह, सूरज सिंह, भरत सिंह को चुना गया। इनके अलावा युवा अध्यक्ष आयुष सिंह, युवा सचिव अनिकेत सिंह, महिला अध्यक्ष बिंदु भुवाल, महिला सचिव गीता राजपूत भी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

लीनेस क्लब की होली मिलन समारोह में बिखरीं खुशियां

दुर्ग। लीनेस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में लीनेस सदस्यों ने होली गीतों में नृत्य कर अपनी खुशियों का ईजहार किया। इस अवसर पर सचिव आकांक्षा मिश्रा के संयोजन में सदस्यों के लिए आकर्षक व मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिताओं में सदस्यों ने बेहतर प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभाएं साबित की। गेम में विजयी सदस्यों को लीनेस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी अध्यक्ष अनीता शुक्ला व चीफ़ डिस्ट्रीक्ट एडवाइजर शबाना नाज द्वारा पुरस्कृत किया गया। 30 सेकेंड में सबसे तेज गेम में सिंधु चंदेल प्रथम, शबाना नाज द्वितीय एवं पुष्पा पांडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेल बूझो तो जानें में शरद अग्रवाल प्रथम व पूष्पा मित्रा द्वितीय रही। टाइम हाउजी में शानू अग्रवाल प्रथम एवं अनीता तिवारी व रुचि सक्सेना द्वितीय और खेल होली टीका गेम में राजकुमारी तिवारी प्रथम एवं सिंधु चंदेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आभार प्रदर्शन लीनेस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी अध्यक्ष अनीता शुक्ला ने किया। इस अवसर पर रत्नमाला पलिया, स्नेहलता साहू, विभा गुप्ता, सीमा गुप्ता के अलावा अन्य लीनेस सदस्य मौजूद रही।

कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा में निशुल्क प्रशिक्षण 19 मार्च को

दुर्ग। कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा (अ) दुर्ग में औषधीय, सुगंधीत एवं मसाला फसलों धनिया, हल्दी की खेती से संबंधित प्रशिक्षण 19 मार्च को होगा। निःशुल्क प्रशिक्षण के लिये इच्छुक किसानों को कृषि विज्ञान केन्द्र के फार्म पर अजवाईन, धनिया व हल्दी का जीवन्त प्रदर्शन भी देखने मिलेगा। किसान अपना पंजीयन मोबाईल नं. 9425213284 और 9669066314 पर कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा (अ) दुर्ग से सम्पर्क कर सकतें हैं।

विज्ञापित पद में कटौती, 2 के बदले 1 मान्य

दुर्ग। राज्य शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र हब हेतु वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ के पदों में कटौती की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग संचालनालय रायपुर द्वारा दो पदों के स्थान पर एक पद को भरने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास आर.के. जाम्बुलकर के अनुसार विभाग द्वारा 6 अक्टूबर 2023 को जारी भर्ती विज्ञापन में वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ के 2 पद के स्थान पर 1 ही पद पर नियुक्ति की कार्यवाही की जाएगी।

तीन चरणों में राजस्व समस्याओं का होगा निराकरण

7 अप्रैल से हर गांव में राजस्व पखवाड़े का आयोजन

दुर्ग। राजस्व संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने जिले के प्रत्येक ग्राम में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम शुरू होगा। अप्रैल माह में 07 से 21 अप्रैल, मई माह में 13 से 27 मई और जून माह में 16 जून से 30 जून तक पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा सभी कलेक्टर को पत्र भेजा गया है। राजस्व संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने अप्रैल तक लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लोक सेवाओं की अदायगी के लिये समय-सीमा में कार्यवाही की जाएगी। अविवादित नामांतरण/अविवादित खाता विभाग के समय-सीमा के बाहर प्रकरणों का 30 अप्रैल तक शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएगा। सीमांकन, व्यपवर्तन, वृक्ष कटाई का समय सीमा से बाहर प्रकरणों का भी पूर्ण निराकरण किया जाएगा। विवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाग के समय सीमा के बाहर के प्रकरणों की त्वरित सुनवाई के साथ 30 अप्रैल तक शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएगा। अभिलेख त्रुटि, जनहानि-पशुहानि फसल क्षति से संबंधी आर.बी.सी. 6-4 के आवेदनों का निराकरण, भू-अर्जन संबंधी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण और भू-अर्जन प्रकरणों में लिये गये सेवा शुल्क की जानकारी अपडेट की जाएगी।

विलोपन योग्य संदिग्ध खसरा, शून्य रकबा वाले खसरा, भूमिस्वामी विहीन खसरा, भूमिस्वामी के विवरण में स्पेशल कैरेक्टर युक्त खसरा संयुक्त खातेदार का नाम पृथक-पृथक दर्ज न होकर एक साथ दर्ज होने, त्रुटिपूर्ण खसरा भूमिस्वामी क्रमांक निर्धारण हेतु शेष खसरों की संख्या) अंतर्गत 30 अप्रैल तक शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएगा। नक्शा बटांकन की प्रत्येक तहसील में 05 प्रतिशत की प्रगति, भूमिस्वामी के खातों में आधार, मोबाईल नंबर किसान किताब एवं जेण्डर की प्रविष्टि 30 अप्रैल तक शत-प्रतिशत किये जाएंगे।शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों जैसे फौती, नामांतरण व बंटवारा अभिलेख त्रुटि सुधार के प्रकरणों का मौके पर ही ऑनलाइन अपलोड पर हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदन, पंचनामा आदि की प्रविष्टि के साथ ही मौके पर ऑनलाईन अपलोड कर हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदन, पंचनामा आदि की प्रविष्टि एवं मौके पर ही नोटिस ईश्तहार जारी कर पक्षकारों को तामीली कराया जाएगा और 30 अप्रैल तक निराकरण किया जाएगा।मौके पर बी-1 खसरा व किसान किताब के प्राप्त आवेदनों का शिविर स्थल पर निराकरण किया जाएगा। आय, जाति, निवास संबंधी समस्त आदेवनों का शिविर स्थल पर ही लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आनलाईन प्रविष्टि एवं समय-सीमा में शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएगा।

भाजपा का होली मिलन समारोह आज

दुर्ग। जिला भाजपा कार्यालय में आज होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। रंग पंचमी के शुभ अवसर पर 19 मार्च बुधवार को शाम 4 बजे से दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में आयोजित की गई है। आयोजित होने वाली होली मिलन कार्यक्रम को लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने जानकारी देते हुए कहा कि रंग पंचमी के पावन अवसर पर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में यह आयोजन किया गया है। होली मिलन कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के सांसद, विधायक, महापौर, प्रदेश व जिला स्तर के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों सहित समस्त मोर्चा - प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण और समस्त 17 मंडल के सभी वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

गैर शिक्षकीय कार्यों में अटैच शिक्षकों को तत्काल रिलीव करें : संभाग आयुक्त

दुर्ग। दुर्ग संभाग के अंतर्गत विभिन्न जिलों में गैर शिक्षकीय कार्यों से कार्यालयों में अटैच शिक्षकों को संबंधित स्कूलों में वापस भेजा जाएगा। संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने संभागायुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के समीक्षा के दौरान कहा कि दुर्ग संभाग के अंतर्गत जिलों में गैर शिक्षकीय कार्यों से कार्यालयों में अटैच शिक्षकों को संबंधित स्कूलों में भेजा जाए।

ग्रामीण स्कूलों में शिक्षकों की कमी को ध्यान में रखते हुए संयुक्त संचालक शिक्षा द्वारा शिक्षकों का अटैचमेंट समाप्त कर उनकी उपस्थिति शिक्षकीय कार्य के लिये संबंधित स्कूलों में कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्रदेश में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिये स्कूलों के आस-पास ठेलों, गुमटी में मादक पदार्थों की बिक्री रोकने कड़े निर्देश दिये गए। अब तक 3670 स्कूलों के आसपास मादक पदार्थों की ब्रिकी न होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है।

समीक्षा के दौरान संभागायुक्त ने कहा कि सहकारिता विभाग द्वारा पंचायतों को एक प्राथमिक सहकारी समिति से जोडने़ हेतु मत्स्य समिति के अलावा दुग्ध समिति को भी प्राथमिकता दी जाए। संभागायुक्त ने संभाग के अंतर्गत मिलेट्स की फसलों की पैदावारी पर जोर देते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों को मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी एवं कबीरधाम जिले में मिलेट्स फसलों का रकबा बढ़ाने पहल करने कहा।

उन्होंने कहा कि संभाग के अंतर्गत स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों में भी संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये जाएं। स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग से संबंधित नवनिर्मित भवनों को तत्काल हैण्डओवर किया जाए। संबंधित विभाग द्वारा भवनों का सदुपयोग करने, संभाग आयुक्त ने नगरीय निकायों में सड़क दुर्घटना की रोकथाम करने नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।सभी नगरीय निकायों में सॉलिड-लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट करने, लोक निर्माण विभाग द्वारा शासकीय चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज के एप्रोच रोड सहित अन्य निर्माण कार्यों को कार्ययोजना के तहत समयावधि में पूर्ण कराने, राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में रैम्प, लिफ्ट संबंधी कार्य एवं अन्य शासकीय अस्पतालों के निर्माण कार्यों को सीजीएमएससी द्वारा प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने कहा। बैठक में उपायुक्त पदुम लाल यादव सहित लोक निर्माण विभाग, सहकारिता, शिक्षा, क्रेडा, नगरीय प्रशासन, आबकारी, विद्युत यांत्रिकी विभाग के संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

4 सौ से ज्यादा स्वच्छता दीदियों को बांटे गए स्वच्छता किट

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में संचालित 9 एसएलआरएम सेंटर में कार्य करने वाली 405 स्वच्छता दीदियों को स्वच्छता किट का वितरण किया गया। सेंटर में शहर से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग किया जाता है। गीले कचरे से खाद बनाया जाता है और सूखे कचरे को छांट कर पुनः उपयोग के लिए स्वच्छता दीदीयों द्वारा बेचा जाता है। आज नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने एसएलआरएम सेंटर जाकर स्वच्छता दीदीयों को स्वस्थ रखने स्वच्छता किट का वितरण किया गया। महिलाओं को साड़ी, ब्लाउज, पेटीकोट सहित मास्क, केनवास शूज, गम बूट, रबर ग्लोब्स, टोपी, एप्रन, मोजा, कॉटन ग्लोब्स, रैनकोट, नेम बैज, पहचान पत्र आदि प्रदान किया गया।

स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने बताया कि समय-समय पर सफई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाता है। स्वच्छता किट प्रदान करने से उन्हें कार्य करने में सुविधा होगी। वर्तमान में 9 एसएलआरएम सेंटर नेहरू नगर, कोसानगर, खम्हरिया, बटालियन, राधिका नगर, पीली मिटटी, कुरूद, बैकुण्ठधाम, गौतम नगर खुर्सीपार में संचालित हो रहा है। स्वच्छता किट वितरण के दौरान कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, उपअभियंता चंदन निर्मलकर, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, जोन सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, पीआईयू अभिनव ठोकने, सुभम पाटनी आदि उपस्थित रहे।

भेलवा तालाब में दीमक लगे पेड़ों पर पोता गया चूना और पोटैशियम परमेंगनेट

भिलाई नगर। नेहरू नगर भेलवा तालाब में लगे पेड़ों के ऊपर दीमक लगने की शिकायत मिलने पर आज चूना और पोटेशियम परमेंगनेट और चूने के घोल की पोताई की गई। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत को भेलवा तालाब निरीक्षण के दौरान वहां आने वाले लोगों ने पेड़ों पर दीमक लगने की शिकायत की थी। इससे अच्छे खासे हरे-भरे पेड़ सूखने की समस्या बताई गई। निगम कमिश्नर के निर्देश पर आज से चूना और पोटेशियम परमेंगनेट का घोल पोता गया।इससे दीमक की समस्या का समाधान हो जाएगा। हर दो माह में पोताई करने कहा गया है। पेड़ों के पत्तो को संग्रहित कर उससे कम्पोस्ट खाद बनाया जा रहा है। इस दौरान उप अभियंता बसंत साहू, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी उपस्थित रहे।

महापौर ने किया एमआईसी का गठन

दुर्ग/ महापौर अलका बाघमार ने आज नगर निगम दुर्ग में मेयर इन काउंसिल का गठन कर दिया है। कुल 12 पार्षदों को एमआईसी में जगह दी गई है। एमआईसी में वरिष्ठ पार्षदों के साथ ही कई नए चहेरे भी शामिल किये गए हैं। सूची में लोक कर्म विभाग का प्रभारी देवनारायण चंद्राकर को बनाया गया है। लोक कर्म विभाग का प्रभारी बनने पार्षदों में सबसे ज्यादा होड़ मची थी। एमआईसी सदस्यों की सूची इस प्रकार है। वित्त लेखा अंकेक्षण समिति - नरेंद्र बंजारे, सामान्य प्रशासन व विधायी कार्य समिति - मनीष साहू, नगरीय नियोजन व लोक कर्म समिति - देवनारायण चन्द्राकर, जलकार्य समिति - लीना देवांगन, राजस्व समिति - चंद्रशेखर चन्द्राकर, अग्निशमन व विद्युत संधारण व यांत्रिकी समिति - ज्ञानेश्वर ताम्रकार, गरीबी उन्मूलन, समाज कल्याण समिति - शिव नायक, स्वास्थ्य व चिकित्सा समिति - नीलेश अग्रवाल, शिक्षा खेल-कूद, युवा कल्याण समिति - लीलाधर पाल, पर्यावरण व उद्यानिकी समिति - काशीराम कोसरे, सांस्कृतिक, मनोरंजन व विरासत संरक्षण समिति - हर्षिका संभव जैन, महिला एवं बाल विकास समिति - शशि साहू को बनाया गया।

केंगेन टीम घर-घर पहुंच वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण का देगी संदेश : सांसद बघेल

भिलाई। सांसद विजय बघेल ने भिलाई के नेहरू नगर चौक प्रियदर्शनी परिसर स्थित केंगेन वाटर कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। समाज के लिए बेहतर कार्य करने संपूर्ण टीम को बधाई दी और केंगेन टीम के 7000 से अधिक लोग छत्तीसगढ़ में प्रतिदिन केंगेन मशीन के प्रमोशन का कार्य कर रहें हैं। केंगेन टीम के प्रत्येक सदस्य घर-घर जाकर छत्तीसगढ़वासियों को भूमिगत जल का बेहतर उपयोग करने घर में वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण करने प्रोत्साहित कर रहे हैं।

बघेल ने कहा कि तीसरा विश्वयुद्ध पानी के लिए होगा। पानी की एक-एक बूंद के लिये लोग भविष्य में तरसेंगे और हाहाकार की स्थिति पैदा होगी। केंगेन टीम द्वारा अपने कार्य के साथ अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन कर छत्तीसगढ़ वासियों को जल स्तर के सुधार के लिये वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण करने प्रोत्साहित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के सभी भूभाग के जल स्तर में सुधार होगा।इस अवसर पर केंगेन टीम के शैलेन्द्र सिंह, सुदेश मिश्रा, निशु पाण्डेय, मधुसूधन राय, मिथिलेश मिश्रा, शरद तिवारी, अजय जैन, विनोद निझावन, संतोष जायसवाल, चंद्रेश जैन, मनीष जग्यासी, छोटू चावला, भास्कर तिवारी, अजय निषाद, खेमलाल साहू, जलाराम चौधरी, करम सिंह, हनी सिंह, प्रमोद सिंह, सुधीर बंसल, डाकेश्वर परघनिया, नासिर खान, शिव कुमार, डॉ रमेश श्रीवास्तव, राजेश सिंह, शिव बघेल, श्रीकांत ताम्रकार उपस्थित थे।

सेक्टर-6 सोसाइटी के सदस्य कर्मियों का हुआ समूह दुर्घटना बीमा

■ हादसे में हुई मौत पर नॉमिनी को दिए जाएंगे दस लाख रुपए

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में एक संक्षिप्त आयोजन में सोसाइटी की ओर से भिलाई स्टील प्लांट में सेवारत अपने सदस्य कर्मियों के लिए समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा की पॉलिसी आने वाले वर्ष के लिए इफ्को टोकियो कंपनी से करवाते हुए औपचारिकताएं पूरी की गईं।

इस पॉलिसी से दुर्घटना जनित निधन पर दस लाख की राशि सदस्य के नॉमिनी को देय होगा। आयोजन में अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व सदस्यों की ओर से बीमा की प्रीमियम राशि 31 लाख रुपए का चेक इफ्को टोकियो कंपनी के प्रतिनिधि और बिजनेस हेड नफीस को दिया गया।अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने इस दौरान बताया कि यह पॉलिसी एक वर्ष के लिए होगी।इसके अंतर्गत दुर्घटना से मृत्यु की स्थिति में बीमा क्षतिपूर्ति राशि दस लाख रुपए होगी। दुर्घटना के फलस्वरूप घायल/अनफिट होने पर क्षतिपूर्ति राशि ?5हजार/साप्ताहिक होगी। अध्यक्ष मिश्र ने बताया कि समूह सदस्यों के इंश्योरेंस क्लेम (बीमा दावा)बीएसपी ओ.पी.डी. बुक में उल्लेखित ट्रीटमेंट या रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टिशनर द्वारा उल्लेखित ट्रीटमेंट के आधार पर देय होगा। सदस्यों को दुर्घटना की सूचना सोसायटी के माध्यम से लिखित में देनी आवश्यक होगी।

स्थापित ट्रांसफार्मर से उपकेंद्र की क्षमता बढ़कर हुई 13 एमवीए

दुर्ग रीजन में 8 एमवीए क्षमता का दूसरा पॉवर ट्रांसफार्मर उपकेंद्र में स्थापित

■ भिलाई शहर जोन के लगभग 9000 उपभोक्ताओं को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण निर्बाध बिजली

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र, उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति प्रदान करने के लिए विभिन्न योजनाओं पर तेजी से कार्य कर रही है। इसी तारतम्य में दुर्ग षहर वृत्त के भिलाई शहर जोन के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. करुणा हॉस्पिटल विद्युत उपकेंद्र में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता 05 एम.व्ही.ए. से बढ़ाकर 08 एम.व्ही.ए. कर दिया गया है। जिससे आसपास के लगभग 09 हजार उपभोक्ता गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति से लाभान्वित होंगे। विद्युत उपकेंद्र में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि का कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत लगभग 42 लाख 39 हजार रुपए की लागत से संपन्न किया गया। पॉवर ट्रांसफार्मर को दिनांक 12 मार्च 2025 को उर्जीकृत कर उपभोक्ता सेवा में विस्तार किया गया।उल्लेखनीय है कि 08 एमवीए क्षमता का यह दूसरा पॉवर ट्रांसफार्मर है जो, दुर्ग रीजन में स्थापित किया गया है। जिसे षहर में बढ़ते हुए लोड को देखते हुए उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधा प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया है। इससे पूर्व 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र नेहरु नगर में दिनांक 01 जुलाई 2024 को 08 एमवीए क्षमता का एक अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाकर चार्ज किया गया था, जिससे उपकेंद्र की क्षमता बढ़कर 18 एमवीए हो गई है। पूर्व से ही उपकेंद्र में 05 एमवीए के तीन पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए थे, जिनमें से एक 05 एमवीए पॉवर ट्रांसफार्मर को बदलकर नया 08 एमवीए का ज्यादा क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगाया गया।

ज्ञात हो कि अभी तक उपकेंद्रों में अधिकतम 05 एमवीए क्षमता वाले पॉवर ट्रांसफार्मर ही स्थापित किए जाते रहे हैं। करुणा हॉस्पिटल क्षेत्र में बढ़ते हुए लोड को देखते हुए 08 एमवीए का बड़ा पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। पूर्व से ही उपकेंद्र में 05 एमवीए के दो पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए थे, जिनमें से एक 05 एमवीए पॉवर ट्रांसफार्मर को बदलकर नया 08 एमवीए का ज्यादा क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिससे उपकेंद्र की क्षमता बढ़कर 13 एमवीए हो गई है।दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री संजय खंडेलवाल ने बताया कि पॉवर ट्रांसफार्मर में क्षमता वृद्धि से करुणा हॉस्पिटल उपकेंद्र के लगभग 9000 उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज एवं ओवर लोडिंग की समस्या से राहत मिलेगी एवं सभी घरों तक उच्च गुणवत्ता की बिजली पहुंचेगी।

महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन की गूंज, हुआ धरना-प्रदर्शन

धरना-प्रदर्शन व विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। अपनी विरासत एवं संस्कृति को बचाने के लिए महाबोधि महाविहार मुक्ति हेतु आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार डोंगरगढ़ के तत्वाधान में सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता महिला और युवा उपासक एवं उपासिकाओं ने तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ के सामने धरना प्रदर्शन किया धरना प्रदर्शन की शुरुवात तथागत गौतम बुद्ध एवं डॉ बाबासाहेब आंबेडकर को माल्यार्पण कर संविधान की उद्देशिका की शपथ से की गई। शाम 4 बजे तक विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

बौद्धों के सबसे पवित्र तीर्थ स्थल महाबोधि महाविहार गया बिहार इस स्थान पर भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई उस स्थान पर बौद्ध गया में सम्राट अशोक ने महाबोधि महाविहार का निर्माण कराया था। आज वहां देश विदेश से लाखों उपासक भगवान बुद्ध के दर्शन करने आते है। लेकिन महाबोधी महाविहार का प्रबंधन बौद्धों के हाथ में पुर्णतः ना होकर गैर बौद्धों के हाथ में है। बिहार के टेंपल एक्ट 1949 को समाप्त करने और महाबोधि महाविहार को मुक्त कराने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने आवाज़ उठाई। बौध्द अनुयायियों ने एक स्वर में कहा कि मांग पूरी नहीं होने पर विरासत बचाने के लिए और भी उग्र आंदोलन किया जाएगा व अधिकारों का यह संघर्ष लगातार जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन के पश्चात कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार समिति डोंगरगढ़ व महिला सशक्तिकरण संघ डोंगरगढ़ के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन के पूर्व आदर्श बौद्ध महासभा के लोगों ने आवाज़ बुलंद करते हुए नारों के साथ अपनी माँगों को लेकर आवाज उठाते हुए आगे भी संघर्ष के लिए आगाज किया धरना प्रदर्शन के अध्यक्ष सिद्धार्थ नागदेवे जी ने बौद्धगया टेम्पल एक्ट की विस्तार से जानकारी दी , आयुष्मति हर्षबाला जांभुलकर ,रत्नदीप चंद्रिकापुरे, हीरालाल टेंभुरकर, मुकेश ढोके, सुनंदा डोंगरे, नलिनी टेंभुरकर जी व सुजाता महिला बौद्ध समिति ने गीतो के माध्यम से विरोध प्रदर्शन किया, भंते नागरत्न एवं भंते कुमार कश्यप जी ने बौद्धगया महाविहार के इतिहास की विस्तृत जानकारी दी । धरना प्रदर्शन को नलिनी मेश्राम, गौतम रामटेके, दीपक ऊके, राजेश राऊतकर, मनोज गजभिये जी, गांधी टांडिया व डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने संबोधित किया व संचालन अमिताभ दुफारे ने किया।

धरना प्रदर्शन में विनायक मेश्राम, बादल वाल्दे, किरण मेश्राम , धिरज मेश्राम, भुषण मेश्राम, मनीष बडोले, माया भास्कर, सरोज लांजेवार, सारिका बडोले, अस्मिता मेश्राम,सविता मेश्राम, अनुपमा लांडगे, चंद्रशेखर बोरकर, निर्भयदास चोखांन्द्रे, ललिता मेश्राम, संजू गजभिये, राहुल राऊत, संगम नागदेवे सहित डोंगरगढ़ शहर के बहुतायत में बौद्ध उपासक सम्मिलित हुए।

न्यूज गैलरी

भानू चंद्राकर नपं कुरूद के विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

कुरूद/नवप्रदेश। नगर पंचायत कुरूद में विधायक अजय चन्द्राकर ने नगर में विकास कार्यों से लेकर परिषद-पी.आई.सी. के बैठकों सहित विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नगर पंचायत के पूर्व नेता प्रतिपक्ष भानु चन्द्राकर को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया। नगर पंचायत कुरूद के विधायक प्रतिनिधि नियुक्त होने पर मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष निरंजन सिंहा, रविकांत चंद्राकर, मालक राम साहू, अजय केला मुलं चंद सिन्हा चंदन शर्मा कमलेश चंद्राकर, सभापति मिथलेश बैस, महेंद्र गायकवाड, सीतेश सिंहा, राजकुमारी ध्रुव, कविता चंद्राकर सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

लालसोट महिला मंडल ने मनाया होली मिलन व गणगौर उत्सव

भाटापारा/नवप्रदेश। स्थानीय नारायणी नवल धाम मंदिर प्रांगण में लालसोट महिला मंडल द्वारा होली मिलन व गणगौर उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सम्मानीय अतिथियों, सभी वरिष्ठ महिलाओं व सदस्यों द्वारा गणेश जी,श्री परशुराम की पूजा अर्चना व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। उपस्थित सभी महिलाओं का स्वागत तिलक लगाकर व गजरा पहना कर किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए मनोरंजक गुब्बारे के खेल रखे गए। गणगौर की शब्दावली पर आधारित पर्चीयां रखी गई जिनमें आए शब्दों जैसे जवांरा, अलकल,ईसर-गौरा के पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति समाज की महिलाओं द्वारा दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक गीत व फागुन के गीतों पर रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियां एकल व सामूहिक नृत्य के माध्यम से समाज की बेटियों व बहुओं द्वारा दी गई। समाज की इस वर्ष की नई ब्यावलियों को विशेष स्मृति चिन्ह लाड-दुलार के साथ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन उमा शर्मा, आभा व्यास व साक्षी शर्मा द्वारा किया गया। अंत में लालसोट महिला मंडल की अध्यक्ष नेहा शर्मा ने सभी उपस्थित महिलाओं का आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को सामाजिक व सांस्कृतिक रूप से जोड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। होली मिलन समारोह और गणगौर उत्सव पारम्परिक परिधानों लोकगीतों लोक नृत्यों व लोक परंपराओं के अनुरूप धूमधाम से संपन्न हुआ.इस अवसर पर काफी बड़ी तादाद में सामाजिक महिलाएं उपस्थित थी।

निधन : सनत सामंतों

रायपुर/नवप्रदेश। कोटा कॉलोनी रायपुर निवासी सनत सामंतों उम्र 80 वर्ष का निधन हो गया है। अंतिम यात्रा 19 मार्च सुबह 10:00 कोटा मुक्तिधाम में संपन्न होगी। ये राजीव सामंतो, भाजपा नेता गोपाल सामंतों के पिताजी थे।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विभागों के लिए 21,277 करोड़ 28 लाख से अधिक की अनुदान मांगें पारित

नक्सल विरोधी बल बस्तर फाइटर्स के लिए 3,202 नए पदों का सृजन

वित्तीय वर्ष 2025-26 में पीएम आवास के लिए 8500 करोड़ रुपए का प्रावधान

राज्य के पुलिस बल को आधुनिक संसाधनों से किया जा रहा सुसज्जित

2 लाख 24 हजार से अधिक महिलाएं बनी लखपति दीदी

5 साइबर, 6 अजाक, 3 महिला और 2 नवीन पुलिस थाना खोलने की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में मंगलवार को पुलिस, गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के वित्तीय सहायता, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 21,277 करोड़ 28 लाख रूपए से अधिक की अनुदान मांगें पारित की गई। इसमें पुलिस विभाग से संबंधित व्यय के लिए 8237 करोड़ 13 लाख 16 हजार रूपए, गृह विभाग से संबंधित व्यय के लिए 141 करोड़ 64 लाख 25 हजार रूपए, जेल विभाग के लिए 278 करोड़ 99 लाख 90 हजार रूपए, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के लिए 8055 करोड़ 65 लाख 97 हजार, त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के वित्तीय सहायता के लिए 4025 करोड़ 76 लाख 69 हजार रूपए, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए 64 करोड़ रूपए तथा तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के लिए 474 करोड़ 8 लाख 4 हजार रूपए की अनुदान मांगे पारित की गई।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने सदन में बताया कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए एक-एक गारंटी को पूरा करने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के हर आवासविहीन परिवारों को छत देने का सपना को साकार करने का काम रही है। हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत राज्य के 18 लाख गरीब परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए पहली कैबिनेट बैठक में ही स्वीकृति प्रदान कर इस दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना हमारे सरकार के लिए केवल ईंट और गारे से बने घरों का कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह लाखों जरूरतमंदों के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने बताया कि भारत सरकार हमारी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए 11 लाख 50 हजार नऐ मकानों की मंजूरी दी, इसके लिए 8 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया, अब तक 7 लाख 69 हजार मकानों की स्वीकृति दी जा चुकी है और निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार के नेतृत्व वाले सरकार ने इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 8500 करोड़ ऐतिहासिक प्रावधान किया गया है। इससे आवासहीन एवं जरूरतमंद परिवारों का स्वयं के मकान का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाभियान के तहत 26 हजार 426 विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों को मकानों की स्वीकृति दी गई और उनके खातों में 259 करोड़ की राशि हस्तांतरित की गई है।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने सदन बताया कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 2.70 लाख स्व सहायता समूह के माध्यम से 29.14 लाख से अधिक गरीब परिवारों की महिलाओं को जोड़कर विभिन्न आयमूलक गतिविधियों के माध्यम से रोजगार मुहैया कराई जा रही है। योजना के तहत अब तक संगठनों को 6873 करोड़ रूपए से अधिक की राशि आपदा कोष के रूप में जारी किया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष में दो लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य के विरूद्ध 2.24 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी की श्रेणी में आ चुकी है। वहीं केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के सहयोग से नमों ड्रोन दीदी योजना शुरू की गई है। अभी तक 14 ड्रोन दीदी तैयार कर 74 और ड्रोन दीदीयों के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर देश में जन आंदोलन के रूप में वृहद स्तर स्वच्छ भारत मिशन अभियान चलाया गया। जिसका उत्साहवर्धक परिणाम प्राप्त हुए हैं। हमारी सरकार इस वर्ष के बजट में स्वच्छ भारत मिशन के लिए 200 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बस्तर संभाग के ऐसे अपूर्ण सड़के जो कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में है, सुरक्षा बलों के सहयोग से 204 किलोमीटर की 19 सड़के पूर्ण कर लिया गया है। वहीं 35 वृहद पुलों का निर्माण कर 85 करोड़ रूपए व्यय किया गया हैं। इस वर्ष बजट में नवीनीकरण कार्य हेतु 350 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार पीएम-जनमन योजना अंतर्गत पीवीजीटी बसाहटों में सड़क निर्माण के लिए 500 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री ग्राम सडक विकास योजना के लिए 92.70 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे सचिव, पंचायतों में कामकाज ठप

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। शासकीयकरण की मांग को लेकर मंगलवार से सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चलें गए है। सोमवार को राजधानी रायपुर में विधानसभा घेराव किया गया। सचिवों की हड़ताल डोंगरगढ़ ब्लॉक में भी शुरु हो गई है। ब्लॉक मुख्यालय में जनपद पंचायत के सामनें सचिव धरना पर बैठे है। इनके अनिश्चितकालीन हड़ताल से अब ग्राम पंचायतों में कामकाज पूरी तरह से ठप हो जाएंगे। सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजाराम उइके ने बताया कि राज्य की सत्ता में काबिज भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव के पूर्व अपनें घोषणा पत्र मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करनें का वादा किया था। लेकिन 15 महीनें का समय बीत जानें के बाद भी सचिवों को शासकीयकरण करनें की दिशा में अब तक पहल नहीं की गई है। जिससे प्रदेश भर के सचिव स्वयं को ठगा महसूस कर रहे है। 7 जुलाई 2024 को रायपुर में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री सहित कई मंत्रियों की उपस्थिति में सरकार ने गारंटी दी थी कि 1995 से कार्यरत सचिवों को शासकीय किया जाएगा।

प्रथम पेज का शेष

मूणत के साथ महंत ने ...

में सुप्रीम कोर्ट का फैसला लागू नहीं होता। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने कहा कि उप अभियंता (एई) के 75 प्रतिशत पोस्ट पदोन्नति के होते हैं। आज जो डिप्लोमा वाले भर्ती होंगे, भविष्य में एई नही बन पाएंगे, क्योंकि डिग्री धारी होना जरूरी है, नहीं तो व्यवस्था बिगड़ जाएगी।

सुनीता और बैरी बुधवार...

एक सीट का किराया 55 मिलियन डॉलरः स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल का किराया बहुत अधिक है, जिसके बारे में जानकर आप हैरान हो जाएंगे। हम आपको अपनी खबर में बताएंगे ड्रैगन कैप्सूल की एक सीट का किराया कितना है। स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल में सात अंतरिक्ष यात्रियों के बैठने की जगह होती है। इसकी एक सीट का किराया 55 मिलियन डॉलर(476 करोड़ रुपये) है। भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स नौ महीने बाद अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से धरती पर लौट रही हैं।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी दुर्ग जिला-दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./....../ब-121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका भारती अम्पल्ली पिता/पति अम्पल्ली लक्ष्मण राव सेक्टर 06 तहसील भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा अम्पल्ली लक्ष्मण राव /वायराम मूर्ति की जन्म /मृत्यु दिनांक 18/08/2022 को हो जाने पर जन्म /मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो यह नियत पेशी दिनांक 27/03/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिंनाक 12/03/25 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक -
सुनवाई दिनांक

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जिला-दुर्ग(छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी दुर्ग जिला-दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./....../ब-1 21/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मो.शाहिद चौधरी पिता/पति स्व. अब्दुल रसीद चौधरी निवासी बांस पारा तहसील दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा अब्दुल रसीद चौधरी/अब्दुल कादिर चौधरी की जन्म /मृत्यु दिनांक 04/01/2020 को हो जाने पर जन्म /मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो यह नियत पेशी दिनांक 27/03/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिंनाक 12/03/25 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक -
सुनवाई दिनांक

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जिला-दुर्ग(छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र./202503103800027/अ-20(3)/वर्ष 2024-25

आवेदक रायनी सत्यनारायण आ. स्व. आर.वेंकट स्वामी, आमदी नगर हुडको भिलाई जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का भाग प्लाट नं. एम.आई.जी. 1/707 रकबा 150.00 वर्गमीटर धारक आर. आदम्मा बेवा आर. वेंकट स्वामी एवं रायनी सत्यनारायण आ. स्व. आर. वेंकट स्वामी के संयुक्त नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक आर. आदम्मा बेवा आर. वेंकट स्वामी द्वारा पंजीकृत हकत्यागनामा दिनांक 24.02.2025 को आवेदक के पक्ष में निष्पादित किया गया है। उक्त आधार पर आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड से हकत्यागकर्ता का नाम विलोपित किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव एतद्द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 02.04.2025को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसीव्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा कराया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप /आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 12.03.2025को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)दुर्ग, जिला-दुर्ग

रा.प्र.क्र. / ई-कोर्ट रज नं. 20250310400224, अ-2/2024-25
पक्षकार का नाम श्री योगेश कुमार साहू

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमती/श्री योगेश कुमार साहू आ. श्री हुकुम चंद साहू, निवासी पुलिस लाईन दुर्ग जिला दुर्ग, द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपर्तन /पुर्ननिर्धारण हेतु छ.ग. भू. रा. सं. 1959 की धारा 172 सहपठित द्वारा 59(2)(5) के तहत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

ग्राम /प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि स्थित है
ग्राम -बोरसी प.ह.नं. 39 तहसील व जिला दुर्ग
खसरा नंबर 233/155
रकबा (क्षेत्रफल) 0.020 हे./2150 वर्गफीट
प्रयोजन आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकरण की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति -दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जिला-दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा पत्र

रा.प्र.क्र./202503104700029
अ-6/2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कीर्ति बाई पिता/पति केशरीलाल साहू निवासी ग्राम खैर तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम खैर तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1796, 1798, 1801, 1806, 2384 रकबा 0.11, 0.05, 0.18, 0.25, 0.01 हे. भूमि जो इक आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार राजेश साहू की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 01/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/03/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया है।

जारी दिनांक 11/03/2025
सुनवाई दिनांक 01/04/2025

सील
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नजूल अधिकारी दुर्ग का प्र.क्र. 20250310350005 अ-20(3)/2024-25

उद्घोषणा

आवेदक श्री भगत सिंह गुरूदत्ता पिता स्व. श्री सतनाम सिंह उम्र 53 वर्ष निवासी गायत्री मंदिर वार्ड, ओम काम्पलेक्स के पीछे रानी अवंती बाई विद्यालय दुर्ग तह. दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि दुर्ग नगर स्थित नजूल शीट नं. 15 भूखण्ड क्रमांक 6/20 क्षेत्रफल 2176 वर्गफुट भूमि यशोदित्य सिंह पिता सतनाम सिंह एवं अन्य 07 के संयुक्त खाते में दर्ज है। खातेदारों द्वारा आवेदक भगत सिंह गुरूदत्ता के नाम पर दिनांक 09.05.24 को पंजीकृत हकत्याग किए जाने से आवेदक द्वारा उपरोक्त भूमि को अपने नाम पर किए जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदित भूमि से हकत्यागकर्तागण का नाम विलोपित कर आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति/ दावा प्रकरण के 15 दिवस के भीतर न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग के समक्ष स्वतः अथवा अपना प्लीडर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/03/25 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय में मुद्रा से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा पत्र

रा.प्र.क्र./202503104700030/
अ-6/2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कैलाश पटेल पिता जेठूराम पटेल निवासी ग्राम कचान्दुर तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कचान्दुर तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 58/2, 67, रकबा 0.04, 0.17 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार जेठूराम की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 01/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/03/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया है।

जारी दिनांक 11/03/2025
सुनवाई दिनांक 01/04/2025

सील
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

नजूल अधिकारी दुर्ग का प्र.क्र.
202503103500008
अ 20(3)/ 2024-25

उद्घोषणा

आवेदिका श्रीमती योगिता गुरूदत्ता पति गुरदीप गुरूदत्ता उम्र 50 वर्ष निवासी गायत्री मंदिर वार्ड, ओम काम्पलेक्स के पीछे, रानी अवंती बाई विद्यालय दुर्ग तह. दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि दुर्ग नगर स्थित शीट नं. 15 भूखण्ड क्रमांक 6/61 क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट आवेदक के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के पट्टे का नवीनीकरण की अवधि पूर्ण हो जाने से नवीनीकरण किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदित भूमि आवेदक के नाम पर नवीनीकरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो वह अपना आपत्ति/ दावा प्रकरण में 15 दिवस के भीतर न्यायालय नजूल अधिकारी, दुर्ग के समक्ष स्वतः अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/03/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय में मुद्रा से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा पत्र

पक्षकार का नाम - रेशम कौर
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202503100400187

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका रेशम कौर आ./पति सर्वजीत सिंह निवासी कादम्बरी नगर द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
ग्राम कातुलबोड़ प.ह.न 42 तह. व जिला दुर्ग	3/732	0.0086हे. 924 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक, या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति-दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 12 मार्च 2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला-दुर्ग

समक्ष- श्रीमान तहसीलदार/कार्यपालिक मजिस्ट्रेट दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता प्रशांत गोड़बोले पिता श्री बेनीपाल गोड़बेले उम्र 43 वर्ष निवासी जोन-03 सड़क नं. 8/सी, न्यू आदर्श नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का रहने वाला हूं जो कि निम्न कथन शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं कि :-

1. यह कि मेरे नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरी पुत्री मायरा गोड़बेले (Myra Godbole) के नाम पर एल.आई.सी. में चिल्ड्रन्स मनीबैंक प्लान है जिसका पालिसी क्रमांक 387974800 है। जिसमें मेरी पुत्री का नाम (Milkey Godbole) है।
3. यह कि मेरी पुत्री के नाम से आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज जारी हुआ है जिसमें मेरी पुत्री का नाम मायरा गोड़बोले (Myra Godbole) दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है।
4. यह कि मायरा गोड़बोले Myra Godbole एवं Milkey Godbole दोनों नाम मेरी पुत्री का ही है किसी अन्य का नाम नहीं है।
5. यह कि गजट प्रकाशन में मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम मायरा गोड़बोले (Myra Godbole) दर्ज करवाने के समर्थन में शपथ पत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

सत्यापन :- मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र कंडिका 01 से 05 तक की गई दी गई जानकारी सत्य व सही है। अतः आज दिनांक 12/03/2025 को अपना हस्ताक्षर किया।

शपथकर्ता

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा पत्र

पक्षकार का नाम - ललेश्वर कुमार साहू
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202503100400102

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक ललेश्वर कुमार साहू आ. भुखुराम साहू निवासी- मिलन चौक कृष्णा नगर भिलाई द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु छ.ग.भू.रा. सं. 1959 सहपठित धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
ग्राम नगपुरा प.ह.न 02 तह. व जिला दुर्ग	1984/21	0.0023हे. 251 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक, या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति-दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06 मार्च 2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 20250310800025/
अ-20 (3)/वर्ष 2024-25

आवेदक हेमसिंह राजपूत आ. स्व. धनसिंह एवं 11 निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग नजूल स्थित शीट नं. 45 सी. भूखंड क्र. 42, रकबा 201 वर्गमीटर धारक धनसिंह राजपूत आ. स्व. सोनसिंह राजपूत के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 20.01.2003 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड को धारक की मृत्यु उपरांत विधिक वारिसान के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा कराये जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/ आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 10.03.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
नजूल जांच अधिकारी,
दुर्ग

न्यायालय नजूल अधिकारी, दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

नजूल अधिकारी दुर्ग का प्र.क्र. 20250310350009 अ-20(3)/2024-25

उद्घोषणा

आवेदक श्री गुरूदीप सिंह गुरूदत्ता पिता स्व. श्री सतनाम सिंह उम्र 50 वर्ष निवासी गायत्री मंदिर वार्ड, ओम काम्पलेक्स के पीछे रानी अवंती बाई विद्यालय दुर्ग तह. दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि दुर्ग नगर स्थित नजूल शीट नं. 15 भूखण्ड क्रमांक 6/60 क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट आवेदक के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के पट्टे पर नवीनीकरण की अवधि पूर्ण हो जाने से नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदित भूमि आवेदक के नाम पर नवीनीकरण किए जाने पर जिस किसी पर जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो वह अपना आपत्ति/ दावा प्रकरण में 15 दिवस के भीतर न्यायालय नजूल अधिकारी, दुर्ग के समक्ष स्वतः अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/03/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय में मुद्रा से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 20250210270006/अ-121
वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक प्रहलाद देवांगन पिता बुदधुराम देवांगन निवासी सांई नगर उरला तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम बोरीबुजुर्ग प.ह.नं. 4, रा.नि.मं. बोरी, तहसील बोरी जिला दुर्ग में उनके पिता बुदधुराम की मृत्यु दिनांक 23.06.2003 को होने के कारण उनका मृत्यु प्रमाण पत्र आदेश प्रदाय बाबत आवेदन पत्र शपथ पत्र पुलिस जांच रिपोर्ट, ग्राम पंचायत प्रमाण पत्र, पटवारी प्रतिवेदन संलग्न कर पेश किया गया है जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक को उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 08/04/2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
बोरी

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीरज शर्मा पिता रामप्रकाश शर्मा के द्वारा ग्राम परपोड़ी हल्का नं. 23 तहसील देवकर जिला बेमेतरा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 823/4 रकबा 0.03 हे. भूमि को व्यावसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर दावा हो तो दिनांक 19/03/2025 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
साजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 2025031047 0032
अ-6/2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अनुराधा मोइत्रा पति स्व. प्रकाश कुमार मोइत्रा उम्र- 65 वर्ष निवासी बी/69 स्ट्रीट नंबर 12, स्मृति नगर चौकी स्मृति नगर थाना सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा स्थित भूमि मौजा ग्राम जुनवानी प.ह.नं. 43, रा.नि.मं. जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 462/44, रकबा 0.0200 हे. लगान भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के पति पी.के. मोइत्रा पिता प्रशांत कुमार मोइत्रा के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी प्रकाश कुमार मोइत्रा का स्वर्गवास दिनांक 25/01/2025 को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से मृतक का नाम विलोपित कर उसके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्याायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 08/04/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/03/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 11/03/2025 अति. तहसीलदार
सुनवाई दिनांक 08/04/25 दुर्ग-01

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 4

मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भः- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. 00016 उरला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 202425430107200057

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00016 के अंतर्गत ग्राम उरला के वर्तमान भूमिस्वामी प्रेमलता यादव पिता/पति ध.प. स्व. भोलाशंकर यादव पता-गंजपारा रामदेव मंदिर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 619/18 (0.0140) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता दीपक यादव पिता/पति पिता-स्व. भोलाशंकर यादव पता-गंजपारा वार्ड नं. 36 दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 02/04/2025 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 4 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/03/2025 को जारी किया जाता है।

सील
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री से सांसद संतोष पांडे ने विभिन्न विषयों पर की चर्चा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आज संसद भवन में माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दिल्ली प्रवास के दौरान सभी भाजपा सांसदों ने मुख्यमंत्री से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे, भोजराज नाग, रूपकुमारी चौधरी सहित आदि सांसद मौजूद रहे।

गंडई महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की बैठक संपन्न

गन्डई पंडरिया /नवप्रदेश। स्व. देवी प्रसाद जी चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई की जनभागीदारी समिति का प्रथम बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंटकर किया गया। तत्पश्चात् महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.पी. कुर्रे के द्वारा जनभागीदारी समिति गठन के उद्देश्य एवं दायित्वों पर आधारभूत बात रखे तत्पश्चात् बैठक के निर्धारित एजेन्डो पर समिति के सदस्यों द्वारा विस्तृत चर्चा किया गया। मुख्य एजेन्डों के तहत कैंटिन निर्माण, लघु गार्डन निर्माण, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरूस्कृत करने, जनभागादारी समिति से कार्यरत् कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए मासिक पत्रिका खरीदने, भारी वाहन प्रवेश हेतु गेट निर्माण जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा हुई। बैठक के अंत में प्राचार्य डॉ. डी. पी. कुर्रे द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस बैठक में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष यतीश कुंजाम, जनभागीदारी समिति के सदस्य जीवन दास रात्रे, राकेश ठाकुर, सुनील जैन, राजू जंघेल, अंकित अग्रवाल सहित आदि मौजूद रहे।

जिपं सदस्य बनने के बाद मधु रॉय का गृहग्राम में हुआ जोरदार स्वागत

गृह ग्राम में हुआ प्रथम आगमन

नवागढ़/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र नवागढ़ के चक्रवाय गांव में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय का ग्रामीणों ने जोरदार आतिशबाजी एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। साथ के गांव की नवनिर्वाचित सरपंच सुनीता हेमंत बघेल सहित पंचगण भी शामिल रहे।

उल्लेखनीय है कि ग्राम चक्रवाय मधु रॉय की जन्मभूमि है, यहां जिला पंचायत सदस्य बनने उपरांत प्रथम आगमन पर ग्रामीणों में खासा उत्साह नजर आया। सर्वप्रथम मधु ने पंचायत के जनप्रतिनिधियों संग ग्राम का भ्रमण कर ग्रामवासियों का अभिवादन स्वीकार किया गया। ग्रामीणों ने उनका आरती उतारकर, फूलमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर, गाजे-बाजे के साथ आत्मिय स्वागत किया। ततपश्चात सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं भी दीं। होली के मौके पर हुए इस कार्यक्रम को लेकर सभी कार्यकर्ता, समर्थक और ग्रामीण खुश नजर आए। मधु ने कहा कि आज एक जिला पंचायत सदस्य नहीं आपकी बेटी आपके दरवाज़े में आई है, यह गांव मेरी जन्मभूमि है और यहां का विकास मेरी पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामवासियों को विश्वास दिलाया कि वे सबके सुख-दुख में पहले की भांति शामिल रहूंगी और जिला पंचायत क्षेत्र के साथ-साथ पूरे नवागढ़ विधानसभा के विकास के लिए तत्पर रहेंगी।

नवनिर्वाचित सरपंच सुनीता बघेल ने कहा कि यहां की बेटी का जिला पंचायत सदस्य बनना हमारे लिए गर्व की बात है।चक्रवाय धाम की पवित्र मिट्टी से कई जन नेताओं ने जन्म लिया है। अब केवल और केवल गांव का विकास ही हमारी प्राथमिकता होगी।

इस दौरान बबिता तरुण घृतलहरे, लघेश्वरी बघेल, कुमारी बाई, श्याम बाई सोंडे, बसंती बघेल, सुशीला बघेल, कौशिल्या बघेल, पंच राम सोंडे, प्रद्युमन नवरंगे, बसंत पात्रे, प्रिया कुसमन नवरंगे, चित्रेखा आशीष बघेल, धर्मेंद्र टंडन, कुसमन नवरंगे, तोपचन्द बांधे, मनीष सोंडे, नीलेंद्र टंडन आदि उपस्थित रहे।

कबीरधाम जिले में पीएम आवास निर्माण में तेजी, कलेक्टर ने दिए अफसरों को दिशा-निर्देश

जिले के 8,808 लाभार्थियों को मिलेगा अपना घर

प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के लिए बड़ी खुशखबरी

कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर होने जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम मोहभट्ठ में आयोजित महागृह प्रवेश कार्यक्रम में प्रदेशभर के लाखों हितग्राहियों को उनके सपनों के आशियाने की चाबी सौंपेंगे। इस मौके पर कबीरधाम जिले के 8808 लाभार्थी भी सामूहिक गृह प्रवेश करेंगे, जिससे उनका वर्षों पुराना सपना साकार होगा।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में निर्माण कार्य तेजी से जारी है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने इस योजना के तहत स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष बचे आवासों का निर्माण कार्य तय समय-सीमा में पूरा किया जाए, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही अपने घर के हक से वंचित न रहे। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अजय त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री के 30 मार्च 2025 को प्रस्तावित महागृह प्रवेश कार्यक्रम के लिए कबीरधाम जिले को 8808 आवास पूर्ण करने का लक्ष्य मिला है। इनमें से 5469 आवासों का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है, जबकि शेष 3339 आवासों को आगामी 30 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिले को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल 42,701 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें से अब तक 5469 आवास पूरे किए जा चुके हैं। इसके अलावा, प्रथम किस्त 25,101 हितग्राहियों को, दूसरी किस्त 15,603 हितग्राहियों को और तीसरी किस्त 3,214 हितग्राहियों को जारी की गई है। कलेक्टर वर्मा ने निर्देश दिए कि प्रथम किस्त जारी होने के बाद जिले में 8289 आवासों का निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाए, ताकि सभी हितग्राही योजना का लाभ समय पर प्राप्त कर सकें। जिले के विभिन्न विकासखण्डों में जारी आवास निर्माण की प्रगति की समीक्षा में बताया गया कि बोड़ला विकासखण्ड में 2031, कवर्धा विकासखण्ड में 1479, पंडरिया विकासखण्ड में 2898 और सहसपुर लोहारा विकासखण्ड में 1881 आवास निर्माणाधीन हैं। समय-सीमा की बैठक में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत जिले में स्वीकृत मिनी स्टेडियम निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिले में कुल 24 मिनी स्टेडियम स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 15 ग्रामों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा, सूरजपुरा और खड़ौदा खुर्द में वन भूमि की स्वीकृति न मिलने के कारण स्थल चिन्हांकन नहीं हो सका था, लेकिन अब वन विभाग से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, जिससे जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा।

जिले में जिन 24 ग्रामों को मिनी स्टेडियम निर्माण के लिए शामिल किया गया है, उनमें दौजरी, बदराडीह, बैजलपुर, मक्के, उसरवाही, झलमला, चिल्फी, खैरबना, बेंदरची, जिटाटोला, खारा, सूरजपुरा, बदौड़ा खुर्द, सिघनपुर जंगल, दुल्लापुर, घुघरीकला, पवंतरा, नेवारी, तीतरी, सिल्हाटी, अमलीडीह, भोंदा, कांपा, कामड़बरी और नेउरगांव खुर्द शामिल हैं।बैठक में कलेक्टर वर्मा ने केंद्र एवं राज्य शासन की प्राथमिकता में शामिल धरती आभा योजना की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, जिले के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए 275 ग्रामों के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया।

घटिया सड़क और पुल निर्माण की शिकायत डिप्टी सीएम विजय शर्मा के नाम सौंपा ज्ञापन

बोड़ला/नवप्रदेश। आदिवासी बाहुल्य बोड़ला ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सिंघारी से ग्राम पंचायत बोंदा 3 के आश्रित ग्राम कुरुलुपानी तक पड़ने वाले नदी, नालों में पुलिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जहां जमकर भ्रष्टचार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कलेक्टर के नाम से अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला (स्‍हरू) को पुलिया निर्माण में लोकल नदिया का मिट्टी युक्त रेत,10 द्दद्द छड़, बोल्डर गिट्टी का उपयोग ठेकदार द्वारा कार्य किया जा था। जिसको लेकर ग्रामीणों ने शिकायत की है। साथ में कहा है कि अगर जल्द जांच नहीं होती है इसको लेकर कलेक्टर ऑफिस का घेराव करेंगे। सड़क निर्माण पूरी तरह से खराब निर्माण होना बताया जा रहा हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों की साठगांठ से इस तरह का काम ठेकेदार करा रहा है। गजेन्द्र कश्यप ने बताया कि आदिवासी क्षेत्र होने के चलते संबंधित विभाग के इंजीनियर भी निर्माण स्थल की जांच के लिए नहीं आते हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के अधिकारियों से इस संबंध में कॉल कर जानने की कोशिश किया गया तो कुछ कॉल उठाने के लिए तैयार नहीं हुए। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा कि जिन अधिकारियों की मॉनिटरिंग में सडक़ का निर्माण कराया जाना है, वह मौके पर ही नहीं रह रहे हैं।

प्रधानमंत्री सड़क योजना (जन मन) के द्वारा कार्य कराया जा रहा है जिसमें स्ड्ढह ,सब इंजीनियर , प्रधानमंत्री के श्व के अधिकारी ऑफिस में बैठ कर ही कार्य का देखरख कार्य कर रहे हैं। जिसे पुलिया निर्माण में ठेकेदार द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा और अधिकारी आंख बंद देखरेख कर रहे हैं।

जल संकट को लेकर महापौर-विधायक और सांसद का होगा पुतला दहन

कांग्रेस के युवा नेता संदीप सोनी ने दी चेतावनी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर के सभी 51 वार्ड में पीने के पानी और निस्तारी के लिए जल का संकट गहराता जा रहा है इसे लेकर विपक्ष कांग्रेस के युवा नेता संदीप सोनी ने शासन प्रशासन को आंदोलन की सीधी चेतावनी दे दी है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को पीने का पानी आवश्यकता के अनुसार नहीं दिया जाता है तो क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडे, क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह तथा पूर्व सांसद एवं वर्तमान महापौर मधुसूदन यादव का एक साथ पुतला दहन शहर के बीचो-बीच किसी भी स्थान पर किया जाएगा।

श्री सोनी आगे कहां कि मोहारा एनीकट सहित ऊपरी क्षेत्र के एनीकट जैसे मोखली एनीकट रातापायली एनीकट आदि में भारी मात्रा में रेत जमा हो गई है इसके कारण थोड़ा पानी भरने पर अथाह दिखता है। नगर निगम सहित जल संसाधन विभाग तथा जिला प्रशासन ने रेत हटवाने कोई पहल नहीं की है। जिससे सभी एनीकट में जलधारण क्षमता घट गई है। और पानी का वाष्पीकरण ज्यादा हो रहा है। बहुत पानी तो धरती सोख रही है आलम यह है कि नागरिकों को बूंद बूंद के लिए मोहताज होना पड़ रहा है उसमें भी वितरण व्यवस्था की असमानता देखी जा रही है। कहीं कोई नागरिक टूल्लू पंप के माध्यम से बड़ी-बड़ी कोठी भर रहे हैं किसी को एक गुंडी पानी नसीब नहीं हो रहा है। आलम यह है कि करोड़ों के अमृत मिशन और करोड़ों के पानी खरीदे जा चुके होने के बावजूद नागरिकों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। वहीं कई जगह टोटीविहीन नलों से पानी व्यर्थ बह रहा हैं ऐसी स्थिति में वितरण का गंभीर दोष पैदा हो गया है। नागरिकों को जल संकट से यदि जल्द ही नहीं उबरा जाता है तो कांग्रेस नागरिकों को साथ लेकर सड़क की लड़ाई लड़ेगी। जिसमें कुछ अप्रिय हो जाता है तो इसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। श्री सोनी ने यह भी बताया कि यदि एक सप्ताह के भीतर जल संकट का निराकरण नहीं किया गया तो सांसद संतोष पांडे, विधायक डॉ. रमन सिंह और महापौर मधुसूदन यादव का पुतला फूंकने मजबूरी होगी। क्योंकि स्थानीय तौर पर व्याप्त जल संकट के लिए यही सत्ता सीन भाजपा के यही नेता जिम्मेदार है।

अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 12 से प्रारंभ

कवर्धा/नवप्रदेश। भारतीय थलसेना में अग्निवीर के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 12 मार्च 2025 से शुरू होकर 10 अप्रैल 2025 तक जारी रहेगी।

इस भर्ती के तहत जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमैन (8वीं व 10वीं), महिला सैन्य पुलिस, और रेगुलर कैडर भर्ती के तहत धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा जैसे पदों पर भर्ती की जाएगी। अधिसूचना के अनुसार, इस बार उम्मीदवार अपनी योग्यता के अनुसार अग्निवीर के दो पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। विशेष रूप से, अग्निवीर क्लर्क के उम्मीदवारों को ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) के दौरान टाइपिंग टेस्ट देना होगा। ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) जून 2025 में आयोजित किए जाने की संभावना है।

झेरिया यादव समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन 23 को

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे मुख्य अतिथि

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव की राजनांदगांव महानगर इकाई द्वारा 23 मार्च को प्रदेश स्तरीय सामाजिक युवक - युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन गांधी सांस्कृतिक भवन म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड राजनांदगांव में किया जा रहा है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। जबकि समाज के प्रान्ताध्यक्ष जगनिक यादव कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संतोष पाण्डे, चन्द्रपुर विधायक रामकुमार यादव, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उपस्थित रहेंगे।

समाज के महामंत्री सुदेश यादव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश पदाधिकारियों एवं समस्त जिला अध्यक्षों के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में उक्त कार्यक्रम संपन्न होगा।

इस अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण एवं ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन भी किया जायेगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रदेश के सभी जिलाध्यक्ष, सर्किल, मंडल एवं ग्राम स्तर के पदाधिकारियों के माध्यम से विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा मंगाए जा रहे हैं। समाज के अध्यक्ष गरीबाराम यादव ने समाज के सभी स्वजातीय जनों से अपने घर के विवाह योग्य युवक युवतियों के बॉयोडाटा अपने आसपास के पदाधिकारियों को भेजकर इस अवसर का उचित लाभ लेने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

छत्तीसगढ़ झरिया यादव समाज राजनांदगांव महानगर इकाई के महामंत्री दुर्गेश यादव, कृष्णा यादव, उपाध्यक्ष अमन यादव, मनोज यादव, संतोष यादव, सचिव पूनाराम यादव, कोषाध्यक्ष राजेश यादव, सहसचिव नितेश यादव, मुरली यादव, सलाहकार महेश यादव, पार्षद खेमिन यादव, पूर्व पार्षद जया यादव, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष चेतन यादव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शोभा यादव, संरक्षक मालती यादव, झंगलुराम यादव, रामलाल यादव, बोधन राम यादव, गोविन्द यादव, उर्मिला यादव, ललिता यादव, संदेश वाहक बिसनाथ यादव आदि आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

अजय एजुकेशन में खेली गई फूलों की होली

होली पर मिठाई की मिठास ठंडाई के संग

कुरूद/नवप्रदेश। अजय एजुकेशन एंड फाउंडेशन परिसर में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगाड़े की थाप, रंगों की बौछार, गुलाल और फूलों की वर्षा से वातावरण पूरी तरह से रंगीन और उल्लासपूर्ण हो गया। समारोह में भाग लेने वालों ने एक-दूसरे को रंगों से सराबोर करते हुए भाईचारे और सद्भावना का संदेश दिया।

बाल सेवा समाज और मरवाड़ी फाग मंडली के सदस्य भी इस समारोह का हिस्सा बने, जहां 'फागुन महीना रंग रंग डाले' जैसे गीतों की धुनों पर लोग झूम उठे। समारोह में रंग, गुलाल, फूलों की महक और नंगाड़ों की धमक के साथ उल्लासपूर्ण माहौल बना, जो उपस्थित सभी को एक साथ लाने का कारण बना।

इस दौरान अजय फाउंडेशन के अनिल चंद्राकर, अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, प्रसन्न नायडू, लक्ष्मीकांत साहू,सदस्य के साथ ही साथ बाल सेवा समाज और मरवाड़ी फाग मंडली के सदस्य अरुण केला, राजू शर्मा,अजय केला, राम शुक्ला, दीपक महावर , मालकराम साहु, पंकज केला, दीपक अग्रवाल, मनोज केला, विजय केला, मोहन अग्रवाल, योगेश चंद्राकर, महिम शुक्ला, सुशील केला, सुनील अग्रवाल, और सुरेश महावर, गोविंद शर्मा के साथ-साथ बाल सेवा समाज के सदस्य दिनेश सिन्हा, रतन ढीमर, कुम्भ राज साहू, बिसाली साहू, लीला राम साहू, टेक राम सेन, राजा ढीमर, फागवा राम घनश्याम, और निर्मलकर कृष्णा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। समारोह में होली के पारंपरिक रंगों का संगम देखा गया, जहां उपस्थित सभी ने प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया और एक-दूसरे के साथ मिलकर इस पर्व का आनंद लिया। गुलाल की खुशबू, फूलों की महक, और नगाड़ों की ध्वनि से पूरा परिसर महक उठा, जो इस दिन को अविस्मरणीय बना गया।

ग्राम रामपुर में एकदिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह प्रक्षेत्र दिवस का किया गया आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा और छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम रामपुर में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कबीरधाम जिले के ग्राम पंचायत रामपुर, विकासखंड सहसपुर लोहारा के सैकड़ों किसानों और महिला समूह की सदस्य उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के वैज्ञानिक श्री महेन्द्र कुमार चंद्रवंशी ने कृषकों को संबोधित करते हुए जल संकट को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण पर जोर दिया और मिलेट्स (बाजरा, रागी आदि) की खेती को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने समन्वित कृषि प्रणाली को अपनाकर कृषकों की आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, मिलेट्स प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के माध्यम से उद्यमिता विकास के अवसरों को विस्तार से बताया, जिससे कृषक न केवल अपनी आय में वृद्धि कर सकें, बल्कि नए उत्पादों के प्रसंस्करण से आजीविका के नए अवसर प्राप्त कर सकें।

कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख डॉ. बी.पी. त्रिपाठी ने प्रशिक्षणार्थियों को मशरूम उत्पादन तकनीक, रबी फसलों में समन्वित रोग एवं कीट प्रबंधन, कड़कनाथ एवं बटेर पालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद, प्रशिक्षण प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. एन.सी. बंजारा ने उद्यानिकी फसलों में उन्नत सब्जी उत्पादन तकनीक, फल बागान स्थापना, फूलों की खेती, कीचन गार्डन और फसलों के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कम जल संचय करने वाली फसलों को अपनाने के लिए भी कृषकों को प्रेरित किया। विषय विशेषज्ञ, कृषि अभियांत्रिकी इंजी. टी.एस. सोनवानी ने कृषि में यंत्रीकरण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

डॉ. बी.एस. परिहार, सस्य विज्ञान के विशेषज्ञ ने खरीफ फसलों से पहले खेत की गहरी जुताई, उन्नत बीजों का चयन, प्राकृतिक खेती, उर्वरक प्रबंधन और सिंचाई प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में, प्रशिक्षणार्थियों को ग्राम रामपुर में योजनांतर्गत लगाए गए चने और गेहूं की फसलों का भ्रमण कराया गया, ताकि वे प्रक्षेत्र में किए गए कार्यों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर सकें। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत रामपुर के सरपंच श्री गोपाल नेताम, सक्रिय महिला समूह की सदस्य और आस-पास के कृषकगण भी उपस्थित रहे।

दिग्विजय स्टेडियम में सीनियर ग्रुप क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ

शुरुआती झटकों के बाद बिलासपुर संभला

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा संचालित सीनियर ग्रुप की अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा मैच स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में बिलासपुर ब्लू एवं बीएसपी भिलाई के मध्य प्रारंभ हुआ।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा आयोजित इस चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में टॉस जीतकर बिलासपुर ने बल्लेबाजी करने का निश्चय किया परंतु उनका यह निर्णय टीम पर भारी पड़ने लगा। बीएसपी भिलाई के गेंदबाजों की सटीक गेंदबाजी के सामने बिलासपुर के बल्लेबाज विकेट में टिक नहीं पाए और पहले दिन का खेल समाप्त होने पर 215 रनों पर अपने 8 विकेट गंवा चुकें है। एक समय बिलासपुर ने सात विकेट खोकर 80 रन ही बनाये थे तब लगने लगा था कि बिलासपुर की पूरी टीम 100 रनों के आसपास खत्म हो जाएगी परंतु उसके निचले क्रम के बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी भरी बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर की टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। बिलासपुर की तरफ से इम्तियाज़ खान ने सर्वाधिक 45 रन बनाए वहीं श्रेयम सुंदरम एवं दीपक बघेल क्रमशः 43 एवं 40 रन बनाकर मैदान में डटे हुए हैं।

नपा अध्यक्ष की अपील-शहर को सुंदर बनाने में सबकी भागीदारी महत्वपूर्ण

■ मुख्य बाजार की सफाई व्यवस्था सुधारने नगर पालिका की पहल

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने व्यापारियों से हाथ जोड़कर कहा-शहर को सुंदर बनाये रखने में आपकी सहयोग की आवश्यकता है शहर सुंदर तब बनेगा जब आप जागरूक होंगे, उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में आपकी सहभागिता अत्यंत महत्तवपूर्ण है ऋषभदेव चौक से लेकर पुराना नगर पालिका गुरूनानक गेट तक मेन मार्केट क्षेत्र कवर्धा शहर की शान है। इसको स्वच्छ व सुंदर बनाने में नगर पालिका की मदद करें।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने आज अपने पार्षद टीम रिंकेश वैष्णव, सुनील साहू, अजय ठाकुर, दुर्गेश अवस्थी, डोनेश राजपूत, दीपक सिन्हा, बिहारी राम धुर्वे, सौखी आहिरवार, शंभू देवांगन, हरीश साहू, अनिल साहू, कैलाश कौशिक सहित नगर पालिका अधिकारी-कर्मचारियों ने ऋषभ देव चौक से लेकर महावीर स्वामी चौक पुराना नगर पालिका गुरूनानक गेट तक पैदल मार्च करते हुए प्रत्येक व्यापारियों तक पहुंचे। उन्होनें हाथ जोड़ा, निवेदन किया कि हमारे नगर पालिका टीम की मदद करें, उन्होनें कहा कि यह मार्ग बहुत ही व्यस्तम होने के साथ-साथ कवर्धा शहर की शान है इस मार्ग के साथ-साथ पूरे कवर्धा शहर को स्वच्छ बनाना है इसी आशा और उम्मीद को लेकर हम आपके दुकान तक पहुंचे है।

व्यापारियों ने कहा-स्वच्छता को बढ़ावा देगी यह पहल

व्यापारियों के पास जब नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी पहुंचे, तब व्यापारियों ने सहयोग का भरपूर आश्वासन दिया। उनके द्वारा कहा कि आप व आपके टीम द्वारा सफाई व्यवस्था को लेकर सड़क पर उतरे है उसका पूरा ख्याल रखा जायेगा, व्यापारियों ने कहा सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए की गई यह पहल बहुत ही सराहनीय है। नपाध्यक्ष द्वारा दुकानदारों से अपील करना और कचरा डस्टबिन में डालने तथा नगर पालिका के कचरा वाहन में कचरा डालने का निवेदन करना यह दिखाता है कि वे शहर की स्वच्छता को लेकर कितने संवेदनशील हैं। ऐसी पहल न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देती हैं, बल्कि नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी का अहसास कराती हैं। इस तरह के कदमों से शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार होने की संभावना होती है और नागरिकों में भी साफ-सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ती है। उम्मीद है कि शहरवासियों का सहयोग मिलेगा और कचरा प्रबंधन में सुधार होगा।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने ऋषभ देव चौक से लेकर गुरूनानक गेट पुराना नगर पालिका तक रात्रिकालीन सफाई कार्य में निकलने वाले वाहन का नंबर, ड्रायवर का नाम नंबर व सुपरवाईजर का नाम नंबर दुकानदारों को बांटे। उन्होनें कहा कि रात्रिकालीन में होने वाले सफाई कार्य के लिए कर्मचारियो से सीधे संपर्क कर सकते है उन्होनें कर्मचारियों को भी निर्देशित किया कि व्यापारियों का पूरा कचरा अपने गाड़ी में डाले, ताकि सड़को पर कचरा ना फैले। उन्होनें कहा प्रत्येक दिवस दुकानों से निकले कचरा लेने के लिए नगर पालिका की गाड़ी आती है कचरा अपने दुकान में एकठ्ठा करके रखे, नगर पालिका की आने वाले गाड़ी में आप कचरा देवें। उन्होनें कहा कि दुकान बंद करने के बाद कचरा सड़क पर ना फेंके। सड़क पर कचरा फेंके जाने से शहर में गंदगी दिखती है जिसके कारण शहर के साथ-साथ नगर पालिका छवि धुमिल होती है।

■ न्यूज गैलरी

प्रधान पाठक त्रिलोचन दिवाकर निलंबित, परीक्षा में अनुपस्थिति पर हुई कार्रवाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी ने आज शासकीय प्राथमिक शाला परपोड़ी के प्रधान पाठक त्रिलोचन दिवाकर को परीक्षा में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। दिवाकर को शासकीय प्राथमिक शाला बगडुमार में आयोजित कक्षा 5वीं की केंद्रीकृत परीक्षा के लिए केंद्राध्यक्ष नियुक्त किया गया था। आज सोमवार को गणित विषय की परीक्षा के दिन वे बिना किसी पूर्व सूचना के परीक्षा केंद्र से अनुपस्थित रहे। संकुल प्राचार्य और संकुल समन्वयक परपोड़ी द्वारा कई बार फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल बंद पाया गया। इसके बाद परीक्षा संचालन के लिए संकुल प्राचार्य अजय सिंह ठाकुर को अस्थायी केंद्राध्यक्ष नियुक्त किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी साजा द्वारा दी गयी जानकारी से जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया। जिला शिक्षा अधिकारी ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए कार्रवाई की है। जारी निलंबन आदेश में कहा गया है कि परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य से बिना सूचना अनुपस्थित रहना उनके पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता और स्वेच्छाचारिता को दर्शाता है। उनका यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 (1), (2), (3) का उल्लंघन करता है।

यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले कर्मचारियों पर सख्ती

खैरागढ़/नवप्रदेश। यातायात पुलिस द्वारा लगातार सडक़ दुर्घटना रोकने जारी अभियान के तहत यातायात नियमों का पालन नही करने वाले वाहन चालको पर फिर से चालानी कार्यवाही की गई । इस कार्यवाही मे आम लोगो के साथ साथ शासकीय विभागो के कर्मचारी भी चपेटे मे आए । इस दौरान पुलिस ने पुलिस सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियो को भी बिना हेलमेट वाहन चलाते पाए जाने पर चालानी कार्यवाही करते जुर्माना वसूला और भविष्य मे नियमो का पालन करने की हिदायत दी । यातायात प्रभारी शक्ति सिंह के नेतृत्व मे शहर के शासकीय दफ्तरों के आसपास वाहन चेकिंग पॉइंट लगाकर चालानी कार्यवाही की गई । इसमे आम लोगो के साथ शासकीय अधिकारी कर्मचारी भी लापरवाही से वाहन चलाते मिले । यातायात पुलिस द्वारा कलेक्टर कार्यालय, वनविभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस ,बैंक कर्मचारियो पर भी चालानी कार्यवाही करते कुल 20 प्रकरण मे 9200 रू से अधिक का जुर्माना लगाया । शासकीय विभागों मे पुलिस विभाग के छह, शिक्षा विभाग के तीन, राजस्व विभाग के एक , तीन बैंक कर्मी, स्वास्थ्य विभाग के एक कर्मी भी नियमों का पालन नही करने पर जुर्माने की जद मे आए । यातायात विभाग ने इन कर्मियों को नियमों का पालन करने, दूपहिया वाहन चालको से हेलमेट का अनिवार्य उपयोग कर दुर्घटना से बचाव, चार पहिया वाहन चालको को सीट बेल्ट लगाने ताकि दुर्घटना से बचा जा सके की समझाइश दी । यातायात विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि नियमो को तोडऩे वाले हर एक पर कार्यवाही होगी चाहे वह सामान्य नागरिक हो अथवा किसी विभाग का कर्मचारी किसी को नही छोड़ा जाएगा ।

निधन

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के दाउचौरा वार्ड निवासी युवा व्यवसायी लोकेश देवांगन का गत रात्रि इलाज के दौरान निधन हो गया । वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे । लोकेश दाउचौरा के वरिष्ठ समाजसेवी और किराना व्यापारी मुन्ना देवांगन के पुत्र थे। मंगलवार देर शाम उनका शव विशाखापटनम से शहर पहुंचा ।

एक ही वार्ड में तीन बड़ी चोरी का पुलिस ने किया पर्दाफाश

पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, शातिर चोर और एक अपचारी बालक गिरफ्तार

■ नकदी, सोने, चांदी के जेवरात सहित कुल 8 लाख 84 हजार रूपये बरामद

बालोद/नवप्रदेश। होली की रात को बालोद शहर के एक ही वार्ड में हुई तीन बड़ी चोरी के मामले में बालोद पुलिस ने पर्दाफाश किया है। जिसमें दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें से एक नाबालिग भी निकला है। गिरफ्तार हुआ मुख्य आरोपी पूर्व में भी बुढ़ापारा में चोरी के मामले में पकड़ा जा चुका है। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने प्रेस वार्ता में बताया कि होली त्यौहार के दूसरे दिन 15 मार्च को सूचना मिली कि बालोद वार्ड क्रमांक 02 शिक्षक नगर बालोद में रात्रि को अज्ञात चोर द्वारा 03 मकानो में घुस कर घर में रखे आलमारी से सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी रकम चोरी कर ले गया है। सूचना पर एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर व थाना प्रभारी बालोद रविशकर पाण्डेय के द्वारा घटना स्थल पहुचकर घटना का निरीक्षण कर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराकर उक्त चोरी के अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु थाना बालोद व साइबर सेल से विशेष टीम बनाकर लगाया गया। साथ ही घटना स्थल में डाग स्क्वाड को बुलाया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बालोद में तीन मामले पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक, एस आर भगत के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के पर्यवेक्षण में एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर के नेतृत्व में थाना प्रभारी रवि शंकर पाण्डेय के नेतृत्व में चोरी के प्रकरण में आरोपियों के पतासाजी हेतु सायबर सेल बालोद व थाना बालोद से विशेष टीम गठित कर आरोपियों के बारे में घटना स्थल पर लगे व आसपास के सीसीटीवी कैमरा की जानकारी त्रिनयन एप के माध्यम से फुटेज को बारीकी से एनालिसिस करने दो संदिग्ध लोगो की जानकारी प्राप्त हुई। जिसे टीम द्वारा चिन्हांकित किया गया जो नीरज ध्रुवे के रूप में हुआ। आरोपी नीरज अपने कथन में बताया कि दिनांक 14/15.03.2025 की दरम्यिानी रात्री वह अपने नाबालिक मित्र के साथ शिक्षक नगर बालोद में गया और 03 सूने मकान में बाहर से गेट पर ताला लगा हुआ देख दोनो चोरी करने गैती, लोहे का राड से ताले को तोड कर घर में रखे सामान सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी रकम चोरी कर ले गये। आरोपी नीरज पूर्व में बुढापारा के एक सूने मकान में भी चोरी करना कबूल किया है। बालोद शहर में और भी कई चोरी की घटना में शामिल है। इसकी जांच की जा रही है। आरोपी को पुलिस रिमांड लिया गया है। आरोपी नीरज उम्र 26 वर्ष पता रोशन नगर वार्ड क्र 20 बालोद थाना का निवासी है। दोनों चोर से कुल 8 लाख 84 हजार के नकदी और जेवरात बरामद हुए हैं।

आरोपियों की पतासाजी व गिरफ्तारी में इनकी रही विशेष भूमिका

थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक धरम भूआर्य,सउनि पुनित वर्मा, बिहारी ध्रुव, प्रधान आरक्षक दूर्योधन यादव,आरक्षक संजय सोनी, मोहन कोकिला, बनवाली साहू के साथ सायबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक जोगेन्द्र साहू, आरक्षक भोप सिंह साहू, विपिन गुप्ता ,राहुल मनहरे, आकाश सोनी,पूरन देवांगन की सराहनीय भूमिका रही।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड छुईखदान का होली मिलन

गंडई//नवप्रदेश। आज 17 मार्च 2025 सोमवार को मां नर्मदा मंदिर प्रांगण नर्मदा में ऋस्स का खंड स्तरीय स्वयंसेवक होली मिलन समारोह संपन्न हुआ द्य जिसमें माननीय विभाग संघ चालक राजनांदगांव राजेश ताम्रकार जी, माननीय जिला संघ चालक राधेश्याम शर्मा जी,माननीय खंड संघ चालक अमिलाल शिवहरे जी ,जिला प्रचारक पुष्पेंद्र जी के साथ मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत के पूर्व माननीय प्रांत संघ चालक बिसरा राम यादव जी अहिवारा दुर्ग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक बंधुओ ने उपस्थित होकर होली मिलन समारोह में नगाड़ा बजाकर फाग गीत गाकर भाग लिया।

उक्त कार्यक्रम मां भारती, मां नर्मदा के पूजन के साथ प्रारंभ हुआ , अतिथि परिचय खंड कार्यवाह विशाल मारुतकर ने कराया।

उक्त अवसर पर मुख्य वक्ता बिसरा राम जी के होली के ऐतिहासिक महत्व पर चर्चा करते हुए स्वयंसेवक बंधुओ को कहा कि होली भक्ति के साथ शक्ति पूजन का पर्व है यह पर हिन्दू समाज को एक होकर समरसता के साथ मनाने का पर्व है हम सबको अपने संस्कृति सभ्यता पर गर्व करते हुए अपने पर्वों को मनाना चाहिए आज केवल भक्ति ही नहीं बल्कि संगठन और शक्ति की भी आवश्यकता है।

उन्होंने फाग गीत , बास डंडा नृत्य का भी वर्णन करते हुए सभी को होली की बधाई शुभकामनाए दी। उक्त अवसर पर खंड सह कार्यवाह नीरज दुबे जी ,खंड बौद्धिक प्रमुख बलदाऊ सोनी जी ,व्यवस्था प्रमुख उत्तम सिंह जी के साथ सैकड़ों स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे।

शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

■ पंचायतों में मनरेगा, आवास सर्वे के काम ठप, पेयजल संकट वाले गांवों में भी दिक्कतें बढ़ी

खैरागढ़/नवप्रदेश। शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो गई । अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते पंचायत मुख्यालयों मे सोमवार से ही ताले लटकने लगे हैं । पंचायत चुनाव के बाद हाल ही मे अपना पद संभालने वाले पंचायत के प्रतिनिधियों को सचिवों की हड़ताल के चलते नए कार्यों की व्यवस्था बनाने मे अड़चनें शुरू हो गईं । उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार के घोषणा पत्र मे शामिल पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के वादे को पूरा नहीं करने और वर्तमान बजट में शामिल नहीं करने पर प्रदेश पंचायत सचिव संघ प्रदेश व्यापी आंदोलन शुरू चुका है । इसका व्यापक असर अब पंचायत के नए सत्र में पड़ना है ।

पंचायत सचिवों की हड़ताल का ग्राम पंचायतों मे व्यापक असर पड़ने वाला है । सोमवार को पंचायत सचिवों ने राजधानी रायपुर जाकर प्रदर्शन किया जबकि मंगलवार से मुख्यालयों में ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। पंचायत सचिवो की अनिश्चितकालीन हड़ताल का सबसे ज्यादा असर पंचायतों मे मनरेगा के जारी कार्यो पर पड़ेगा । पंचायतों मे फिलहाल मनरेगा के तहत ही कार्य जारी है। सचिवों की हड़ताल से सोमवार से मनरेगा के क ार्य बंद हो गए । इसके अलावा नए प्रधानमंत्री आवास टू के सर्वे पर हड़ताल का व्यापक असर पड़ेगा। पंचायतों मे ग्रामीण आवास के लिए सर्वे का कार्य चल रहा है। पंचायत सचिवों के हड़ताल में जाने से सर्वे कार्य पूरी तरह ठप हो गया है। इससे कई पात्र हितग्राही भी आवास के सर्वे से वंचित हो जाएगें। पंचायतों में नवनिर्वाचित पदाधिकारियो ने कार्यभार संभाला है। ऐसे में पंचायत के लेखाजोखा, पूर्व प्रतिनिधियो के हिसाबकिताब की कार्यवाही भी अटक गई है । पंचायतों मे जन्ममृत्यु, विवाह पंजीयन राशनकार्ड, पेंशन सहित अन्य कार्यो पर भी विराम लग गया है ।

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों एवं आम नागरिकों की समस्याएं

बलरामपुर। कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने समय-सीमा की बैठक पश्चात साप्ताहिक जनदर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में जिले के आमजन, बुजुर्ग एवं महिलाएं अपनी समस्याएं लेकर कलेक्टर के समक्ष पहुंचे। कलेक्टर ने आवेदन लेकर मिलने पहुंचे प्रत्येक व्यक्ति से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

कलेक्टर शर्मा ने देवकर और मोहभट्ठा परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण,437 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

बेमेतरा/नवप्रदेश। लोक शिक्षण संचालनालय, नवा रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित कक्षा 5वीं की केन्द्रीकृत परीक्षा 2025 के अंतर्गत आज 17 मार्च 2025 को गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा 858 परीक्षा केन्द्रों में सुचारू रूप से संपन्न हुई। आज आयोजित परीक्षा में कुल पंजीकृत 15,750 विद्यार्थियों में से 15,283 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 437 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की निष्पक्षता एवं सुचारू संचालन हेतु जिला प्रशासन बेमेतरा द्वारा गठित निरीक्षण दलों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। कलेक्टर रणबीर शर्मा द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला देवकर एवं शासकीय नवीन प्राथमिक शाला मोहभट्ठा रोड, बेमेतरा का निरीक्षण किया गया। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने शासकीय प्राथमिक शाला नांदघाट और शासकीय प्राथमिक शाला झाल का जायजा लिया।

होली पर्व पर भगवान नरसिंह और भक्त प्रहलाद की मनोरम भव्य शोभा यात्रा निकाली गई

भटगांव/नवप्रदेश। नगर पंचायत भटगांव मे होली पर्व के अवसर पर गायत्री परिवार तथा गायत्री प्रज्ञा पीठ भटगांव के नेतृत्व मे शांति का सन्देश देते हुए नरसिंह भगवान एवं भक्त प्रहलाद की मनोरम झांकी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई. तथा नगर के गांधी चौक स्थल हृदय स्थल में फाग गीत प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। जहां कार्यक्रम की शुरुवात नगर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विक्रम कुर्रे,उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन के कर कमलों से माँ गायत्री, नरसिंह भगवान एवं भक्त प्रहलाद की पूजा अर्चना के साथ किया गया.तत्पश्चात मनोरम झाँकियों एवं कीर्तन मंडली व बाजे गाजे के साथ सायं 5 बजे से शोभायात्रा निकली जो साईं मंदिर चौक , शनि मंदिर चौक, ब्राह्मण पारा, मौलीमाता, कदम चौक, अम्बेडकर चौक जायसवाल मोहल्ला होते हुए पुराना हटरी गाँधी चौक पहुंची। वहीं सभी चौक चौराहो मे भक्त प्रहलाद एवं भगवान नरसिंह ज़ी की पूजा अर्चना करते हुए भव्य स्वागत किया गया फिर झांकी यात्रा नया हटरी, देवांगन मोहल्ला होते हुए होली स्थल बस स्टैंड पहुंची. जहाँ होलिका माता की परिक्रमा कर व होलिका माता के साथ नरसिंह भगवान व भक्त प्रहलाद का सामूहिक पूजा अर्चना किया गया.वहीँ अतिथियों द्वारा व एक दूसरे के ऊपर तिलक चन्दन व गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दिया गया जहाँ सैकड़ों की संख्या मे नगर के श्रद्धालुगण एवं गायत्री परिजन उपस्थित रहे।

ग्रामीण खुश... कटेमा में बिजली पहुंचाने एवं महाराष्ट्र की ओर सड़क लिंक मार्ग का कार्य सिस्टम में आ चुका

आईटीबीपी का सिविक एक्शन प्रोग्राम, मेडिकल कैंप लगाकर ग्रामीणों का उपचार, दवाइयां बांटी

■ आसपास सफाई रखने और नशा न करने की सलाह

खैरागढ़/नवप्रदेश। क्षेत्र के वनांचल ग्राम कटेमा स्थित आई टी बी पी कैम्प के जवानों ने ग्राम कटेमा, महुआधार, बोरला, लछना में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत साईकिल, कंबल, साड़ी, लुंगी और तौलिया जैसे रोजमर्रा की जरूरत के समान का वितरण किया । जरूरत की वस्तुएँ पाकर ग्रामीणों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। 40वीं वाहिनी आई टी बी पी के कमांडेंट अनंत नारायण दत्ता के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में कटेमा कैम्प के इलाके में आने वाले नक्सल प्रभावित ग्राम कटेमा, महुआधार, बोरला और लछना में सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया । कमांडेंट दत्ता की उपस्थिति में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं के निराकरण की गुहार लगाई जिसमें मुख्यतः कटेमा गाँव में बिजली आपूर्ति, कटेमा से मुरकुडो के बीच सडक़ मार्ग निर्माण कार्य, स्कूल एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण, लछना टोला में स्कूल एवं आंगनबाड़ी भवन, दल्ली खोली सडक़ निर्माण कार्य, लछना-लछनाटोला सडक़ का डामरीकरण इत्यादि मूलभूत कार्यों को शीघ्र करवाने की अपील की। कमांडेंट दत्ता द्वारा ग्रामीणों को बताया कि कुछ कार्यों जैसे कटेमा में बिजली पहुंचाने एवं महाराष्ट्र की ओर सडक़ लिंक मार्ग का कार्य सिस्टम में आ चुका है तथा इस पर अतिशीघ्र कार्य भी शुरू हो जाएगा । शेष अन्य कार्यों के लिए संबंधित विभागों को पत्र लिखा गया है जिसपर भी शीघ्र ही करवाई शुरू होने की संभावना है दत्ता ने बताया कि आईटीबीपी इस क्षेत्र में लगातार ग्रामीणों के स्तर को ऊँचा करने के लिये प्रयासरत है जिसमें काफी हद तक सफल भी रही है आईटीबीपी के पदार्पण से इलाके में शान्ति व्यवस्था बहाल हुई है तथा ग्रामीण अब नक्सल के डर से उबर चुके हैं और अपने काम-धंधे व खेतीबाड़ी में व्यस्त रहकर अपने जीवन स्तर को अच्छा बनाने में जुटे हुए हैं ।

नशा समाज को घुन की तरह खा रहा है, इस कुरीति के खिलाफ खड़े होने की जरूरत : डॉ. अनुराधा

कार्यक्रम के दौरान डॉ अनुराधा ने समाज को खोखला करने वाली कुरीति नशे से होने वाले नुकसानों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करते युवाओं का आह्वान किया कि इस सामाजिक बुराई को दूर करने के लिये आगे आयें, न स्वयं नशा करें और न ही दूसरों को करने दें । नशे के कारण कई परिवार तबाह हो जाते हैं आर्थिक तंगी और बदहाली का शिकार होना पड़ता है ।

सामाजिक गतिशीलता को बढ़ावा देने सामाजिक समरसता यात्रा

खैरागढ़/नवप्रदेश। यादव समाज द्वारा सामाजिक समरसता यात्रा आयोजन मध्यप्रदेश यात्रा को लेकर तैयारियां की जा रही है। यात्रा में शामिल होने स्वजातीय पंजीयन करवा रहे हैं। पांडादाह राज अध्यक्ष संजय यदु ने बताया कि 22 मार्च को महादेव घाट रायपुरा ठेठवार भवन से यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यात्रा धमधाराज, खैरागढ़ राज पांडादाह राज, लांजी राज, भेड़ाघाट, कनिया चिल्फीघाटी कवर्धा राज, कवर्धा, गंडई, बेमेतरा में यात्रा का समापन होगा। संजय यदु ने बताया कि सामाजिक समरसता यात्रा का यह तीसरा वर्ष है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य सामाजिक गतिशीलता, भाई चारा, प्रेमभाव बढ़ाना, समाज में समभाव की भावना जागृत करना आदि है। यात्रा के प्रभारी परमानंद यादव प्रदेश अध्यक्ष, हरिश यादव प्रदेश प्रभारी, समलिया यादव, अनुशासन प्रभारी रामसिंह यादव प्रदेश संरक्षक हैं। पाडादाह पहुँचने पर भी समरसता यात्रा का भव्य स्वागत कर विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी है । जिसके बाद यात्रा आगे बढ़ेगी।

न्यूज गैलरी

रंग गुलाल से सराबोर हुए जामपानी के ग्रामीण

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम जामपानी(कसपुर) में होली का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। प्रेम, उल्लास और भेदभाव से रहित यह होली का पर्व जामपानी के ग्रामीणों में आपसी प्रेमभाव देखने को मिला। जिसमें ग्राम के सभी ग्रामवासी, युवा -युवतियां, माताएं, बुजुर्ग छात्र छात्राएं सभी एक साथ रंग गुलाल खेले। सभी एक साथ पारंपरिक डंडा नृत्य एवं नगाड़ों की थाप में नाचे कूदे, आनंद लिये। इस होली उत्सव में ग्राम पंचायत कसपुर के नवनिर्वाचित उपसरपंच जीवन कुंजाम, वार्ड पंच सरिता ध्रुव,भूतपूर्व जनपद सदस्य तारिका मरकाम, वार्ड पंच शशिकला नेताम सभी ग्रामीणों से मिलकर रंग गुलाल खेले, साथ ही ग्राम के महिलाएं ग़निका नेताम, सरोज बाई, बसंती कुंजाम, यशोदा बाई,ईमनी मरकाम, सुरजा बाई, अमेश्वरी कुंजाम,कु. तनुजा नेताम और युवा साथी उत्तम कुंजाम, जितेंद्र नेताम, शांतनु मरकाम,दीपेश नेताम, भूपेंद्र नेताम,दुपेश नेताम, खिलावन कुंजाम, रिंकू ,नेमन, किशोर एवं छोटे छोटे बच्चों ने मिलकर रंग गुलाल लगाए और धूमधाम से होली पर्व मनाया गया।

ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन पंजीयन/स्वीकृति

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा में संचालित शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कालेज, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत् अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2024-25 में छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन पोस्ट पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा आनलाईन आवेदन/प्रस्ताव/स्वीकृति वर्ष 2024-25 हेतु तिथि में निर्धारित की गई है। विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु (नवीन एवं नवीनीकरण) 19 मार्च 2025 से 26 मार्च 2025 तक, ड्राफ्ट प्रस्ताव लॉक करने हेतु 19 मार्च 2025 से 28 मार्च 2025 तक, स्वीकृति आदेश लॉक करने हेतु 19 मार्च 2025 से 30 मार्च 2025 तक निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2024-25 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जायेगा एवं ड्राफ्ट प्रस्ताव लॉक, स्वीकृति आदेश लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। उक्त निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होगे।

मुजगहन सरपंच ने विधायक ओंकार साहू का जताया आभार

धमतरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत मुजगहन के सरपंच

होमेश्वर साहू ने विधायक ओंकार साहू के सक्रिय नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा धमतरी शहर के तीन प्रमुख मार्ग सिहावा चौक से नहर नाका चौक, मुजगहन से रत्नाबांधा चौक, अंबेडकर चौक से रुद्री तक फोर लेन सड़क चौड़ीकरण व अर्जुनी के पास नवीन हाईटेक बस स्टैंड निर्माण हमारे क्षेत्र की प्रमुख मांगे थी जिसे विधायक ओंकार साहू ने बजट में शामिल कराकर यादगार कार्य किया है जिसे धमतरी क्षेत्र की जनता भूल नहीं सकेंगे क्योंकि इससे शहर के व्यापार में वृद्धि के साथ ट्रॉफिक्र व दुर्घटना की संभावना कम होंगी । साथ में धमतरी विधानसभा क्षेत्र व धमतरी शहर को विकास की गति से जोड़ने के लिए उनके कुशल नेतृत्व के लगातार प्रयास से बजट में क्षेत्र के और भी महत्वपूर्ण कार्य कुरुद-छाती-उड़ेना-झिरिया-कंडेल-भोथली-संबलपुर मार्ग , बोड़रा-बलियारा-अमेठी- जवरगांव मार्ग, गंगरेल-कुकरेल मार्ग, गुजरा से दर्री मार्ग , नेशनल हाईवे से हरफ़राई तक सड़क चौड़ीकरण, रीवागहन - कुर्रा मार्ग , सेमरा-बाजार सिवनी मार्ग का चौड़ीकरण के आलावा शासकीय महाविद्यालय आमदी में भवन निर्माण, कन्या महाविद्यालय में बाउंड्रीवॉल , रत्नाबांधा रोड स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हॉउस नवीन निर्माण, धमतरी शहर के कांटा तालाब ने चौपाटी निर्माण , आडिटोरियम निर्माण , महानदी परियोजना अंतर्गत पंडित रविशंकर जलाशय में गार्डन के दायी ओर 3 करोड़ का बाउंड्रीवाल समेत सौर ऊर्जा का संचालन , विद्युत पोल बदलने , प्रकाश व्यवस्था व पेंटिंग समेत अन्य कार्य को बजट शामिल कराये हैं।

शहर में अपराध और नशाखोरी को लेकर सनातन सेना ने एसपी से की मुलाकात

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी शहर में लगातार अपराध एवं नशाखोरी निरंतर बढ़ रहा हैं शहर के साथ जिले में भी लगातार अपराधों की संख्या में इजाफा होते जा रहा है विगत तीन दिनों के भीतर शहर के साथ धमतरी में जिले में तीन हत्याएं हुई हैं जिनका मूल कारण नशाखोरी है । ऐसे गंभीर विषय को लेकर सनातन सेना धमतरी ने इसके समाधान हेतु चिंता व्यक्त करते हुए धमतरी जिले के पुलिस अधीक्षक महोदय से मुलाकात कर एक सार्थक चर्चा उनसे की।

सनातन सेना जिला प्रमुख श्री डाकेश्वर साहू ने चर्चा के बाद कहा कि आज हम सभी सनातन सेना के कार्यकर्ता और आम नागरिक एक प्रकार से चिंता से ग्रस्त है, हमें शहर एवं जिले वर्तमान स्थिति को लेकर चिंता है कि कैसे हमारा धमतरी जिला और यह शहर अपराध से, नशाखोरी से और भय से मुक्त हो, आज हमने पुलिस अधीक्षक महोदय से इस विषय पर सार्थक चर्चा की है और उन्होंने बड़ी दृढ़ता के साथ यह विश्वास दिलाया हैं कि अपराधों पर, नशाखोरी नियंत्रण लगाने के लिए पुलिस प्रशासन कड़े कदम उठाएगी एवं अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को चिन्हांकित कर जल्द से जल्द उन पर कार्यवाही की जाएगी । दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि ऐसे गतिविधियों पर नियंत्रण का कार्य निश्चित रूप से पुलिस का है परन्तु हम आम जन मानस को भी सतर्क रहते हुए अपना कर्तव्य निभाना है प्रशासन का सहयोग करना है अगर हमारे आसपास किसी प्रकार से अवांछनीय कार्य हो रहा हो तो हम उसका पुरजोर विरोध करें और कोई भी अपराधिक जानकारी तत्काल पुलिस प्रशासन को बताए निश्चित रूप से शासन, प्रशासन एवं आम नागरिकों के सहयोग से हमारा शहर और जिला अपराध मुक्त होगा । इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सतीश जैन, जनपद सदस्य डीकेश्वरी हेमंत देवांगन, उप सरपंच राजू साहू, देवनारायण दिगेश्वर, जगत राम, मणि,संगीता जैन, वशिष्ठ कुमार, भूपेंद्र कुमार, खेमराज, रेखराम, डोमन लाल, खेमलाल गजेंद्र आदि सम्मिलित हुए।

गर्मी से बचाव और स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दें, कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक

कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा करें : कलेक्टर

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि इस माह जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम के तहत लगभग 150 से ज़्यादा जोड़ों का विवाह संपन्न होगा, जिसके लिए सभी तैयारियां की जा रही हैं। यह आयोजन बेमेतरा के कंटेली स्टेडियम में होगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सौंपे गए कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए।

शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निर्देश - बैठक में कलेक्टर शर्मा ने डिजिटल क्रॉप सर्वे, महतारी वंदन, प्रधानमंत्री आवास योजना, भू-अर्जन भुगतान, भू आवंटन और मनरेगा के तहत श्रम आधारित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण को समय पर पूरा किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचे।

गर्मी से बचाव और स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान - गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए कलेक्टर ने हीटवेव से बचाव के उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को सतर्क रखने के लिए कहा। साथ ही आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए मेगा कैंप आयोजित कर शत-प्रतिशत कार्ड बनाने का निर्देश दिया, ताकि वरिष्ठ नागरिकों को इस योजना का पूरा लाभ मिल सके।

शिक्षा, सड़क सुरक्षा और अन्य अहम मुद्दे - कलेक्टर श्री शर्मा ने 5 वीं और 8 वीं बोर्ड परीक्षाओं को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए शिक्षा विभाग को सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।सड़क सुरक्षा को लेकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय राजमार्गों और अन्य सड़कों पर आवारा मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

मुख्यमंत्री घोषणाओं का त्वरित क्रियान्वयन - बैठक में मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए, ताकि आमजन को जल्द से जल्द लाभ मिल सके।

इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ टेकचंद्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, अपर कलेक्टर एवं उप निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंकिता गर्ग, एसडीएम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी विभागों को कार्य में पारदर्शिता और तत्परता बनाए रखने का निर्देश दिया।

शासकीयकरण की मांग को लेकर हड़ताल पर पंचायत सचिव

ग्राम पंचायत में रुके काम

नवागढ़/नवप्रदेश। मंगलवार को पंचायत सचिव संघ का एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण नहीं होने से नवागढ़ तहसील सचिव संघ के ग्राम पंचायत के सचिव ब्लॉक मुख्यालय में काम बंद कलम बंद हड़ताल पर रहे। इस हड़ताल में बड़ी संख्या में पंचायत सचिवों ने भाग लिया और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजनारायण कुर्रे ने बताया कि विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने घोषणा पत्र में शामिल कर कहा था कि अगर हमारी सरकार बनेगी तो 100 दिन के अंदर प्रदेश के पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया था, किंतु सत्ता में आने के बाद सरकार हमारी मांग को अनदेखा कर रही है। बजट में सचिवों को शासकीयकरण नहीं करने से सचिव संघ नाराज है। ब्लॉक अध्यक्ष कुर्रे ने कहा कि पंचायत सचिव संघ लंबे समय से अपनी शासकीयकरण की मांग को लेकर संघर्षरत है, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इस दौरान चन्द्रमौल त्रिपाठी, नाथूराम साहू, बसंत यादव, कुमार घृतलहरे, दिलबहार जोशी, गणेश कुर्रे, खुमान सिंह साहू, पूजेंद्र मात्रे, कैलाश मनहरे, भगवती साहू, रामसेवक वर्मा, खोमन साहू, युवराज गेन्ड्रे सहित सचिवगण उपस्थित रहे।

भविष्य को लेकर चिंता में सचिव : पंचायत सचिव गांवों में शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बावजूद इसके, उन्हें स्थायी कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया गया है, जिससे उनके भविष्य को लेकर असुरक्षा बनी हुई है।

एसएसपी आरके साहू ने ली सोशल मीडिया मॉनिटरिंग और साइबर सेल टीम की बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के दिशा-निर्देशानुसार समस्त थाना/चौकी प्रभारियों एवं कर्मचारियों को अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवास करने वाले पुलिस के सहयोगी व्यक्तियों/गुड सैमेरिटन/प्रतिष्ठित व्यक्तियों को एक जुट करने व शासन एवं पुलिस की योजनाओं का प्रचार - प्रसार करने हेतु सायबर प्रहरी व्हाटसाप ग्रुप तैयार किया गया है।

इसी क्रम में आज 17 मार्च 2025 दिन सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के द्वारा सोशल मीडिया मानिटरिंग एवं सायबर प्रहरी ग्रुप के थाना/चौकी के नामांकित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लिया गया। जिसमें सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जनता और पुलिस के मध्य दुरी खत्म करने के लिए सायबर प्रहरी ग्रुप बनाया गया है इस ग्रुप के माध्यम से थाना क्षेत्रों के प्रमुख, वरिष्ठजन एवं अमजन को जोडा गया है। जिसमें घटना के संबंध में जानकारी एवं सायबर जागरूकता से संबंधित जानकारी इस सायबर ग्रुप के माध्यम से आमजन तक पहुचाया जाना है। इस संबंध में सभी थाना/चौकी क्षेत्रों के सायबर प्रहरी ग्रुप के संचालको की बैठक लिया गया। जिन्हे प्रहरी ग्रुप में अधिक से अधिक लोगो को जोडने हेतु कहा गया एवं सायबर प्रहरी व्हाटसाप ग्रुप में जुडे लोगो का पुलिस के साथ बेहतर तालमेल एवं समन्वय बनाने के उद्देश्य से प्रहरी ग्रुप में रोजाना सायबर जागरूकता से संबंधित संदेश ग्रुप के माध्यम से आम जनता तक भेजने निर्देशित किया गया। इसके अलावा सोशल मीडिया पर शांति भंग करने वाले प्रसारित सूचनाओं का संकलन एवं सतत निगरानी करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

त्रिनयन एप के माध्यम से बेमेतरा जिले के लिए विकसित सीसीटीवी कैमरा का डेटाबेस है जो तेजी से अपराध सुलझाने के लिए पुलिस को सशक्त बनाने, सायबर अपराध पर नियंत्रण हेतु रेंज तथा उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियो को सशक्त एप (एप्लिकेशन) के माध्यम से वाहन चेकिंग के दौरान तथा बस स्टैण्ड, कबाडी दुकान में इंजन, चेचिस और रजिस्ट्रेशन नंबर से चेकिंग कर गुम/चोरी हुए वाहनों की पतासाजी कर उचित कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, सोशल मीडिया मानिटरिंग नोडल अधिकारी एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ी स्वर्णकार समाज धमतरी का होली मिलन समारोह 19 को

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ी स्वर्णकार समाज धमतरी एवं स्वर्णकार महिला समूह धमतरी द्वारा 19 मार्च बुधवार को स्थानीय ब्राम्हणपारा सामाजिक भवन में होली मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ी स्वर्णकार समाज धमतरी के अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी ने जानकारी दी कि 19 मार्च बुधवार को ब्राम्हणपारा सामाजिक भवन में होली मिलन सम्मान समारोह का आयोजन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

साइंस ऑफ हेल्दी लाइफ विषय पर व्याख्यान

गन्डई पंडरिया/नवप्रदेश। स्व. देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में हिन्दी विभाग द्वारा साईंस ऑफहेल्दी लाईफविषय पर अंतर विभागीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सुश्री शिल्पी देवांगन अतिथि सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र उपस्थित रही। साईंस ऑफहेल्दी लाईफविषय पर बात रखते हुए मानव शरीर के विभिन्न अंगों के कार्य एवं स्वस्थ जीवन में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से बताई साथ ही स्वस्थ शरीर के लिए खान-पान में किन चीजों को शामिल करना चाहिए उस पर भी बात रखी। हिन्दी विभागाध्यक्ष गावस्कर कौशिक ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता हैं, इसलिए विद्यार्थी जीवन में स्वस्थ शरीर के विज्ञान को समझना आवश्यक हैं। इस अवसर पर अतिथि प्राध्यापक ओमकुमारी, नारायणी सोनी,ग्रंथपाल हेमंत मिश्रा तथा एम.ए. हिन्दी व बी.ए. के सभी छात्र-छात्राएँ उपस्थि थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्राचार्य डॉ. डी.पी. कुर्रे ने शुभकामनाएँ दी।

कलेक्टर ने सुनी जनदर्शन में 30 लोगों की समस्याएं

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा की उपस्थिति मे आज मंगलवार को समय सीमा की बैठक के बाद कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष मे जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमे जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन मे आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। आज के जन चौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 30 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील बेमेतरा के ग्राम बगौद के निवासी ललित कुमार मारकंडे ने खेत के धान को कंटिग करके चोरी करने व पेड़ को काटकर ले जाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील दाढ़ी के ग्राम पंचायत मरतरा के समस्त गामवासी ने ग्राम सेमरिया से करचुवा मार्ग लंबाई 7.20 कि.मी. निर्माण की मुआवजा राशि प्रदान किये जाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील नवागढ़ के ग्राम खपरी निवासी गंगाप्रसाद ने पक्का मकान को जेसीबी के मालिक द्वारा दादा गिरी कर तोड़ने के लिए एफआईआर दर्ज कराने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील नांदघाट के ग्राम कुंवरा निवासी शिवकुमार ने सिचाई विभाग द्वारा ढ़ाबा डायवर्सन में अर्जित भूमि का मुआवजा दिलवाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील नवागढ़ के ग्राम गोपालपुर निवासी केवल दास मानिकपुरी ने नदी व बोर पंपो से पानी का व्यवसायिक उपयोग तथा नदी की मिट्टी कटवाने के अलावा हरे भरे वृक्षो को काटकर ईट पकाने वाले के ऊपर उचित कार्यवाही करने के संबंध में आवेदन दिया।

मानस गान सम्मेलन

भगवान श्रीराम का आदर्श हमें समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए प्रेरित करते हैं

रामचरित मानस केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन : कल्पना योगेश तिवारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा के ग्राम रेवे में समस्त ग्रामवासियों द्वारा त्रिदिवसीय सस्वर मानस गान सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचीं और भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्र के जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रामचरितमानस के दिव्य भजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर कल्पना योगेश तिवारी ने कहा रामचरितमानस केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन है। भगवान श्रीराम के आदर्श हमें समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए प्रेरित करते हैं।

ग्रामवासियों ने कल्पना योगेश तिवारी का भव्य स्वागत किया और उनके आगमन को क्षेत्र के लिए सौभाग्यशाली बताया। कार्यक्रम में उन्होंने गाँव के विकास और समृद्धि के लिए प्रतिबद्धता जताई और कहा कि वे बेमेतरा के हर गाँव में जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुँचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी। इस धार्मिक आयोजन में कई गणमान्य नागरिक और समाजसेवी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से सरपंच रघुवीर पिंटू सिन्हा, कामदेव सिन्हा, देवा साहू, आरआर साहू, अनुजराम जायसवाल, दिनेश सिन्हा, मेघनाथ सिन्हा, जयंत सिन्हा, मुकेश सिन्हा, कोटवार पुनीत कौशल, नरेश सिन्हा, नरेंद्र सिन्हा, सुरेश सिन्हा, तिहारु सिन्हा, छोटू यादव, मुकुंद सिन्हा सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को जोड़ने और सकारात्मक ऊर्जा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी ग्रामवासियों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

शहीद नेताम की 8वीं शहादत दिवस पर जनप्रतिनिधियों ने किया नमन

नगरी/नवप्रदेश। कौहाबाहरा में वीर सपूत शहीद निर्मल कुमार नेताम की 8 वीं शहादत दिवस पर ग्रामीणों ने किया नमन। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचध्रुव, जनपद सदस्य कलावती मरकाम, जनपद सदस्य (छूही) शुभम यदु,पूर्व सरपंच कौहाबाहरा शिवा नेताम,कोलियारी सरपंच मोनिका मंड़ावी,बंशी लाल सोरी पूर्व जनपद सदस्य, कौहाबाहरा दुगली थाना प्रभारी टुम्मन लाल डडसेना, आदिवासी समाज प्रमुख मयाराम नागवंशी, सुरेंद्र राज ध्रुव, श्यामा चरण मंड़ावी,आशा राम ओटी,भोज सोनवानी, वरूण देव नेताम, बूथ अध्यक्ष भूषण लाल मरकाम, चम्मन सोरी,एवं शहीद निर्मल नेताम के परिवार जन उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

कलिंगा विवि में होली मिलन समारोह

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय ने हाल ही में विश्वविद्यालय परिसर में होली मिलन समारोह 2025 का आयोजन किया, जो जीवंत रंगों और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर था। इस भव्य समारोह में गणमान्य व्यक्ति, डीन, विभागाध्यक्ष, संकाय, गैर-शिक्षण कर्मचारी और मार्केटिंग टीम के लोग एकत्रित हुए, सभी ने होली के उत्सव और एकता के सार का आनंद लिया, जिसका प्रतीक होली है। छात्र कल्याण की प्रभारी डीन लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर और उनकी टीम के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय के विविध समुदाय के बीच एकजुटता और सांस्कृतिक सद्भाव की भावना को बढ़ावा देना था। होली मिलन समारोह परंपराओं का एक मिश्रण साबित हुआ, जिसमें विभिन्न पृष्ठभूमि के लोग खुशी, दोस्ती और समावेशिता के रंगों का जश्न मनाने के लिए एक साथ आए। माहौल उत्साह से भरा हुआ था क्योंकि उपस्थित लोग उत्सव की भावना में डूबे हुए थे, एक दूसरे को उत्सव के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए विभिन्न रंगों के हर्बल गुलाल लगाया और पारंपरिक लोक और बॉलीवुड होली गीतों की लयबद्ध धुनों पर नाचे। परिसर में हंसी, संगीत और वसंत की उल्लासपूर्ण भावना गूंज उठा ।

चेम्बर का कोई भी सदस्य प्रत्याशी का प्रस्तावक व समर्थक हो सकता हैं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव-2025 की प्रक्रिया के तहत नाम निर्देशन के प्रथम दिन आज सोमवार, दिनांक 17 मार्च 2025 को किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल नहीं किया गया। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, प्रकाशचन्द गोलछा, बालकृष्ण दानी, के.सी.माहेश्वरी, अनिल जैन(कुचेरिया), संजय देशमुख, मुख्य निर्वाचन नियंत्रक एच.एस.कर, एवं चेम्बर चुनाव कार्यालय प्रभारी एस.एम.रावते प्रमुख रूप से उपस्थित थे।उक्त आशय की जानकारी देते हुए निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचन्द गोलछा ने बताया कि आज प्रथम दिन किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम निर्देशन पत्र नहीं लिया गया।कोई भी प्रत्याशी का प्रस्तावक व समर्थक एक ही पद का हो सकेगा। समानांतर पद के लिए वह प्रस्तावक, समर्थक नहीं हो सकता है। जैसे कि- प्रदेश अध्यक्ष एक पद, प्रदेश महामंत्री एक पद, प्रदेश कोषाध्यक्ष एक पद तथा जिला उपाध्यक्ष एक पद, जिला मंत्री एक पद के लिये एक ही प्रस्तावक व एक ही समर्थक हो सकेंगे, पुनः उसी पद के समर्थक/ प्रस्तावक नहीं हो सकेगा।छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रत्याशियों के लिए समर्थक, प्रस्तावक का नाम प्रकाशित मतदाता सूची में होना अनिवार्य है वे किसी जिले से सदस्य हो सकते हैं।

चाकू की नोंक पर लूटने वाला निकला लुटेरा, पीड़ित युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में लोगों को लूटने निकले लुटेरे ओमेंद्र साहू की उसी के चाकू से मौत हो गई। दरअसल, लूट की वारदात को अंजाम देने के दौरान युवकों और लुटेरे के बीच झूमाझटकी हो गई। इसी बीच चाकू लुटेरे को लग गया और इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पूरी घटना खम्हारडीह थाना क्षेत्र के कचना सड्डू इलाके की है। जानकारी के अनुसार, एक्टिवा सवार प्रीतम साहू और ओमप्रकाश यादव देर रात अपने घर लौट रहे थे. इसी दौरान रास्ते में ओमेंद्र ने अपने साथियों के साथ युवकों का रास्ता रोककर पैसे मांगे. लुटेरे ने चाकू दिखाकर मोबाइल को छीन लिया. युवकों ने इसका विरोध करते हुए मृतक का चाकू छीनकर लुटेरे पर वार कर दिया. ओमेंद्र को उसके साथियों ने अस्पाताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनो पक्षों पर लूट और हत्या के प्रयास की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

सर्वोदय अस्पताल और डॉ. वेरोनिका यूएल क्लिनिक का लाइसेंस रद्द करने की अनुशंसा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने राजधानी रायपुर के सर्वोदय अस्पताल टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर और डॉ. वेरोनिका यूएल क्लिनिक का लाइसेंस रद्द करने की अनुशंसा की है। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने कहा कि महिलाएं मां बनने की चाह में आईवीएफ अस्पताल जाती हैं। जहां पर उन्हें मां बनने के सुनहरे सपने दिखाकर अस्पताल द्वारा लाखों रुपये लिया जाता है। ऐसे में आयोग द्वारा शासन एवं ऑल इंडिया मेडिकल काउंसिल को अनुशंसा किया जायेगा कि ऐसे अस्पतालों पर कड़ी कार्रवाई किया जाए. जरूरत पड़ने पर इन अस्पतालों का लाइसेंस भी रद्द किया जाए।जानकारी के अनुसार, एक महिला ने आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी कि आईवीएफ हॉस्पिटल द्वारा उसे मातृत्व सुख का झांसा देकर लाखों रूपये लूट लिया।

चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित ललित कला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी -स्पंदनः वाइब ऑफ भारत

जब स्टेथोस्कोप की जगह थामी कूची, तो दीवारों पर स्पंदित हो उठीं कलाएं

रायपुर/नवप्रदेश। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव ललित कला प्रतियोगिता स्पंदनः वाइब ऑफ़ भारत÷ का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत वाल पेंटिंग एवं अद्वैतः द फिफ्थ स्ट्रोक मुख्य भाग के रूप में आयोजित हुए। अद्वैत द फिफ्थ स्ट्रोक के अंतर्गत क्राफ्ट मेकिंग, केनवास पेंटिंग, मॉडल मेकिंग, डूडल आर्ट, रंगोली, मेहँदी, पेबल आर्ट, मेकअप आर्ट, हेयर स्टाइलिंग, लाइव स्केचिंग, फोटोग्राफ़ी इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन एम. बी. बी. एस. सत्र 2021 (अंतिम वर्ष) के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया, जिसमें प्रथम वर्ष से लेकर अंतिम वर्ष तक के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

वाल पेंटिंग का आयोजन कुल 4 समूह बनाकर किया गया, हर समूह को भारत की एक दिशा से जुड़ी संस्कृति, कलाकृतियां, चिकित्सा एवं खान-पान को चित्रों के माध्यम से दर्शाना था। इनके शीर्षक थे- आर्टिस्टिक सागा- जिन्होंने पूर्व भारत की संस्कृति को दर्शाया, आर्ट अटैकर्स- जिन्होंने उत्तर भारत की संस्कृति को दर्शाया, सृजनधारा- जिन्होंने दक्षिण भारत की संस्कृति को दर्शाया, ब्रश बैश- जिन्होंने पश्चिम भारत की संस्कृति को दर्शाया। इस ललित कला प्रतियोगिता में संस्कार गुप्ता एवं कामिनी ठाकुर के नेतृत्व में ÷सृजनधारा' समूह को प्रथम पुरस्कार मिला।चिकित्सा छात्रों द्वारा बनाए गए इन कलाकृतियों और पेंटिंग्स के इस प्रदर्शनी को जनसामान्य लोग कार्यालयीन समय में पूरे मार्च माह तक देख सकते हैं।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इन्दू चटर्जी एवं विशेष अतिथि के. के. अग्रवाल रहे, जो इस प्रतियोगिता के निर्णायकगण भी थे। कार्यक्रम का आयोजन मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. विवेक चौधरी, चेयरपर्सन डॉ. सुमीत त्रिपाठी एवं को-चेयरपर्सन डॉ. मंजू अग्रवाल के निर्देशन में सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया।

इस कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के विभागाध्यक्षों में डॉ. अरविंद नेरल, डॉ. सुमीत त्रिपाठी, डॉ. मंजू सिंह एवं डॉ.मंजू अग्रवाल समेत डॉ. राबिया परवीन सिद्दीकी, डॉ. दीप्ति भट्ट और डॉ. अंकित शर्मा की उपस्थिति सराहनीय रही। इस आयोजन के प्रभारी निखिल गुप्ता, प्रियंका पटेल (सत्र 2021) एवं सचिव विकास सैनी (सत्र 2021) रहे।

छात्र-छात्राओं से स्वच्छता का फीडबैक लेकर शपथ दिलवाई

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्र के अंतर्गत महापौर मीनल चैबे के आदेशानुसार और आयुक्त विश्वदीप के निर्देशानुसार चलाये जा रहे स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत नालंदा

परिसर एवं तक्षशिला लाइब्रेरी में छात्र-छात्राओं से स्वच्छता का फीडबैक लेकर उन्हें स्वच्छता शपथ दिलवायी गयी, जिसमें लगभग 970 छात्र - छात्राओं से स्वच्छता फीडबैक लेकर उन्हें स्वच्छता शपथ दिलवाई गयी. विभिन्न स्कूलों (शासकीय शाला मोहबा बाजार, खोखोपारा , रामनगर बस्ती के स्कूल, सालेम स्कूल) के छात्र- छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलवाई गयी एवं उन्हें अधिक से अधिक संख्या में स्वच्छता फीडबैक देने के लिए प्रेरित किया गया. आयोजन में लगभग 6000 विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही,जिनके माध्यम से रायपुर नगर निगम क्षेत्र क्षेत्र के तहत लगभग 30 हजार घरों तक स्वच्छता का सकारात्मक सन्देश पहुंचाया गया।

होली के गानों, कपल रैंपवॉक के साथ महाराष्ट्र मंडल में मनाया होली मिलन

- **रोचक खेलों को लेकर भी सभासदों में देखा गया जबरदस्त उत्साह**

रायपुर/नवप्रदेश। चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में रविवार को होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई रोचक खेल आयोजित किए गए। मंडल के सदस्यों ने जमकर फूलों की होली खेली और होली के गीतों में खूब थिरके। इससे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि समाजसेवी व साहित्यकार पल्लवी गौर ने महाराष्ट्र मंडल के सेवाभावी कार्यों की जमकर प्रशंसा की।

कार्यक्रम की शुरुआत 'नवरंग' फिल्म से गीत 'अरे जा हट नटखट...' गीत की प्रस्तुति के साथ हुई। इस गीत पर जहां रचना ठेंगड़ी और रीना बाबर की जोड़ी ने धमाल मचाया। वहीं देविका देशपांडे ने भी इसी गीत पर एकल प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंडल की युवा सदस्य श्रावणी मुकादम ने भी शानदार नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।कार्यक्रम में सभी सदस्यों को गुलाल लगाकर किया गया। रंगोत्सव की रोचकता को बनाए रखने के लिए सबसे पहले म्यूजिकल गेम का आयोजन किया गया। सभी के लिए यह खेल नया और रोचक था। खेल को लेकर महिला और पुरुष सभी सदस्यों में उत्साह देखा गया।महाराष्ट्र मंडल की उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने बताया कि गेम में महिला और पुरुष के लिए अलग- अलग खेल था। म्यूजिक बजने के साथ सभी प्रतिभागी यानी महिला और पुरुष अलग- अलग राउंड में घूम रहे थे। म्यूजिक बंद होने के साथ एक नंबर बोला जाता। उसी नंबर के अनुसार प्रतिभागियों को जोड़ी बनानी पड़ती है, जो बच जाता वह गेम से बाहर हो जाता। इस खेल में महिला टीम में प्रथम भारती पसलोदकर और द्वितीय कीर्ति भिते रहीं। वहीं तीसरे स्थान पर गौरी क्षीरसागर रहीं। वहीं पुरुष टीम में प्रथम रितेश बाबर, द्वितीय अमोध बाबर और तीसरे स्थान पर विनोद राखुंडे रहे।

गौड़ ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह

रायपुर/नवप्रदेश। गौड़ ब्राह्मण समाज रायपुर (गुढ़ियारी) द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन समाज द्वारा पारिवारिक वातावरण में धूम धाम से किया गया।समाज के अध्यक्ष किशन लाल बाजारी ने होली मिलन कार्यक्रम करते हुए सर्व प्रथम कहा कि इस होली मिलन समारोह के गरिमापूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के सभी विप्रजन एवं कार्यकारणी सदस्यों का आभार एवं धन्यवाद। होली मिलन समारोह में समाज की महिलाएं,बच्चे,बुजुर्ग,युवा वर्ग,समाज के गणमान्य नागरिक समस्त विप्रजन बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।होली मिलन समारोह के पूर्व भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना कर मथुरा,वृंदावन,द्वारका की तर्ज पर भक्तिमयमय भजन,पाठ कर फूलों की होली खेली गई।

राम रामेति रामेति रमे रामे मनोरम से गूंज उठा मंदिर

- **महाराष्ट्र मंडल के विभिन्न केंद्रों में राम रक्षा स्त्रोत**

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की सभी केंद्रों में होली धुलीवंदन के दूसरे दिन होली मिलन के साथ स्थानीय मंदिरों में रामरक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। वल्लभनगर, बूढ़ापारा, टाटीबंध और शंकर नगर केंद्र की महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ पाठ किया। महिलाओं के पाठ के कारण 'राम रामेति रामेति रमे रामे मनोरमेऽ.. सहस्त्रनाम तत्तुल्यं रामनाम वराननें' से मंदिर गूंज उठे।आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले ने बताया कि साईं बाबा मंदिर में वल्लभ नगर केंद्र की महिलाओं ने 51 बार राम रक्षा स्त्रोत का पाठ किया। इस दौरान अर्चना जतकर, शांता गायधनी, नलिनी काले, नलिनी शुक्ला आदि उपस्थित रहीं। वहीं बूढ़ापारा केंद्र की महिलाओं ने 10 बार रामरक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान अंजलि नलगुंडवार, प्रणिता नलगुंडवार, ज्योति पवार, हेमा पराडकर, आस्था काले, सुनील शिंडे, चंद्रहास घाटगे, सोनम बेहरा, नीमिशा तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित थीं।

आस्था ने आगे बताया कि टाटीबंध केंद्र की महिलाओं ने स्थानीय मंदिर में पाठ किया। इस दौरान सारिका पोराटे, रश्मि गोवर्धन, सोनल पेदे, अंजलि खेर, अंजलि घोटे, कीर्ति भिते, रेणु देशमुख, रचना विंचुलकर, मंजू मरकले, संगीता देशपांडे, प्रिया कोन्हेर, सपना जोशी, वंदना आठले, शारदा लोनारे, शिल्पा भोपापुरकर, मनीषा मर्जीवे प्रमुख रुप से उपस्थित थीं।वहीं राजेंद्र नगर स्थित हनुमान मंदिर में अमलीडीह केंद्र की अर्चना भाखरे, अक्षता भागड़ी सहित अमलीडीह केंद्र की अन्य महिलाओं ने पाठ किया।

राजस्व विभाग का सम्पत्ति करदाताओं की सुविधा के लिए सदर काउंटर

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चैबे के आदेषानुसार और आयुक्त विश्वदीप के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन में नगर निगम रायपुर क्षेत्र के सभी सम्पत्ति करदाता नागरिकों की सुविधा के लिए नगर निगम राजस्व विभाग द्वारा सदर काउंटर की स्थापना की गई है जो प्रतिदिन निरंतर जारी है। जहां पर कोई भी करदाता नागरिक किसी भी वार्ड के करदाता, जिनकी प्रापर्टी ऑनलाइन हो चुकी है, वे अपने सम्पत्तिकर का भुगतान नगद ऑनलाइन , के माध्यम से कर सकते है। नगर निगम राजस्व विभाग ने 31 मार्च 2025 को संपत्तिकर भुगतान की अंतिम तिथि नियत होने पर उसकी असुविधा व संभावित भीड़ से बचने उसके पूर्व संपत्तिकर भुगतान की अपील की है।

महापौर ने एमआईसी सदस्यों के आवंटित विभागों की घोषणा की

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चैबे ने नगर पालिक निगम रायपुर की मेयर इन काउंसिल एमआईसी के सदस्यों की घोषणा कर दी है। महापौर के आदेषानुसार नगर निगम सचिवालय द्वारा छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम, अधिनियम 1956 (क्रमांक 23 सन् 1956) की धारा 37 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाकर मेयर इन काऊंसिल का गठन निर्वाचित पार्षदों में से किया जाकर उन्हें उनके नाम के समक्ष अंकित विभाग का प्रभारी सदस्य नियुक्त किया है जिसमें दीपक जायसवाल को लोक कर्म विभाग, डॉ. अनामिका सिंह को सामान्य प्रशासन एवं विधि विधायी कार्य विभाग, मनोज वर्मा को नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग, अवतार भारती बागल को राजस्व विभाग, संतोष कुमार साहू को जल कार्य विभाग , गायत्री सुनील चन्द्राकर को लोक, स्वास्थ्य, खाद्य एवं स्वच्छता विभाग, सुमन अशोक पांडेय को विद्युत एवं अभियांत्रिकीय विभाग, महेन्द्र खोडियार को वित्त, लेखा एवं अंकेक्षण विभाग, खेम कुमार सेन को शहरी गरीबी उपशमन एवं समाज कल्याण विभाग, सरिता आकाश दुबे को महिला एवं बाल विकास विभाग, संजना हियाल को अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, अमर गिदवानी को संस्कृति, पर्यटन, मनोरंजन एवं विरासत संरक्षण विभाग, नन्द किशोर साहू को खेलकुद एवं युवा कल्याण विभाग और भोला राम साहू को पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग का प्रभारी सदस्य नियुक्त किया गया है। मेयर इन काऊंसिल के उपरोक्त सदस्य माननीय महापौर के प्रसाद पर्यन्त एवं अग्रिम आदेश तक पद धारण करेंगे। मेयर इन काउंसिल के सभी सदस्य छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम (मेयर इन काउंसिल, प्रेसीडेंट इन काउंसिल के कामकाज का संचालन तथा प्राधिकारियों की शक्तियां एवं कर्तव्य) नियम द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपने कर्तव्यों का निष्पादन करेंगे।

जोन 2 कमिश्नर में सफाई कर्मी उपलब्ध नहीं

- **ठेकेदारों पर 77000 रुपए का अर्थदंड**

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के जोन 2 जोन कमिष्नर डॉ. आर.के. डोंगरे ने जोन 2 क्षेत्र अंतर्गत सफाई कार्य हेतु वार्डो में निर्धारित संख्या से कम सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराये जाने पर सफाई व्यवस्था में अत्यंत व्यवधान उत्पन्न होने सफाई नहीं होने से अस्वास्थ्यप्रद परिस्थितियां निर्मित होने, आमजनों को अत्यंत असुविधा होने, शासन प्रषासन की छबि धूमिल होने, जनप्रतिनिधियों द्वारा अत्यंत नाराजगी व्यक्त किये जाने और नगर निगम आयुक्त विष्वदीप द्वारा वार्डो में सफाई कर्मियों की उपस्थिति का निरीक्षण करने उपरांत अनुपस्थिति पर सफाई ठेकेदारों पर जुर्माना करने के दिये गये निर्देष पर निष्ठा की उपस्थिति का अवलोकन करने पर वार्ड में उपस्थिति और निष्ठा में अंतर होने पर इन सब परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जोन 2 के तहत वीरांगना अवंति बाई वार्ड क्रमांक 6 के ठेकेदार मेसर्स महेष्वरी कांट्रेक्टर प्रोपराईटर दासरी श्रीनिवास राव, निर्धारित 41 कर्मचारी में औसत 3 दिन में 22 उपस्थित, राजीव गांधी वार्ड क्रमांक 13 के ठेकेदार मेसर्स मोहिते इंटरप्राईजेस निर्धारित 35 कर्मचारी में औसत 3 दिन में 18 उपस्थित, रमण मंदिर वार्ड क्रमांक 14 के ठेकेदार हार्दिक पिथालिया निर्धारित 36 में औसत 3 दिन में 21 उपस्थित, दानवीर भामाषाह वार्ड 26 की ठेकेदार भारती बेर निर्धारित 45 कर्मचारी में औसत 3 दिन में 16 उपस्थित, इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 27 के ठेकेदार मेसर्स एस.एस. इंन्फ्राटेक साल्युसन्स प्रोपराईटर संतोष सोनी निर्धारित 60 कर्मचारी में औसत 3 दिन में 32 उपस्थित, शहीद हेमूकालाणी वार्ड क्रमांक 28 के ठेकेदार मेसर्स ललित इंटरप्राईजेस प्रोपराईटर ललित क्षत्रिया निर्धारित 38 कर्मचारी में औसत 3 दिन में 26 उपस्थित, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड क्रमांक 36 के ठेकेदार राजू कष्यप निर्धारित 41 कर्मचारी में औसत 3 दिन में 17 उपस्थित उक्त 7 वार्ड ठेकेदारों पर कुल 70 हजार और जोन अंतर्गत जोन गैंग ठेकेदार राकेष सारथी निर्धारित 15 कर्मचारी में औसत 3 दिन में 3 उपस्थित पर 5 हजार एवं देवेन्द्र नगर आफिसर कालोनी की ठेकेदार रेखा देवांगन निर्धारित 10 कर्मचारी में औसत 3 दिन में 5 उपस्थित पर 2000 रू. अर्थदण्ड किया है।

सतत मानिटरिंग | **शत-प्रतिशत राजस्व वसूली करें : आयुक्त**

आयुक्त ने जोन 1,2,3,4 की सफाई का निरीक्षण कर दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप ने नगर निगम जोन क्रमांक 1, 2, 3, 4 के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कार्य और राजस्व वसूली अभियान को लेकर निरीक्षण कर सम्बंधित जोन कमिश्नरों को निगम अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, विनोद पाण्डेय की उपस्थिति में विभिन्न कार्यों की स्थल समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए. आयुक्त ने जोन 1 के वीर शिवाजी वार्ड के तहत खमतराई मुख्य मार्ग में नाली पर बने पाटे को तोड़ने की कार्यवाही का अवलोकन जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव, वार्ड पार्षद गज्जू साहू की उपस्थिति में किया. आयुक्त ने नालियों पर कब्जा कर बनाये गए सभी पाटों को अभियान चलाकर तोड़ने और सफाई की बाधायें दूर कर नालियों की अच्छी तरह सफाई निकास प्रबंध सुगम बनाने करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश जोन कमिश्नर को दिए. आयुक्त ने मुख्य मार्गो को स्वच्छ रखने सतत मॉनिटरिंग करने निर्देशित किया और शौचालयों को जीर्णोद्धारित करने प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया। आयुक्त ने राजस्व वसूली अभियान की जानकारी ली और हर हाल में शत - प्रतिशत राजस्व वसूली सर्वोच्च प्राथमिकता से निगम हित में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. आयुक्त ने जोन 2 के तहत डब्ल्यू. आर. एस. कॉलोनी क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर. के. डोंगरे की उपस्थिति में किया और सफाई ठेकेदारों के सफाई कामगारों की प्रतिदिन सतत मॉनिटरिंग कर शत - प्रतिशत संख्या में उपस्थिति सुनिश्चित करवाने कहा।

अन्यथा की स्थिति में सम्बंधित अनुबंधित सफाई ठेकेदारों पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आयुक्त विश्वदीप ने जोन 3 के तहत राजीव नगर बड़ा नाला में विशेष सफाई गैंग लगाकर की जा रही सफाई का निरीक्षण जोन 3 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे की उपस्थिति में किया.आयुक्त ने अपर आयुक्त और जोन कमिश्नर को नाले की मेन्युअल सफाई में लगे सभी सफाई कामगारों को शीघ्र आवश्यक सुरक्षा कवच, दास्ताने, गम बूट आदि स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। आयुक्त ने बीटीआई ग्राउंड के समीप सड़क पर ठेला लगाने वाले दुकानदारों को सड़क यातायात बाधित ना करते हुए व्यवसाय करने की हिदायत देने जोन कमिश्नर को निर्देश दिए. आयुक्त के निर्देश पर जोन 3 कार्यालय में तत्काल जोन कमिश्नर ने दुकानदारों की बैठक ली और उन्हें सड़क बाधित ना कर सड़क के किनारे व्यवसाय करने कहा।

न्यूज गैलरी

हीरो मोटर्स ने जर्मनी की एसटीपी के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली। हीरो मोटर्स लिमिटेड (एचएमएल) ने मंगलवार को भारत में फोर्ज्ड पावरट्रेन उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग के लिए जर्मनी की श्मीडे टेक्निक प्लेटेनबर्ग (एसटीपी) के साथ एक रणनीतिक ज्वाइंट वेंचर (जेवी) का ऐलान किया। जेवी के तहत लुधियाना के हीरो इंडस्ट्रियल पार्क में बनाई जाने वाली मैन्युफैक्चरिंग सुविधा में उत्पादन 2026 के मध्य में शुरू होने की उम्मीद है। हीरो इंडस्ट्रियल पार्क में अन्य ऑटोमोटिव और ईवी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स जैसे एचएमसी एचआईवीई, एचवाईएम और स्पर टेक्नोलॉजीज भी मौजूद हैं।दोनों कंपनियों ने साझा बयान में कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उपस्थिति के साथ, इस संयुक्त उद्यम का लक्ष्य नियर-नेट शेप प्रिसिजन फोर्जिंग में अंतर को पाटना है और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करना है।एचएमसी ग्रुप के चेयरमैन पंकज एम मुंजाल ने कहा, हमारी मजबूत रिसर्च एवं डेवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं के साथ एसटीपी के साथ यह साझेदारी हमें वैश्विक पावरट्रेन उपकरण बाजार में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी हासिल करने में सक्षम बनाएगी।एसटीपी एक बड़ी जर्मन फोर्जिंग कंपनी है, जिसके जर्मनी में छह मैन्युफैक्चरिंग प्लांट हैं, जो ऑटोमोटिव और इंडस्ट्रियल उपयोग के लिए हाई-प्रिसिजन वाले फोर्ज्ड और मशीनीकृत उपकरणों का उत्पादन करते हैं।ऑटोमोटिव कम्पोनेंट टेक्नोलॉजी कंपनी एचएमएल, उच्च इंजीनियरिंग वाले पावरट्रेन सॉल्यूशंस और एलॉय एवं मेटालिक्स क्षेत्र में कार्यरत है और इसकी रिसर्च एवं डेवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग सुविधाएं भारत, यूनाइटेड किंगडम और थाईलैंड में फैली हुई हैं।हीरो मोटर्स एचएमसी ग्रुप का हिस्सा है। ग्रुप का कारोबार ऑटोमोटिव उपकरणों, ई-मोबिलिटी, साइकिल, रियल एस्टेट और प्रीमियम रिटेल में फैला हुआ है।एचएमसी ग्रुप का एसेट बेस 1.2 अरब डॉलर है और पूरी दुनिया में 7,500 से अधिक कर्मचारी हैं।समूह ने हाल ही में पंजाब के हाई-टेक साइकिल वैली में वर्ल्ड-क्लास इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना के साथ अपने मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशंस का विस्तार किया है, जिससे 4 मिलियन यूनिट की क्षमता बढ़ेगी, जिसमें 0.5 मिलियन यूनिट ई-साइकिल भी शामिल हैं।

भारत का व्यापार घाटा फरवरी में तीन साल के निचले स्तर पर रहा

नई दिल्ली। भारत का वस्तु व्यापार घाटा फरवरी 2025 में घटकर 14.05 अरब डॉलर रह गया, जो तीन वर्षों का न्यूनतम स्तर है। जनवरी 2025 में यह 22.99 अरब डॉलर था। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी किए ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली। व्यापार घाटे में कमी की वजह फरवरी में निर्यात का स्थिर रहना और आयात में कमी आना है। फरवरी में देश का वस्तु निर्यात 1.3 प्रतिशत बढ़कर 36.91 अरब डॉलर हो गया है, जो कि जनवरी में 36.43 अरब डॉलर था। इस दौरान आयात 16.3 प्रतिशत गिरकर 50.96 अरब डॉलर रह गया है, जो कि जनवरी में 59.42 अरब डॉलर था।

सरकार विशेष रूप से कुछ देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के अंतिम चरण में पहुंची

भारत इस साल करेगा 800 अरब डॉलर से अधिक का निर्यात : पीयूष

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सर्विसेज की बड़ी हिस्सेदारी के साथ भारत इस साल 800 अरब डॉलर से अधिक का निर्यात करने की राह पर है।

बदलते वैश्विक माहौल के बीच केंद्रीय मंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार इसके लिए लगातार काम कर रही है और भारतीय निर्यातकों (माल और सेवा) का अच्छा भविष्य सुनिश्चित करने और देश के हितों की रक्षा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (ईपीसी) और इंडस्ट्री एसोसिएशन को अपने संबोधन के दौरान, मंत्री ने निर्यातक समुदाय के बीच सकारात्मकता और इस संकट को, जिसका आज दुनिया सामना कर रही है, एक अवसर में बदलने के लिए उनके आशावान होने की सराहना भी की। अमेरिका के संबंध में उद्योग की चिंताओं को दूर करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने ईपीसी से अपनी ताकत पर विचार करने और अमेरिका के साथ बेहतर जुड़ाव के लिए सरकार के साथ अपनी मांगों को साझा करने को कहा। द्विपक्षीय समझौतों पर चल रहे प्रयासों पर गोयल ने कहा कि सरकार एक साथ कई ट्रैक पर काम कर रही है और उनमें से प्रत्येक ट्रैक का उद्देश्य भारतीय निर्यातकों के सर्वोत्तम हित को सुनिश्चित करना है। केंद्रीय मंत्री ने संकेत दिया कि सरकार विशेष रूप से कुछ के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के अंतिम चरण में पहुंच गई है। गोयल इस बात को लेकर भी आश्वस्त थे कि इससे भारतीय निर्यातकों के लिए बेहतर अवसर पैदा होंगे और अधिक निवेश भी आएगा।पारस्परिक टैरिफ पर बातचीत करते हुए गोयल ने कहा कि ईपीसी को अपनी संरक्षणवादी मानसिकता से बाहर आना होगा और उन्हें साहसी होने और अपनी ताकत एवं आत्मविश्वास से दुनिया से निपटने के लिए तैयार होने के लिए प्रोत्साहित किया है।

अदाणी ग्रीन एनर्जी 2025-26 तक नेट वाटर पॉजिटिव बनने के लिए प्रतिबद्ध

अहमदाबाद। देश की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी ने कहा कि वह वित्त वर्ष 2025-26 में नेट वाटर पॉजिटिव होने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए कंपनी साफ पानी की अपनी खपत को घटाएगी और पानी के पुनर्चक्रण पर जोर देगी।

कंपनी वित्त वर्ष 2022-23 में ही 200 मेगावाट से अधिक क्षमता वाले परिचालन स्थानों पर पहले ही नेट वाटर पॉजिटिव बन चुकी है और उसका लक्ष्य सभी आगामी प्रोजेक्ट्स पर सौर मॉड्यूल की सफाई के लिए मीठे पानी का उपयोग बंद करने के लिए रोबोटिक सफाई को लागू करना है।नवीकरणीय ऊर्जा सेक्टर में सौर पैनल रखरखाव जैसे कार्यों के लिए पानी की काफी आवश्यकता होती है। 12.5 गीगावाट से अधिक परिचालन परिसंपत्तियों वाली देश की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी जल प्रबंधन में अग्रणी है।

वाटर सस्टेनेबिलिटी प्राप्त करने के लक्ष्य को साकार करने के लिए कंपनी के रोडमैप में वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी जैसी कई रणनीतिक पहल शामिल हैं।कंपनी ने कहा कि वह पानी के उपयोग में काफी तेजी से कमी लाई है और जल संकट से जूझ रहे खावड़ा, जैसलमेर और कच्छ जैसे क्षेत्रों में जल संसाधनों को पुनः जीवंत करने में योगदान दिया है।पिछले वर्ष कंपनी ने रोबोटिक सफाई के माध्यम से 3,47,310 किलोलीटर पानी की बचत की, जो 15.8 लाख घरों की जल खपत के बराबर है। अदाणी ग्रीन एनर्जी अपनी कुल परिचालन क्षमता में से लगभग 43.5 प्रतिशत फोटोवोल्टिक (पीवी) मॉड्यूल की सफाई के लिए रोबोटिक टेक्नोलॉजी को सफलतापूर्वक लागू कर चुका है। पीने के पानी की आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ प्लास्टिक की बोतलबंद पानी के उपयोग को खत्म करने के लिए अदाणी ग्रुप की कंपनी ने एक ऐसी ग्रीन टेक्नोलॉजी लागू की है जो हवा में नमी से पानी इकट्ठा करती है।यह इनोवेटिव सॉल्यूशन ताजा, स्वच्छ और साफ पेयजल उपलब्ध कराता है जो अंतर्राष्ट्रीय जल सुरक्षा मानकों के अनुरूप है। साथ ही प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करता है और कार्बन उत्सर्जन को कम करता है।

केंद्र ने '5जी इनोवेशन हैकाथॉन 2025' की घोषणा की

नई दिल्ली। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने सोमवार को '5त्न इनोवेशन हैकाथॉन 2025' की घोषणा की। छह महीने की अवधि वाली इस पहल का उद्देश्य सामाजिक और औद्योगिक चुनौतियों से निपटने के लिए इनोवेटिव 5जी पावर्ड सॉल्यूशन के विकास में तेजी लाना है। संचार मंत्रालय के अनुसार, छात्रों, स्टार्टअप और पेशेवरों के लिए यह कार्यक्रम मेंटरशिप, फंडिंग और 100 से अधिक 5जी यूज केस लैब तक पहुंच प्रदान करता है। इससे प्रतिभागियों को दूरदर्शी विचारों को स्केलेबल टेक्नोलॉजी में बदलने में मदद मिलती है। विजेताओं को पुरस्कार भी दिए जाएंगे, जिसमें प्रथम स्थान के लिए 5,00,000 रुपये, दूसरे स्थान के लिए 3,00,000 रुपये और तीसरे स्थान के लिए 1,50,000 रुपये तय किए गए हैं। इसके अलावा, सर्वश्रेष्ठ विचार और मोस्ट इनोवेटिव प्रोटोटाइप को भी सम्मानित किया जाएगा, जिसके लिए प्रत्येक को 50,000 रुपये मिलेंगे। दस प्रयोगशालाओं को सर्वश्रेष्ठ 5त्न उपयोग मामले के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र और उभरते संस्थान से सर्वश्रेष्ठ विचार के लिए एक प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।बेस्ट 5जी यूज केस के लिए 10 लैब्स को सर्टिफिकेट्स दिए जाएंगे।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा पत्र

पक्षकार का नाम - ममता कौर

आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202503100400198 अ-2 2024/25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका ममता कौर आ. पति गुरुदीप सिंह निवासी-कादम्बरी नगर द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुनर्निर्धारण हेतु छ.ग.भू.रा. सं. 1959 सहपठित धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
ग्राम कातुलबोड़ प.ह.न 42 तह. व जिला दुर्ग	3/730	0.0086हे. 924 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक, या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति-दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 12 मार्च 2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा पत्र

पक्षकार का नाम - जसप्रीत सिंह लूथरा

आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202503100400197 अ-2 2024/25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक जसप्रीत सिंह लूथरा आ. पति एच .एस लूथरा निवासी-कादम्बरी नगर द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुनर्निर्धारण हेतु छ.ग.भू.रा. सं. 1959 सहपठित धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
ग्राम कातुलबोड़ प.ह.न 42 तह. व जिला दुर्ग	3/734	0.0099हे. 1065.30 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक, या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति-दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 12 मार्च 2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

अनुविभागीय अधिकारी रा. दुर्ग छ.ग.
उदघोषणा

राप्रक्र आनलाइन रजिस्ट्रेशन नंबर 202503100400116 अ (2) वर्ष 2024-25

पक्षकार नाम नाम हेमिन बाई कोसले

अतएव एतद द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका हेमिन बाई कोसले आ. पति कल्याण कोसले निवासी रायपुर द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन पुर्ननिर्धारण हेतु छ.ग. भू0रा0स. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 2 5 के तहत आवेदन प्रत्र इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है ।

अनुसूची ग्राम पहन जहां आवेदित भूमि स्थित है

ग्राम रिसाली पहन 49 तहसील व जिला दुर्ग

खसरा नं 856/2

रकबा क्षेत्रफल

हेक्टेयर 0.0287

वर्गफीट 3087

प्रयोजन आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति संस्था शासकीयविभाग सार्वजनिक या अर्द्धशासकीय उपक्र को किसी प्रकार की कोई दावा आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति दावा स्वय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत करसकते है नियत कालावधि के बाद प्राप्त दावा पर कोई कोई विचार नहीं किया जावेगा

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज हिदनांक 6/3/2025 को जारी किया जाता है

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्ग जिला दुर्ग

कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर (केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रुपए लाख में)
1	165766 प्रथम आमंत्रण 07.03.2025	पुरा से छिरहा मार्ग लंबाई 1.975 कि.मी. का निर्माण कार्य।	246.84
2	165791 प्रथम आमंत्रण 07.03.2025	शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय उतरदा तहसील हरदीबाजार का नवीन भवन का निर्माण, वा.स.से.फि. एवं विद्युतीकरण निर्माण कार्य। जमा मद।	940.20
3	165792 प्रथम आमंत्रण 07.03.2025	जिला सरगुजा के पलगड़ी से इरगवां पहुंच मार्ग लं. 3.70 कि.मी. का निर्माण कार्य।	592.42
4	165793 प्रथम आमंत्रण 07.03.2025	जिला सरगुजा के विकासखण्ड मैनपाठ के पैगा के सरईकेरचा पहुंच मार्ग लंबाई 5.00 कि.मी. निर्माण कार्य।	514.66
5	165825 प्रथम आमंत्रण 10.03.2025	जिला बीजापुर ब्लाक-भैरमगढ़ के अंतर्गत फुलगट्टा से पेदापारा (शेष कार्य) तक पहुंच मार्ग लंबाई 0.00 से 6.00 = 6.00 कि.मी. निर्माण कार्य।	854.35
6	165798 प्रथम आमंत्रण 10.03.2025	जिला सरगुजा के पसेना मुख्य मार्ग बरडांड़ पारा से गंगोली गोठान होते हुए घंघरी तक मार्ग लं. 2.40 कि.मी. का निर्माण कार्य।	368.99
7	165799 द्वितीय आमंत्रण 10.03.2025	जिला रायपुर के चंदखुरी बस्ती से मुनगी पचेड़ा मार्ग का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य लं. 7.50 कि.मी.।	1821.76
8	165800 द्वितीय आमंत्रण 10.03.2025	जिला रायपुर के चंदखुरी जावा मोहंदी मार्ग का निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित लं. 5.50 कि.मी.	1334.14
9	165846 प्रथम आमंत्रण 10.03.2025	पेण्ड्रा बचरवार मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य।	209.91
10	165803 प्रथम आमंत्रण 10.03.2025	पाली से सिलतरा मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य।	233.80
11	165804 प्रथम आमंत्रण 10.03.2025	सिंघनपुर से सल्हैया मार्ग लंबाई 1.85 कि. मी. का निर्माण कार्य।	237.18
12	165805 प्रथम आमंत्रण 10.03.2025	दगौरी मुख्य मार्ग से मोहतरा पहुंच मार्ग लंबाई 2.50 कि.मी. का निर्माण कार्य।	284.43
13	165806 प्रथम आमंत्रण 10.03.2025	गोतमा से कोतासुरा मार्ग लंबाई 3.50 कि.मी. का निर्माण कार्य।	353.68
14	165829 प्रथम आमंत्रण 10.03.2025	बोडतरा सिलतरा मार्ग लंबाई 2.10 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य।	271.94
15	165842 प्रथम आमंत्रण 10.03.2025	जिला दुर्ग के चिंगरी-आलबरस मार्ग में तान्दुला नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	968.37
16	165843 प्रथम आमंत्रण 10.03.2025	जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के पड़खुरी-झिरना मार्ग के तिपान नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	310.04
17	165847 प्रथम आमंत्रण 10.03.2025	जिला जशपुर के हेटघीचा से छाताबर तक मार्ग लं. 3.65 कि.मी. का निर्माण कार्य।	433.08
18	165845 प्रथम आमंत्रण 11.03.2025	जिला बालोद के दल्ली चौक बालोद से पाररास बालोद (रेल्वे क्रांसिंग) तक (लोहारा बालोद मु.जि. मार्ग) मार्ग लंबाई 1.850 कि.मी. का पुल पुलिया सहित सौन्दर्यीकरण एवं मार्ग विभाजक का निर्माण कार्य।	740.79
19	165849 प्रथम आमंत्रण 11.03.2025	जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (वास्त. जिला महासमुंद) के ग्राम अरेकेल-कुड़ेकेल मार्ग के सुरंगी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	454.57

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 07 से सं.क्र. 08 दिनांक 28.03.2025, सं.क्र. 06 दिनांक 01.04.2025 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 02.04.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

जी- 242505998/6

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग छ.ग.
ईश्तहार

राप्रक्र 17 अ 20 1 वर्ष 2024-25

आवेदक दुलार सिंह भारदीय आ स्व सेवक प्रसाद निवासी मोतीपारा दुर्ग शारदा टाकीज के पीछे गली द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नूजल भूमि शीट क्र 35 अ प्लाट नं 166 रकबा 354 वर्गमीटर भूमि धारकगण राजेन्द्र एवं अन्य के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है आवेदक के पिता सहधारक सेवक प्रसाद की मृत्यु दिनांक 11.5.1982 को हो चुकी है मृतक सहधारक स्व सेवक प्रसाद के वारिसान उनके पुत्र पोषण सिंह , गोवर्धन फूलसिंह दुलारसिंह पारखसिंह है जिसमें से पोषण सिंह गोवर्धन फूलसिंह पारखसिंह की भी मृत्यु हो चुकी है आवेदक द्वारामृतक सहधारक सेवक प्रसाद के स्थान पर सभीविधिक वारिसानों सहित स्वयं कानाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 2/4/25को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वत या किसी व्यक्ति अथवाअधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखंडसंबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा कराया जावे निर्धारित तिथि उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज हिदनांक 12/3/2025 को जारी किया जाता है

नजूल जांच अधिकारी दुर्ग

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग छ.ग.
ईश्तहार

राप्रक्र 16 अ (20) 1 वर्ष 2024-25

आवेदक अशोक कुमार भारदीय आ स्व पोषण सिंह निवासी मोतीपारा दुर्ग शारदा टाकीज के पीछे गली द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नूजल भूमि शीट क्र 45 अ प्लाट नं 166 रकबा 354 वर्गमीटर भूमि धारकगण राजेन्द्र एवं अन्य के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है आवेदक के दादा सहधारक सेवक प्रसाद की मृत्यु दिनांक 11.5.1982 को हो चुकी है मृतक सहधारक स्व सेवक प्रसाद के वारिसान उनके पुत्र पोषण सिंह , गोवर्धन फूलसिंह दुलारसिंह पारखसिंह है जिसमें से पोषण सिंह की मृत्यु दिनांक 25.9.1999 को तथा अन्य पुत्र गोवर्धन फूलसिंह पारखसिंह की भी मृत्यु हो चुकी है मृतक पोषण सिंह के वारिसान उनकी पत्नी राधा बाई पुत्र वामन अशोक कुमार योगेश कुमार प्रमोदपुत्री सरिता है मृतक सहधारक के अन्य मृत पुत्रों

गोवर्धन फूलसिंह पारखसिंह नाम भीनाम दर्ज होना शेष है आवेदक द्वारा मृतक वारिसान पोषणसिंह के सभी वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसकाप्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 2/4/25को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वत या किसी व्यक्ति अथवाअधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखंडसंबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा कराया जावे निर्धारित तिथि उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज हिदनांक 12/3/2025 को जारी किया जाता है

नजूल जांच अधिकारी दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग छ.ग.
उदघोषणा

राप्रक्र 202503103000033 अ (6) वर्ष 2024-25

अतएव एतद द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेघनाथ सिन्हा पिता दुखुराम सिन्हा उम्र 62 वर्ष पता ग्राम भोथली तह व जिला राजनांदगांव हाल मुकाम शास्त्री नगर केम्प 2 सुपेला भिलाई तह व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदक के पुत्र स्व श्री खिलेश कुमार सिन्हा पिता मेघनाथ सिन्हा के नाम पर मौजा उमरपेटी पहन 52 खसरा नं 224/78रकबा 0.0154 हे रानिम उतई कृषि भूमि शास राजस्वअभिलेखों में दर्ज है आवेदक के पुत्र स्व खिलेश कुमार सिन्हा ने उक्त भूमि को अपने जीवनकाल में क्रय किया था आवेदक के पुत्र स्व खिलेश कुमार सिन्हा की आकस्मिक मृत्यु दिनांक 27-5-2024 को हो गयी है आवेदक की पत्नी अर्थात स्व खिलेश कुमार सिन्हा की माता स्व श्रीमति मिलापाबाई कानिधन भी दिनाक 7 /4 /2021 को होगयी है स्वखिलेश कुमारसिन्हा अपने जीवनकाल में अविवाहित था आवेदक ही अपने पुत्र स्व खिलेश कुमारसिन्हा का एकमात्र उत्तराधिकारी है अन्यकोई वारिसान नहीं है राजस्व अभिलेखसेस्व खिलेश कुमार सिन्हाका नाम विलोपितकरआवेदक का नाम दर्ज किएजाने आवेदन न्यायनलय के समक्ष प्रस्तुत कियाहै

अतएव इस संबंध मेंजिसकिसी व्यक्ति अथवा अथवा संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21/3/25को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वत या किसी व्यक्ति अथवाअधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखंडसंबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा कराया जावे निर्धारित तिथि उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज हिदनांक 6/3/2025 को जारी किया जाता है

अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग छ.ग.

कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक - 07
निविदा आमंत्रण सूचना
प्रथम निविदा

क्रमांक 71/ जोन क्र.-07/न.पा.नि./2025 रायपुर, दिनांक 13.03.2025

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु छ.ग. शासन लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीकृत ठेकेदारों से कम/अधिक प्रतिशत दर में लो.नि.वि. में प्रभावशील (भवन/सड़क) (SOR 01.01.2015) लो.स्वा.यां. विभाग, से प्रभावशील (SOR 07.02.2013) एवं (SOR 01.06.2020) एवं आज दिनांक तक संशोधित दर अनुसार निर्धारित विहित प्रपत्र में पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति से नियमानुसार सीलबंद निविदाएं जोन आयुक्त, जोन क्रमांक 07, नगर पालिक निगम, रायपुर के पते पर आमंत्रित की जाती है। कार्य की अमानत राशि का एफ.डी.आर. आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से मान्य होगा एवं मूल एफ.डी.आर. एवं शपथ पत्र के साथ एक छायाप्रति भी संलग्न करें। निविदा का विवरण निम्नानुसार है ।

01. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि दिनांक 03/04/2025 संध्या 5.30 बजे तक।
02. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 07/04/2025 संध्या 5.00 बजे तक।
03. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि दिनांक 07/04/2025 संध्या 5.30 बजे तक

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य विवरण फार्म	निविदा राशि	आगणित प्रपत्र का मूल्य	अमानती राशि	निविदा श्रेणी	ठेकेदार की वधि	समया
1	जोन क्रमांक 07 अंतर्गत जल प्रदाय शाखा हेतु विभिन्न जी.आई. सामग्री क्रय करने की कार्य	A/B	350000	3500	750	लो.नि.वि. में एकल पद्धति में 'डी' श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/ फर्म	60 दिन
2	स्वामी आत्मानंद वार्ड क्रमांक 38 अंतर्गत समता-चौबे कालोनी आंतरिक मार्गों में सी.सी. रोड नाली एवं पेंच मरम्मत कार्य।	A/B	300000	3000	750		60 दिन
3	जोन क्रमांक 07 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में चेम्बर मरम्मत कार्य।	A/B	200000	2000	300		60 दिन
4	शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्र. 23 अंतर्गत मोतीलाल नगर में सी.सी. पेंच मरम्मत का कार्य।	A/B	170000	2000	300		60 दिन
5	शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्र. 23 अंतर्गत कृष्णा नगर एवं सिद्धेश्वरी नगर में नाली एवं पुलिया मरम्मत का कार्य।	A/B	169000	2000	300		60 दिन
6	तात्यापारा वार्ड क्रमांक 27 अंतर्गत बढ़ईपारा एवं रामसागर पारा में नाली एवं पुलिया मरम्मत का कार्य।	A/B	173000	2000	300		60 दिन
7	तात्यापारा वार्ड क्र. 37 अंतर्गत हाण्डीपारा में सी.सी. पेंच मरम्मत का कार्य।	A/B	166000	2000	300		60 दिन
8	वार्ड क्रमांक 22,23,24,25,36,37 एवं 38 में स्वच्छता सर्वेक्षण एवं वाल पेटिंग का कार्य।	A/B	200000	2000	300		60 दिन

नियम एवं शर्तें :- (भाग 1)

01. निविदा संबंधित समस्त दस्तावेज तीन लिफाफा पद्धति पर आमंत्रित होकर तदनुसार ही प्रस्तुत की जानी होगी। **प्रथम लिफाफा** में राष्ट्रीयकृत बैंक की ई.एम.डी./शपथ पत्र/ एवं समस्त दस्तावेज **दूसरे लिफाफे** में सिर्फ निविदा प्रपत्र सील बंद कर **दोनों लिफाफों को तीसरे लिफाफे** में सीलबंद कर निविदा रजिस्टर्ड/ स्पीड पोस्ट द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करना होगा। 02. निविदा संबंधी समस्त अधिकार आयुक्त नगर निगम पालिक निगम को होगा। विस्तृत जानकारी जोन कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 03. जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। 04. GST 05. GST Rl. Last 3 month 6. ITR last 3 years 7. Bank Solvency Certificate 08. Pan Card संबधी दस्तावेज भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

नियम एवं शर्तें :- (भाग 2)

1 नये पंजीकृत ठेकेदार/ फर्म हेतु GST Reg. तिथि के अनुसार GST Return last Month का देना होगा।
2 नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म पंजीयन तिथि के अनुसार I.T.R. एक साल का मान्य होगा।
3 निविदा फार्म कार्यालय से उपलब्ध होगी। शेष नियम एवं शर्थे यथावत रहेगी।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक 07
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग जगदलपुर जिला बस्तर
मैनुअल निविदा सूचना

दूरभाष नम्बर 07782-222865 ई-मेल आईडी- eeresjagdalpur@gmail.com

क्रमांक/859/व.ले.लि./ग्रायांसेवा/2024-25 जगदलपुर, दिनांक 18/03/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु प्रथम बार मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रुपए लाख में)	निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि
1	प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला बोड़नपाल-2 में आहता निर्माण विकासखण्ड बस्तर	13.12	03.04.2025
2	पूर्व माध्यमिक शाला कोलेबेड़ा में आहता निर्माण विकासखण्ड बस्तर	13.12	03.04.2025

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों के निविदा की संबंधी शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट https://res.cg.gov.in से भी दिनांक 25.03.2025 के पश्चात डाउनलोड की जा सकती है।

जी-242506015/3

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग जगदलपुर

राज्य सरकार को मिला 11 हजार 581 करोड़ का खनिज राजस्व

■ खनिज क्षेत्र में पारदर्शिता और नवाचार का नया अध्याय

■ 44 खनिज ब्लॉकों की सफल ई-नीलामी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पारदर्शी खनन नीति, ई-नीलामी, डिजिटल निगरानी और पर्यावरण-संवेदनशील खनन रणनीतियों को अपनाकर प्रदेश के आर्थिक और औद्योगिक विकास को नए आयाम दिए हैं। खनिज संसाधनों के सुव्यवस्थित उत्खनन के चलते बीते वर्षों में छत्तीसगढ़ के खनिज राजस्व में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है. राज्य के गठन के समय की तुलना में खनिज राजस्व में 30 गुना वृद्धि हुई है, जो 2023-24 में 13,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया और 2024-25 में अप्रैल से फरवरी तक ही 11,581 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया जा चुका है। यह पारदर्शी खनन नीति और प्रभावी प्रशासन का परिणाम है. अब तक 44 खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी सफलतापूर्वक की जा चुकी है, जिसमें अब तक चूना पत्थर के 14, लौह अयस्क के 9, बॉक्साइट के 11, स्वर्ण के 3, निकल, क्रोमियम के 2, ग्रेफाइट के 2, ग्लूकोनाइट के 2 और लिथियम के 1 खनिज ब्लाक की निलामी की गई है।

सफलतापूर्वक नीलामी

भारत सरकार द्वारा देश के आर्थिक एवं सामरिक विकास को ध्यान में रखते हुए क्रिटिकल एवं सामरिक महत्व के खनिजों के लिए राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन की घोषणा जनवरी, 2025 में की गई है. इस के अनुरूप प्रदेश में विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 से ही क्रिटिकल एवं सामरिक महत्व के खनिजों के अन्वेषण / खोज पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसके तहत 56 अन्वेषण परियोजनाओं में से 31 परियोजनाओं अंतर्गत क्रिटिकल एवं डीप सीटेड मिनरल्स पर कार्य किये जा रहे है।

प्रदेश में अब तक 10 क्रिटिकल एवं डीप सीटेड मिनरल्स ब्लॉक्स जिसमें लिथियम का 1, स्वर्ण का 3, निकल, क्रोमियम का 2, ग्रेफाइट का 2 ग्लूकोनाइट के 2 मिनरल ब्लॉक की नीलामी की गई है।

देश में पहली बार खनिज लिथियम ब्लॉक की सफलतापूर्वक नीलामी की कार्यवाही भारत सरकार द्वारा की गई है जिसके तहत् जिला कोरबा के कटघोरा लिथियम ब्लॉक को मेसर्स साउथ मायकी मायनिंग कंपनी को 76 प्रतिशत प्रीमियम राशि पर आबंटित किया गया है। राज्य के सुकमा एवं कोरबा जिले में भी लिथियम अन्वेषण कार्य किया जा रहा है जिसमें लिथियम के भण्डार पाये जाने की पूर्ण संभावना है।

खनिज राजस्व से सामाजिक विकास और बुनियादी सुविधाओं में निवेश

खनिज राजस्व का एक बड़ा हिस्सा प्रदेश के सामाजिक विकास में निवेश किया जा रहा है. जिला खनिज संस्थान न्यास के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 1,673 करोड़ रुपये की निधि प्राप्त हुई है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और कौशल विकास सहित 9,362 विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। इससे खनन प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में महत्वपूर्ण सुधार हो रहा है।

खनिज अन्वेषण कार्यों का विस्तार और नई परियोजनाएं

राज्य सरकार ने चूना पत्थर, बॉक्साइट, लौह अयस्क और ग्रेफाइट सहित कुल 13 खनिज परियोजनाओं में अन्वेषण कार्य शुरू किया है. प्रारंभिक सर्वेक्षणों में चूना पत्थर के 283 मिलियन टन, लौह अयस्क के 67 मिलियन टन और बॉक्साइट के 3 लाख टन भंडार का अनुमान लगाया गया है। स्वर्ण, ग्रेफाइट और ग्लूकोनाइट जैसे खनिजों की खोज भी की जा रही है, जिससे राज्य के खनन क्षेत्र को और मजबूती मिलेगी. इसके अलावा, सूरजपुर जिले के जाजावल क्षेत्र में यूरेनियम ब्लॉक के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है. कोल बेड मीथेन पूर्ववर्ती कोरिया जिले में वेदांता लिमि. एवं ऑईलमैक्स को पेट्रोलियम अन्वेषण लायसेंस स्वीकृत किया गया है.

पर्यावरण संतुलन और पारदर्शी निगरानी

पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए खनन क्षेत्र को अधिक पारदर्शी और वैज्ञानिक रूप से संचालित करने के लिए सरकार ने कई नई पहल की हैं. सेटेलाइट इमेजरी और माइनिंग सर्विलियेंस सिस्टम के माध्यम से अवैध खनन की निगरानी की जा रही है. गौण खनिज खानों में सुव्यवस्थित और वैज्ञानिक पद्धति से खनन को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है. राज्य सरकार बेहतर कार्य करने वाले पट्टेधारियों को 'स्टार रेटिंग' प्रणाली के तहत प्रोत्साहित कर रही है।

बैलाडीला लौह अयस्क मजबूत स्तंभ

बैलाडीला क्षेत्र भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क भंडारों में से एक है। यहां तीन नए लौह अयस्क ब्लॉकों की ई-नीलामी प्रक्रिया जारी है, जिसे मार्च 2025 तक पूरा किया जाएगा। इसके अलावा कांकेर जिले के हाहालद्दी लौह अयस्क खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है।

संक्षिप्त खबरें

अनियंत्रित होकर बस पलटी, 35 घायल, अस्पताल में कराया भर्ती

जांजगीर/नवप्रदेश। शिवरीनारायण से बिलासपुर जा रही बस लोहर्सी गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में बस में सवार 50 सवारों में से 35 सवार घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद मचे कोहराम के बीच ग्रामीणों ने बस में सवार लोगों को बाहर निकालने में जुट गए। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के जवान भी मौके पर जुट गए थे, जिन्होंने घायलों को अस्पताल भेजना शुरू किया. सभी घायलों को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया।

मंत्री राजवाड़े के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, जनपद अध्यक्ष पति गिरफ्तार

सूरजपुर/नवप्रदेश। जनपद पंचायत भैयाथान की अध्यक्ष सुलोचनी पैकरा के पति मैनेजर पैकरा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उन पर यह कार्रवाई मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने पर की गई है। दरअसल, कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें मैनेजर पैकरा मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करते नजर आए. इस वीडियो के सामने आने के बाद भटगांव मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचकर उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. शिकायत के आधार पर भटगांव पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मैनेजर पैकरा को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

धर्मजयगढ़ वन मंडल में हाथी के शावक की मौत, टीम पहुंची

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में हाथी के शावक की मौत का मामला सामने आया है। धर्मजयगढ़ वन मंडल में हाथी शावक की तलाब में डूबकर मौत हो गई। घटना से वन विभाग में हड़कंप मच गया। यह घटना सोमवार रात की बताई जा रही है। सूचना पर वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंच गए हैं। मृत शावक को तलाब से निकालने की कोशिश की जा रही है। क्षेत्र में पिछले कुछ समय से हाथियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिसके साथ शावकों की संख्या भी दोगुनी हो गई है। वन विभाग ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है। वहीं स्थानीय लोगों को हाथियों के बढ़ते मूवमेंट को लेकर सतर्क रहने की अपील की गई है।

राष्ट्रव्यापी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आंकलन परीक्षा 23 को

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आंकलन परीक्षा का आयोजन 23 मार्च 2025, रविवार को किया जाएगा। यह परीक्षा सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक देशभर के 18,057 डींआईएसई पंजीकृत स्कूलों में आयोजित होगी। इस महापरीक्षा अभियान में 5 लाख से अधिक शिक्षार्थी शामिल होंगे. परीक्षा का आयोजन शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है, जबकि स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा सफल शिक्षार्थियों को ऑनलाइन प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला शिक्षा अधिकारियों की ऑनलाइन तथा जिला परियोजना अधिकारियों और नोडल अधिकारियों का राज्य स्तर पर उन्मुखीकरण किया गया है। इस संबंध में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश प्रदान किए गए है। इस परीक्षा के माध्यम से शिक्षा से वंचित लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा. प्रत्येक जिले में मॉनिटरिंग दल गठित कर परीक्षा की निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।

रोजगार और शिक्षा के अभाव में देवार-नट खा रहे दर-दर की ठोकरें

■ दूसरे राज्यों में नृत्य कर गुजर-बसर करने की मजबूरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मुख्यधारा से वंचित समाज के लिए रोजी-मजदूरी का दूसरा कोई साधन नहीं है, इसलिए मजबूरी में दूसरे राज्य जाकर नृत्य का काम करते हैं, जिससे देवार-नट समाज के लोगों का गुजर-बसर होता है। बिहार के रोहतास जिले के नटवार क्षेत्र से पकड़ी गई 41 नाबालिग लड़कियों से जुड़ा यह मामला मुंगेली जिले से भी संबंध रखता है, क्योंकि पकड़ी गईं लड़कियों में कुछ मुंगेली से भी हैं।

मजबूरी बन गई ज़रूरी

हम जिन लोगों की बात कर रहे हैं, वे समाज की मुख्यधारा से कोसों दूर हैं। बदतर जीवन जी रहे इन लोगों के लिए नृत्य करना मुख्य परंपरा है। वे कहते हैं कि आय का कोई दूसरा स्त्रोत नहीं है, इसलिए मजबूरी में इस काम को कर रहे हैं। फिर भी, समस्याओं से ग्रसित जीवन बसर कर रहे हैं।

आधुनिक युग में भी ये लोग आदिम जैसी जिंदगी जीने को मजबूर हैं। गरीबी से ग्रसित, टूटे-फूटे मकान, कपड़ों से बने दरवाजे, गंदगी के बीच जीवन यापनज यह कोई और नहीं बल्कि हमारे अपने समाज के ही लोग हैं। इन्हें वोट डालने का अधिकार तो मिला है, लेकिन इनका आरोप है कि शासकीय योजनाओं का लाभ जैसे मिलना चाहिए, वैसे नहीं मिल रहा है।

क्या है बेबसी! : मुंगेली जिले के सरगांव थाना क्षेत्र के देवारपारा में रहने वाले देवार और नट जाति के लोग बदतर जीवन जीने को मजबूर हैं। ये समाज की मुख्यधारा से कोसों दूर हैं और आधुनिकता के इस दौर में भी बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मामला तब सामने आया जब बिहार राज्य के रोहतास जिले के नटवार क्षेत्र के रेड-लाइट एरिया में छत्तीसगढ़ की 41 नाबालिग लड़कियों को दस्तयाब किया गया। इनमें से कुछ मुंगेली जिले के सरगांव की रहने वाली थीं। परिजनों से इस विषय पर जानकारी लेने के लिए परिजनों ने बताया कि उनके समाज की लगभग 6-7 महिलाएं डांस के लिए अन्य राज्यों में जाती हैं और अपने बच्चों को भी सिखाने के लिए साथ ले जाती हैं।

बिहार में पकड़ी गई लड़कियां इन्हीं महिलाओं के बच्चे थे, जबकि महिलाओं को छोड़ दिया गया। अब डर की वजह से महिलाएं घर वापस नहीं आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस उन्हें गलत साबित कर रही है, जबकि ऐसा कुछ नहीं है। उनका कहना है कि नृत्य करना उनकी परंपरा रही है और आय का कोई दूसरा साधन नहीं होने के कारण वे सालों से ठेकेदारों के माध्यम से अन्य राज्यों में जाकर कमाई कर रहे हैं। इन लोगों को रोज़ के हिसाब से 300 रुपये दिए जाते हैं, जिन्हें कई महीनों तक जोड़कर वे त्योहारों में घर लौटते हैं और अपनी जरूरतें पूरी करते हैं। बिहार में हुई कार्रवाई को लेकर मुंगेली पुलिस ने पुष्टि की है कि सरगांव की 2 लड़कियां इस मामले में शामिल थीं।

उत्थान के लिए हर वर्ग को आगे आना होगा?

बेहद पिछड़ी हुई इस जाति के उत्थान के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। इनकी दिनचर्या में सुधार लाने के लिए सरकार को सख्त कदम उठाने होंगे और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विशेष पहल करनी होगी। तथाकथित नेता वोट के लिए तो इनका इस्तेमाल कर लेते हैं, लेकिन शासकीय योजनाओं से इन्हें दूर रखा जाता है। इसी कारण यह समाज लगातार पिछड़ता जा रहा है और जीविका के लिए पलायन को मजबूर हो रहा है।

नृत्य के नाम पर झांसा

इस मामले की हकीकत जानने के लिए लोगों से हुई बातचीत में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। यहां शिक्षा की भारी कमी और आय का कोई अन्य साधन न होने के कारण भीख मांगना, कबाड़ इकट्ठा करना और नृत्य करना इन लोगों की मजबूरी बन गई है। महिलाएं अपने बच्चों को लेकर अन्य राज्यों में चली जाती हैं और कई महीनों तक डांस ऑर्केस्ट्रा में काम करके अपनी कमाई लेकर लौटती हैं।यहां रहने वाले लोगों ने बताया कि अधिकांश लोगों के आधार कार्ड, राशन कार्ड जैसे आवश्यक दस्तावेज नहीं बने हैं, जिसके कारण वे सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों ने बताया कि उनकी जाति के बच्चों के साथ भेदभाव किया जाता है।

अमित कटारिया के नाम पर सरकारी डॉक्टर कर्मचारियों से लाखों की वसूली

एसपी से हुई शिकायत

कवर्धा। स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया का पर्सनल सेक्रेटरी बताते हुए जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ डॉक्टरों और कर्मचारियों से अवैध वसूली का मामला सामने आया है. मामले में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की ओर से सीएमएचओ के साथ पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत की है। मामला एक-दो नहीं बल्कि जिले के 30 से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ डॉक्टर या कर्मचारियों से जुड़ा हुआ है. बताया जा रहा है कि इन डॉक्टरों और कर्मचारियों से बीते चार महीने के दौरान लाखों की अवैध वसूली की गई है। घटना की चर्चा एक-दूसरे से करने के बाद लोगों को इसके पीछे सिंडिकेट होने का अहसास हुआ, जिसके बाद छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले औपचारिक तौर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और पुलिस अधीक्षक के पास शिकायत दर्ज कराई गई है।

घटना के संबंध में जब स्वास्थ्य विभाग के सचिव आईएएस अमित कटारिया से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने इस किसी तरह की टिप्पणी करने से इंकार कर दिया।

तह तक पहुंचेगी पुलिस?

जानकार मानते हैं कि अवैध वसूली की भले ही सीएमएचओ और पुलिस महकमे में की गई है, लेकिन इसमें कार्रवाई होने की संभावना शून्य है। इसके पीछे कई वजहें हैं, उनमें से पहला जिनसे वसूली की गई है, उनकी कमजोरी से वसूली करने वाले सिंडिकेट के सदस्य भली-भांति वाकिफ हैं। दूसरा स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया की पहचान एक ईमानदार आईएएस अधिकारी के तौर पर है, लिहाजा उन तक जांच की आंच भी नहीं पहुंच पाएगी।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह से मिले सीएम साय

■ नई पुनर्वास और आत्मसमर्पण नीति की से कराया अवगत

■ बस्तर के विकास को मिल रही नई दिशा: सीएम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलवाद अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। सरकार की सख्त नीतियों और सुरक्षा बलों की प्रभावी रणनीति के चलते नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति लौट रही है। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म करने, बस्तर के विकास को तेज करने और पर्यटन व आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को अवगत कराया कि नक्सलवाद अब अपने आखिरी पड़ाव पर है और सरकार इसे पूरी तरह खत्म करने के लिए निर्णायक कदम उठा रही है। राज्य और केंद्र के संयुक्त प्रयासों से नक्सली संगठनों की पकड़ कमजोर हो चुकी है। अब अंतिम चरण की रणनीति तैयार कर बस्तर को स्थायी शांति की ओर ले जाने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की नई आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति-2025 का असर दिखने लगा है। हाल ही में बीजापुर जिले में 9 ईनामी नक्सलियों समेत कुल 19 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को सरकार द्वारा आर्थिक सहायता और पुनर्वास योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, ताकि वे समाज में सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें। बैठक में बस्तर में विकास कार्यों को तेज करने पर विशेष ध्यान दिया गया।

पर्यटन को बढ़ावा देने की योजनाओं पर चर्चा

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और जल जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत कर रही है। बस्तर के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कौशल विकास, स्वरोजगार और नए रोजगार के अवसर तैयार किए जा रहे हैं। सरकार का लक्ष्य है कि बस्तर सिर्फ संघर्ष की भूमि न रहकर शाति, विकास और संभावनाओं का नया केंद्र बने। इस दौरान बस्तर के समृद्ध सांस्कृतिक और प्राकृतिक सौंदर्य को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए पर्यटन को बढ़ावा देने की योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

मशक्कत... स्वच्छता सर्वेक्षण में इस बार भी बेहतर रैंकिंग की बंधी उम्मीद

होली के दौरान चार टन कचरा निकाला, सुधरी सफाई व्यवस्था

खैरागढ़/नवप्रदेश। होली पर्व के दौरान शहर मे दो दिन मे ही इकटठे हूए चार टन से अधिक कचरा समेटने पालिका के सफाई कर्मियों को मशक्कत करनी पड़ी । होली पर्व के दौरान तीन दिन शहर मे जमकर बाजार दमका । इस दौरान होली के रंगो, पिचकारी,सहित अन्य सामानो की दुकानें जगह जगह सजी। पर्व के दौरान बिक्री के बाद दुकानों सहित अन्य दुकानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और घरों से निकले कचरो के ढेर की सफाई के लिए पालिका की स्वच्छता विभाग ने रविवार से अभियान शुरू किया। अभियान के तहत शहर के व्यावसायिक इलाकों, गोलबाजार, बख्शीमार्ग, टैम्पो चौक, मस्जिद चौक, अस्पताल चौक, ईतवारीबाजार, सब्जी मार्केट जैसे इलाको से कचरा निकालने स्वच्छता कर्मियों की तैनाती की गई। आम दिनों में रोजाना निकलने वाले कचरे की बजाय होली पर्व पर दो दिन में ही तीन गुना अधिक कचरा समेटने में पालिका के स्वच्दता कर्मियों को दो दिन लग गए। इस दौरान प्लास्टिक, रद्दी, दुकानो के सामानों की पैकिंग वाले बेग फलों के बेग सहित अन्य कचरे ज्यादा निकले । पालिका कर्मचारियो ने दो दिन में मशक्कत के बाद होली पर्व के दौरान निकले कचरों की सफाई की । सोमवार को होली पर्व की सफाई पूरी होने के बाद शहर सफाई व्यवस्था फिर से पटरी पर आ गई ।

चार टन से अधिक कचरा उठाया

होली पर्व पर हूए कचरे के निपटान के लिए पालिका के सफाई कर्मियों की मशक्कत रंग लाई । दो दिन की मेहनत के बाद आखिरकार शहर भर से चार टन से अधिक कचरे का निपटान किया गया । इस दौरान सफाई कर्मी होली पर्व पर मिले एक दिन के अवकाश के बाद ही काम पर जुटे और शहर का कचरा समेटा। दो दिन चली सफाई के बाद कर्मचारी नाली सफाई, सड़क सफाई, मुख्य मार्गो की सफाई मे जुट गए। बाजार इलाकों, व्यावसायिक इलाकों में भी सफाई व्यवस्था सोमवार से पटरी पर आ गई।

स्वच्छता सर्वेक्षण कार्य पूरा

इधर होली के पहले ही शहर की स्वच्छता मापने पहुँची तीन सदस्यीय दल ने शहर मे स्वच्छता सर्वेक्षण कार्य पूरा किया । स्वच्छता सर्वेक्षण मे शहर की सडको सफाई, नाली सफाई , शौचालयो की व्यवस्था सहित अन्य शामिल किए गए कार्यो का तीन दिन सर्वेक्षण किया । पिछले साल हुए स्वच्छता सर्वेक्षण मे नगरपालिका को प्रदेश के पहले 21 पालिकाओं मे स्थान मिला था । इस बार भी सर्वेक्षण के लिए पहुँची तीन सदस्यीय दल को व्यवस्था और सफाई कार्य चाकचौबंद मिला । इसके बाद पालिका को स्वच्छता सर्वेक्षण मे इस साल भी बेहतर और अच्छी रैंकिंग की उम्मीद बढ़ गई है । सर्वेक्षण दल ने नियमित नाली सफाई, सडक़ सफाई की व्यवस्था को बेहतर माना है । पालिका मे अतिरिक्त व्यवस्था बनाकर हो रही रोजाना सफाई से सर्वेक्षण मे पालिका को अच्छे नंबर मिलने की उम्मीद बढ़ गई है । स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणाम माह भर बाद जारी होंगे ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com